CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17° C
न्यूनतम : 12° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 81 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 | 20 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



किसानों को त्वरित राहत के निर्देश, क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी: योगी पेज 2



ऑरेंज कैप और पर्पल कैप पर आरआर के खिलाड़ियों का कब्जा खेल टाइम्स



सीजफायर नहीं, कूटनीति की जीत का ऐलान सम्पादकीय



अमेरिका का ईरानी शांति योजना स्वीकार करना युद्ध में जीत: ईरानी सुरक्षा परिषद पेज 12

# ईरान के आगे सुपरपावर ने किया सीजफायर

## अमेरिका-ईरान के बीच दो हफ्ते का युद्धविराम, अमेरिका 1975 में वियतनाम से भी हारा था युद्ध, 2021 में अफगानिस्तान से भी भागी थी यूएस आर्मी

- खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ संघर्ष 40 दिनों के बाद युद्धविराम पर पहुंचा
- अमेरिका-ईरान 10 अप्रैल से अंतिम रूप देने के लिए इस्लामाबाद में शांति वार्ता करेंगे
- ईरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा: अराघची
- पाक पीएम व सेना प्रमुख आसिम मुनीर से वार्ता के बाद लिया ट्रम्प ने फैसला

**वाशिंगटन/तेहरान, वार्ता**

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष 40 दिन के बाद युद्धविराम पर पहुंच गया है। इजरायल ने भी ईरान के साथ युद्धविराम पर सहमति जताई है, लेकिन इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह भी कहा है कि वह लेबनान में अपना सैन्य अभियान जारी रखेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन के समयानुसार शाम 6:32 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 4:02 बजे) अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि वह ईरान पर नियोजित सैन्य हमलों को दो सप्ताह की अवधि के लिए स्थगित कर देंगे। दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने भी कुछ घंटे बाद युद्धविराम की पुष्टि करते हुए कहा कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। युद्धविराम की मध्यस्थता की पहल करने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी दो सप्ताह के युद्धविराम की पुष्टि करते हुए कहा कि अमेरिका और ईरान 10 अप्रैल से इसे अंतिम रूप देने के लिए शांति वार्ता करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि प्रस्तावित सैन्य हमलों को दो सप्ताह के लिए स्थगित किया जा रहा है, ताकि वार्ता आगे बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह दोनों पक्षों का युद्धविराम होगा और अमेरिका अपने सैन्य उद्देश्यों को पहले ही हासिल कर चुका है। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ हुई बातचीत के आधार पर और इस शर्त पर कि इस्लामिक गणराज्य ईरान 'होर्मुज स्ट्रेट' को पूरी तरह, तत्काल और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत हो जाए, मैं दो सप्ताह की अवधि के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को स्थगित करने पर सहमत हूं। उन्होंने बताया कि यह निर्णय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के साथ बातचीत के बाद लिया गया, जिन्होंने संयम बरतने की अपील की थी। ट्रम्प ने कहा कि युद्धविराम इस शर्त पर आधारित है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित -शेष पृष्ठ दो पर



### ईरानी ऑयल रिफाइनरी पर सीजफायर के बाद भी हमला, ईरान का कुवैत में अटैक

**तेल अवीव/ तेहरान/ वाशिंगटन।** ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को ईरान के लवन आइलैंड की तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। लोकल समय के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। इस बीच कुवैत ने भी दावा किया कि सीजफायर के बावजूद ईरान की ओर से ड्रोन हमला किया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रलय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी के मुताबिक, सुबह से अब तक 28 ईरानी ड्रोन इंटरसेप्ट (मार गिराए) गए हैं। अल-ओतैबी के अनुसार, कुछ ड्रोन देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंचे और अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इन ठिकानों में तेल के बड़े प्लांट, बिजली घर और पानी के डीसैलिनेशन प्लांट शामिल हैं, जिनसे जुड़ी सुविधाओं को नुकसान हुआ है।

### युद्धविराम विश्व शांति के लिए बड़ा दिन: ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम को विश्व शांति के लिए एक बड़ा दिन बताया और कहा कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसा चाहता है, क्योंकि वे तंग आ चुके हैं।

इसी तरह बाकी सभी भी तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट में यातायात बढ़ाने में मदद करेगा और कई सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खूब पैसा बनाया जाएगा और ईरान पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू कर सकता है। ट्रम्प ने कहा कि हम हर तरह की आपूर्ति लेकर आएंगे और यहीं आसपास मंडराते रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सब कुछ ठीक चल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सब कुछ ठीक चलेगा। ट्रम्प ने कहा कि यह अमेरिका की तरह पश्चिम एशिया का स्वर्ण युग हो सकता है।

### ईरान-अमेरिका युद्धविराम की 10 शर्तें

**तेहरान।** ईरानी सरकारी मीडिया ने समझौते के लिए एक 10-सूत्रीय प्रस्ताव का विवरण दिया है, जो आगामी वार्ता का आधार बनेगा।

1.अमेरिका ईरान के खिलाफ आगे कोई सैन्य आक्रमण नहीं होगा।

2. होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा।

3.यूरेनियम संवर्धन के ईरान के अधिकार को स्वीकार किया जाएगा।

4. ईरान पर अमेरिका के सभी प्राथमिक और माध्यमिक प्रतिबंध हटाए जाएंगे।

5. ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी प्रस्तावों को समाप्त किया जाएगा।

6. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रस्तावों को रद्द किया जाएगा।

7. युद्ध से हुए नुकसान के लिए ईरान को मुआवजे का भुगतान किया जाएगा।

8. क्षेत्र से अमेरिकी लड़ाकू बलों की वापसी होगी।

9.क्षेत्र में ईरान समर्थित समूहों पर हमले बंद किए जाएंगे।

10. इस प्रस्ताव में वित्तीय मुआवजा और नागरिक परमाणु कार्यक्रम की मान्यता के बदले परमाणु हथियार न बनाने की ईरान की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

### भारत ने किया युद्धविराम का स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर बुधवार को एक वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि भारत पहले से ही इस विवाद के संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर देता रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि हम युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हम पहले भी लगातार कहते रहे हैं, तनाव में कमी, संवाद और कूटनीति ही संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए आवश्यक हैं। इस संघर्ष ने पहले ही लोगों को अत्यधिक कष्ट पहुंचाया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापारिक नेटवर्क को बाधित किया है।

### भारत की ईरान में रहने वाले अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के मद्देनजर ईरान में रह रहे अपने नागरिकों से दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए जल्द से जल्द देश से बाहर निकालने की अपील की है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने इस संबंध में जारी परामर्श को बुधवार को एक बार फिर जारी करते हुए भारतीय नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी है। दूतावास ने परामर्श में कहा है, सात अप्रैल की सलाह के क्रम में और हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे दूतावास के साथ समन्वय करके और दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए यथाशीघ्र ईरान से बाहर निकल जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का निधन

**नोएडा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के चार बजे नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को बुधवार दोपहर तीन बजे उनके नोएडा स्थित आवास (सेक्टर-40) से अंतिम यात्रा के लिए ले जाया गया। शाम करीब पांच बजे उन्हें निजामुद्दीन कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रही थीं, कांग्रेस संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी थीं और गांधी परिवार के काफी करीबी रही थी। श्रीमती किदवई केंद्र सरकार में मंत्री रहीं, इसके अलावा वह हज कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं।

### टीएमसी का आरोप: चुनाव आयोग ने पांच मिनट में भगाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर टीएमसी और चुनाव आयोग आमने-सामने आ गए हैं। सांसद डेरेक ओ 'ब्रायन के नेतृत्व में टीएमसी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार सुबह दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा। डेरेक ने कहा कि हमने एसआईआर के मुद्दे पर समय मांगा था, लेकिन मीटिंग के दौरान हमारे साथ खराब व्यवहार किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त (ईसी) ने हमें सिर्फ 5 मिनट में भगा दिया।

## जो भक्त नहीं, वो धार्मिक परंपरा को चुनौती कैसे दे रहा

### सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि जो लोग भगवान अयप्पा के भक्त नहीं हैं, वे केरल के सबरीमाला मंदिर की परंपराओं को कैसे चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर 7 सवाल तय किए हैं।

इनमें से एक सवाल यह है कि क्या कोई व्यक्ति, जो किसी धार्मिक संप्रदाय या समूह से संबंधित नहीं है, उस धार्मिक संप्रदाय या समूह की किसी प्रथा को जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से चुनौती दे सकता है।



- **शीर्ष अदालत ने कहा: ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई क्यों हो**

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि सबरीमाला मामले में याचिकाकर्ता कौन थे। मूल याचिकाकर्ता भक्त नहीं थे। किसी भी भक्त ने इस प्रथा को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख नहीं किया। तो फिर ये रिट याचिकाकर्ता कौन हैं, जो इसे चुनौती दे रहे हैं। मेहता ने जवाब दिया कि मूल याचिकाकर्ता 'इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन' नामक वकीलों का एक संगठन है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि वे भक्त नहीं हैं, लेकिन हमें यह स्पष्ट करना होगा। क्या भगवान अयप्पा का कोई भी भक्त इस परंपरा को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर कर सकता है और यदि कोई गैर-भक्त, जिसका उस मंदिर से कोई संबंध नहीं है, इसे चुनौती देता है, तो क्या यह अदालत ऐसी याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोई सेक्युलर अदालत किसी धार्मिक प्रथा को सिर्फ अंधविश्वास नहीं कह सकती, क्योंकि उसके पास ऐसा तय करने की विशेषज्ञता नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो चीज नागालैंड के किसी समुदाय के लिए धार्मिक हो सकती है, वही मेरे लिए अंधविश्वास लग सकती है।

## रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन नहीं होंगे महंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5. 25 फीसदी पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 8 अप्रैल को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों की जानकारी दी। इससे पहले फरवरी में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था।

आरबीआई ने आखिरी बार दिसम्बर 2025 में ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी की थी। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक



- **आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 फीसदी पर बरकरार रखी, 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती**

पहुंचाते हैं। 2025 में चार बार में 1. 25 फीसदी की कटौती हुई। फरवरी 2025 में ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई गई। जून में तीसरी बार आरबीआई में दरों में 0.50 फीसदी कटौती की थी। दिसम्बर में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद ब्याज दरें 5.25 फीसदी पर आ गई थी। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, महंगाई में उछाल का खतरा अभी टला नहीं है। खराब मौसम और बेमौसम बारिश से फल, सब्जियों और अनाज की कीमतें बढ़ने की आशंका है। ईरान-इजरायल जंग से सप्लाई चैन पर असर पड़ रहा है। आरबीआई अभी रुको और देखो की नीति अपना रहा है। ग्लोबल मार्केट में मची उथल-पुथल को देखते हुए आरबीआई जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहता।

## किसानों के लिए खाद सब्सिडी 4,317 करोड़ बढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को 1.74 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स और प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इन फैसलों में कृषि, ऊर्जा और शहरी परिवहन शामिल है।

कैबिनेट ने खरीफ सीजन 2026 के लिए एनबीएस स्कीम को मंजूरी दी है। सरकार फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर करीब 41,533 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह पिछले साल के बजट से करीब 4,317 करोड़ ज्यादा है। नई दरें 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक लागू रहेंगी। सरकार के इस फैसले का मकसद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों में हो रहे



- **1,350 में ही मिलेगा डीएपी बैग**
- **40 हजार करोड़ के दो हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को भी मंजूरी**

उतार-चढ़ाव से किसानों को बचाना है। कोरोना के बाद डीएपी की कीमतें तेजी से बढ़ी है, लेकिन सरकार ने किसानों के लिए खुदरा कीमत को 1,350 प्रति 50 किलो बैग पर स्थिर रखा है। सरकार ने एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी प्रोजेक्ट के लिए संशोधित लागत को मंजूरी दे दी है। अब इस प्रोजेक्ट पर 79,459 करोड़ खर्च होंगे। राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में स्थित यह रिफाइनरी 9 एमएमटीपीए क्षमता वाली होगी। ऑपरेशन जुलाई से शुरू हो सकते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में मेट्रो विस्तार के लिए फेज-2 को मंजूरी मिल गई है। 13,038 करोड़ की लागत वाले इस प्रोजेक्ट के तहत प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर बनेगा। इससे जयपुर और आसपास के इलाकों में ट्रांसपोर्ट सिस्टम बेहतर होगा। ऊर्जा सुरक्षा के लिए कैबिनेट ने दो बड़े हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी है। 1,720 मेगावाट क्षमता वाले कमला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर 26,070 करोड़ खर्च होंगे। वहीं 1,200 मेगावाट के कलई-2 हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर 14,106 करोड़ खर्च होंगे। एनबीएस का पूरा नाम न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी है। यह योजना 2010 से लागू है। सरकार खाद की बोरी में मौजूद नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश और सल्फर की मात्रा के हिसाब से कंपनियों को पैसे देती है।

## उत्तराखंड के चारों धाम में बर्फबारी यूपी में आंधी से 15 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में एक साथ दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। उत्तराखंड के चारों धाम-केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में बर्फबारी हो रही है। राज्य के सभी जिलों में बारिश हो रही है।

यूपी के मेरठ, बरेली और शाहजहांपुर में दोपहर में ओले गिरे। लखनऊ, गोरखपुर, गोंडा, जौनपुर, अलीगढ़ समेत 25 जिलों में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश हो रही है। इस दौरान 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पिछले हफ्ते

- **मेरठ, बरेली और शाहजहांपुर में दोपहर में ओले गिरे**

आंधी-बिजली से 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश में 3 साइक्लोनिक एक्टिविटी हैं। मौसम विभाग ने भोपाल, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, पन्ना, सतना, रीवा समेत 18 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। दतिया, निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ में ओले गिर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युद्धविराम का स्वागत, स्थाई शांति की अपील: प्रमोद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद और उप नेता प्रमोद तिवारी ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय विश्व शांति के लिए एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने बुधवार को ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी पक्षों को सद्बुद्धि मिले और यह 15 दिनों का अस्थायी युद्धविराम स्थाई शांति समझौते में परिवर्तित हो। तिवारी ने कहा एक भारतीय होने के नाते उन्हें यह पीड़ा भी है कि आगे की शांति वार्ता पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रस्तावित है, जिसमें चीन की भी महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। उनके अनुसार यह स्थिति भारत की कूटनीतिक एवं राजनीतिक दृष्टि से चिंताजनक है।

### बैंकिंग तंत्र मजबूत बना हुआ है: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि देश का बैंकिंग तंत्र मजबूत बना हुआ है और एचडीएफसी बैंक के संचालन को कोई खामी नहीं पाई गई है। मल्होत्रा ने यहां मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में आश्वस्त किया कि देश का बैंकिंग तंत्र पूरी तरह से मजबूत बना हुआ है। पिछले दिनों एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बैंकों के निदेशक मंडल की बैठकों के विवरण की नियमित रूप से जांच की जाती है और हमारे हिंसाब से एचडीएफसी बैंक के संचालन से संबंधित कोई खामी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दिशा-निर्देशों में बदलाव की जरूरत नहीं लगती है।

## किसानों को त्वरित राहत के निर्देश, क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी: योगी

# अन्नदाताओं के साथ खड़ी है यूपी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ रबी फसलों को हुए नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की, अफसरों को त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असमय वर्षा, ओलावृष्टि और कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी फसलों को हुए नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

योगी ने बुधवार सुबह आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष और समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि और अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने बीमा कंपनियों के साथ समन्वय बढ़ाते हुए फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए। अधिकारियों को किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा गया है, जिससे अधिकतम राहत सुनिश्चित हो सके। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से जनपदों को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सहायता पारदर्शी और शीघ्रता से किसानों तक पहुंचे। आवश्यकता अनुसार राहत शिविर स्थापित किए जाएं और मंडी समितियों के माध्यम से भी सहयोग प्रदान किया जाए। अग्निकांड की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहानि या पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि दी जाए। साथ ही पात्र लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त या पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए। राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### उप्र में 403 करोड़ से होगा डा. अंबेडकर की मूर्तियों के सौंदर्यीकरण का खर्च

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर छत्र लगवाने की घोषणा के क्रम में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। योजना के तहत सरकार 403 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन स्तर पर प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह (प्रथम) की ओर से जारी आदेश के मुताबिक योजना के तहत मूर्तियों के चारों ओर बाउंड्रीवाल, छत्र निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। साथ ही इन स्थलों को जनोपयोगी और जानकारीपरक बनाया जाएगा, जिससे सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 स्मारकों का विकास किया जाएगा।

## बारिश से बदला मौसम कई जिलों में चेतावनी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र में लखनऊ समेत उप्र के कई हिस्सों में मंगलवार शाम तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में पश्चिमी उप्र में कई स्थानों पर और पूर्वी उप्र में भी बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां जारी रहेंगी।

प्रदेश में मंगलवार को दिनभर की तपिश के बाद शाम को अचानक मौसम सुहावना हो गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। शाम होते-होते लखनऊ में बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। इसी तरह के हालात प्रदेश के अन्य जिलों में भी देखने को मिले। मौसम विभाग के पश्चिमी से पूर्वी उप्र तक कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सहारनपुर से लेकर सोनभद्र और आगरा तक मौसम का असर देखा गया। प्रदेश के कई जिलों में पांच मिमी तक बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, बदायूं, हरदोई और शाहजहांपुर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां 40 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने और हल्की गरज-चमक की संभावना है। बहराइच, बाराबंकी, सीतापुर, बस्ती, गोंडा, सुल्तानपुर और अमेठी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में 41 से 61 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मध्यम स्तर के तूफान की आशंका जताई गई है।

## बांटने की नीति पर भाजपा और उसके सहयोगी दल: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि उनकी नीतियां समाज में विभाजन और भय का माहौल पैदा कर रही हैं। यादव बुधवार को कहा कि ये लोग 'बांटो और राज करो' की सोच पर काम कर रहे हैं और देश के लोगों को आपस में लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ संगठन अपनी पहचान छुपाकर समाज में सक्रिय हैं और लोगों के बीच दरार पैदा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों को 'अनरजिस्टर्ड गिरोह' करार देते हुए आरोप लगाया कि ये समाज में अस्थिरता फैलाकर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि आम जनता शांति और भाईचारा चाहती है, लेकिन कुछ स्वार्थी लोग समाज में भय और अविश्वास का वातावरण बनाकर अपने राजनीतिक हित साधने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग भोले-भाले लोगों को बहकाकर हिंसा और तनाव की स्थिति पैदा करते हैं। यादव ने दावा किया कि अब जनता इन तथ्यों को समझ रही है और ऐसे लोगों को अपने बीच जगह नहीं दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता इन नीतियों को पूरी तरह खारिज कर देगी और देश में सकारात्मक बदलाव होगा।

## चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर को मिली रफ्तार

चित्रकूट, वार्ता



■ सीएम योगी ने बीईएल को सौंपा 75 हेक्टेयर जमीन का आवंटन पत्र

यूपी के चित्रकूट में बन रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को बड़ी गति मिली है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 75 हेक्टेयर जमीन का आवंटन पत्र सौंपा। इस मौके पर बीईएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज जैन भी मौजूद रहे। सरकार के मुताबिक यह कदम चित्रकूट डिफेंस नोड के विकास में अहम माना जा रहा है।

बीईएल यहां करीब 562.5 करोड़ रुपये का निवेश कर अत्याधुनिक रक्षा निर्माण यूनिट लगाएगी। इस यूनिट में राडार और एयर डिफेंस सिस्टम तैयार किए जाएंगे। इससे 300 से ज्यादा लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा, जबकि आसपास के क्षेत्रों में अप्रत्यक्ष रूप से और भी रोजगार के अवसर बनेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलने से पलायन भी कम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि चित्रकूट, जो अब तक अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए जाना जाता था, अब रक्षा निर्माण के बड़े केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। सरकार का मानना है कि इस प्रोजेक्ट से आत्मनिर्भर भारत मिशन को मजबूती मिलेगी। देश में ही रक्षा उपकरण बनने से आयात पर निर्भरता घटेगी और स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही इस परियोजना से छोटे और मध्यम उद्योगों को भी फायदा होगा और नए निवेश के रास्ते खुलेंगे। चित्रकूट डिफेंस नोड में बीईएल की एंट्री उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### मेरठ-बरेली में ओले गिरे मुजफ्फरनगर में सड़क धंसी

**लखनऊ/मेरठ।** यूपी में बुधवार सुबह से लखनऊ, गोंडा, गोरखपुर, जौनपुर और अलीगढ़ समेत 25 जिलों में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश हो रही है। दोपहर में मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर और लखीमपुर में ओले गिरे। सड़कों-खेतों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। अब तक भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से एक हफ्ते में 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 लोग घायल हैं।

आंधी से बाराबंकी में चलती रोडवेज बस पर पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। मुजफ्फरनगर में 20 फीट सड़क धंस गई। ग्रामीण इलाकों में कई जगह खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल डूब गई। मौसम विभाग ने 47 जिलों में बारिश और 9 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम विक्षोभ की वजह से मौसम बदल गया है। गुरुवार से इसका असर खत्म हो जाएगा, लेकिन 11 अप्रैल से नया विक्षोभ एक्टिव होगा। इससे मौसम फिर से बिगड़ेगा। तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। तापमान में 4 से 6 डिग्री तक गिरावट आएगी। 9 अप्रैल को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। पूर्वी यूपी में आंधी के साथ ओले भी गिर सकते हैं। 10 अप्रैल को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में मौसम साफ रहेगा।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 77562.90
निफ्टी 23997.35



सोना 154485
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 244261
प्रति किलो



## युद्ध विराम की घोषणा से सेंसेक्स उछला

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्ध विराम की घोषणा से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली और बीएसई का संसेक्स चार फीसदी के करीब उछल गया। सेंसेक्स की शुरुआत सुबह 2,674 अंक की मजबूती के साथ हुई। पूरे दिन यह 2,300 अंक से अधिक की बढ़त में रहा और अंत में 2,946.32 अंक (3.95 प्रतिशत) ऊपर 77,562.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 873.70 अंक यानी 3.78 फीसदी की तेजी में 23,997.35 अंक पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 10 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका और ईरान में दो सप्ताह के लिए युद्ध विराम पर सहमति बनी है। इससे दुनिया भर में निवेश धारणा मजबूत हुई और शेयर बाजारों में तेजी रही। चौतरफा लिवाली के बीच ऑटो सेक्टर का सूचकांक साढ़े छह प्रतिशत से अधिक चढ़ा। रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए राहत के उपायों की घोषणा से बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ। रियलटी में पौने सात फीसदी की और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। धातु और मीडिया समूहों के सूचकांक भी ढाई से तीन प्रतिशत तक चढ़े। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 4.09 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 4.39 फीसदी की बढ़त में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर आठ फीसदी से ज्यादा उछल गया। एलएंडटी में साढ़े सात प्रतिशत और बजाज फाइनेंस में सात प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन के शेयर छह से सात प्रतिशत चढ़े। बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल के शेयर पांच से छह फीसदी ऊपर बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील में तीन से चार फीसदी की तेजी देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक चढ़े। हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय एयरटेल, एनटीपीसी, आईटीसी और बीईएल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए।

### सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** बुधवार पूर्वान्ह 11.24 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 1,54,485 रुपये चल रही है। सोने ने अब तक 1,53,301 रुपये प्रति 10 ग्राम को लो और 1,54,485 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है। केडिया एडवाइजरी ने बताया कि अगर ऐसी तेजी रही और युद्ध फिर से शुरू नहीं होता, तो 10 ग्राम सोने की कीमत 1,65,000- 1,70,000 रुपये तक जा सकती है। दोपहर 3.30 बजे एमसीएक्स में 1 किलो चांदी की कीमत 2,44,261 रुपये है। अगर इसे ऑल टाइम रिकॉर्ड से तुलना करें, तो चांदी में अब तक 1.75 लाख रुपये से ज्यादा गिरावट आ चुकी है। हालांकि आज सोना-चांदी दोनों में तेजी देखी जा रही है। आज सोने-चांदी में जबरदस्त उछाल के साथ ही शेयर बाजार में भी फिर से रौनक लौट आई है।

## चावल, दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव चढ़ गया। दालों में भी तेजी रही। गेहूं में नरमी देखी गई, जबकि चीनी की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 22 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,771 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और तुअर दाल की 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 15 रुपये और चना दाल 11 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्त्रा विराम पर सहमति बनने के बाद विदेशों में खाद्य तेलों में तीन प्रतिशत से अधिक की बड़ी गिरावट देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 179 रिंगिट गिरकर 4,586 रिंगिट प्रति टन पर रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.65 प्रतिशत फिसलकर 66.87 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 66 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल और वनस्पति के भाव 33.33 रुपये बढ़े। सूरजमुखी तेल 25 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल 13 रुपये और सोया तेल छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी गत दिवस के स्तर पर टिकी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7696.53 रुपये, मसूर काली 8074.67 रुपये, मूंग दाल 10159.39 रुपये, उड़द दाल 10802.25 रुपये, तुअर दाल 11287.87 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### अनुकंपा नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी देने वाली अनुकंपा नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। अब फर्जीवाड़ा और देरी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। सरकार ने मृतक आश्रित सेवायोजन मॉड्यूल शुरू कर दिया है, जो मानव सम्पदा पोर्टल पर काम करेगा। इस नई व्यवस्था से आश्रितों को घर बैठे आसानी से आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। पहले यह प्रक्रिया ऑफिसों में फाइलों के चक्कर में फंस जाती थी। कई बार फर्जी दस्तावेज और सिफारिशों के चलते गलत लोगों को लाभ मिल जाता था।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान के सामने...**

रूप से खोलने पर सहमत होगा। उन्होंने कहा कि ईरान की ओर से मिले 10-सूत्री प्रस्ताव को वार्ता के लिए व्यावहारिक आधार माना गया है और अधिकांश मतभेदों को सुलझा लिया गया है। इस बीच, श्री अराघची ने पुष्टि की कि ईरान दो सप्ताह के युद्धविराम के लिए सहमत है और इस दौरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। श्री अराघची ने युद्धविराम में भूमिका निभाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एक्स पर कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान की ओर से मैं अपने प्रिय भाइयों, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर के क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने के अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करता हूं। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि 10 अप्रैल से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होगी। परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि यह वार्ता युद्ध का अंत नहीं है और यदि किसी भी पक्ष की ओर से उल्लंघन हुआ तो ईरान कड़ा जवाब देगा। दूसरी ओर, श्री शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस्लामिक गणराज्य ईरान और अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लेबनान और अन्य स्थानों सहित हर जगह तत्काल युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने कहा कि मैं इस विवेकपूर्ण कदम का हार्दिक स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। साथ ही, मैं उनके प्रतिनिधिमंडलों को शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को इस्लामाबाद आमंत्रित करता हूं, ताकि सभी विवादों को सुलझाने के लिए एक निर्णायक समझौते के लिए आगे की बातचीत की जा सके। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था, लेकिन अब युद्धविराम और प्रस्तावित वार्ता से कूटनीतिक समाधान की संभावना बनी है।

## आतंकी संगठनों से कथित संबंध रखने पर दो सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इन पर पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े होने के आरोप हैं।

सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई 'आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत की गई है। बर्खास्तगी अनुच्छेद 311(2)(सी) के अंतर्गत की गई, जो सरकार को विशेष परिस्थितियों में बिना विभागीय जांच के कर्मचारियों को हटाने का अधिकार देता है। उपराज्यपाल ने स्पष्ट किया है कि सरकारी मशीनरी से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया होने तक कार्रवाई जारी रहेगी। पहले बर्खास्त कर्मचारी की पहचान फरहत अली खांडे के रूप में हुई है, जो रामबन में शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। जांच में सामने आया कि वह हिजबुल मुजाहिदीन के लिए काम कर रहा था और सरकारी नौकरी को आड़ बनाकर क्षेत्र में आतंकी नेटवर्क मजबूत करने में जुटा था। वर्ष 2011 में एक हवाला नेटवर्क के खुलासे के दौरान उसका नाम सामने आया था, जो मारे गए आतंकियों के परिवारों तक पैसा पहुंचाने में लगा था। वर्ष 2022 में उसके खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट भी दाखिल की गई थी। दूसरा बर्खास्त कर्मचारी मोहम्मद शफी डार हैं, जो बांदीपोरा में ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत था। जांच में सामने आया कि वह लश्कर-ए-तैयबा के लिए सहयोगी के रूप में काम कर रहा था सूत्रों के अनुसार, वह आतंकियों को सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने, उनकी आवाजाही में मदद करने, सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी साझा करने और नेटवर्क तैयार करने में शामिल था।

## वीआरएस क्यों ले रहे हैं आईएएस

### बढ़ती प्रवृत्ति ने बढ़ाई यूपी सरकार की चिंता

■ हाल के महीनों में कई अफसरों ने समय से पहले सेवा छोड़ी

**लखनऊ।** उप्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हाल के महीनों में कई अफसरों ने समय से पहले सेवा छोड़ने का विकल्प चुना है, जिससे प्रशासनिक गलियारों में यह चर्चा का विषय बन गया है। रिपोर्ट के अनुसार वीआरएस लेने के पीछे कई कारण सामने आ रहे हैं। इनमें कार्य का अत्यधिक दबाव, प्रशासनिक चुनौतियां और निजी कारण प्रमुख हैं। कई अधिकारी बेहतर अवसरों और निजी क्षेत्र में करियर बनाने के लिए भी यह कदम उठा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ अधिकारी स्वास्थ्य कारणों और पारिवारिक जरूरतों के चलते भी समय से पहले सेवानिवृत्ति ले रहे हैं। वहीं कुछ मामलों में नौकरी के बढ़ते तनाव और सीमित संसाधनों के बीच काम करने की परिस्थितियां भी बड़ा कारण बन रही हैं। हाल के महीनों में केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति लेने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। अधिकारियों का मानना है कि केंद्र में काम करने से बेहतर समन्वय और अनुभव मिलता है। साथ ही करियर विकास के अवसर भी ज्यादा होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़ी संख्या में अधिकारियों का वीआरएस लेना प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। पहले से ही अधिकारियों की कमी झेल रहे राज्य में यह स्थिति कामकाज को प्रभावित कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, कई जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों की कमी (लगभग 16 प्रतिशत तक) पहले से ही बनी हुई है। ऐसे में अनुभवी अधिकारियों का सेवा छोड़ना शासन-प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है। कुछ अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में कार्य का दबाव बढ़ा है और कामकाजी माहौल भी काफी चुनौतीपूर्ण हुआ है। यही वजह है कि कई अधिकारी वीआरएस को बेहतर विकल्प मान रहे हैं। राज्य के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने बताया कि कुल मिलाकर उप्र में वीआरएस लेने की बढ़ती प्रवृत्ति प्रशासनिक तंत्र के लिए एक गंभीर संकेत है। जिस पर सरकार और नीति-निर्माताओं को ध्यान देने की जरूरत है। इतनी बड़ी सेवा में शामिल होने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है।

# गैंगस्टर की कार्रवाई से सर्राफा बाजार में आक्रोश

## व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दिया धरना, शाहपुर पुलिस पर लगाए मनमानी के आरोप

**मंत्री कपिल देव व सांसद हरेन्द्र मलिक ने मौके पर पहुंचे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगठित अपराध में लिप्त एक गैंग के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। थाना शाहपुर एवं सिविल लाइन क्षेत्र से जुड़े करीब 10 आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट (उ.प्र. गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि. नियम, 1986 की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा हत्या का प्रयास, अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त तथा जान से मारने की नीयत से फायरिंग जैसे गंभीर अपराध किए जाते थे। इनकी गतिविधियों से क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था, जिसके चलते आमजन इनके खिलाफ शिकायत या गवाही देने से भी कतराते थे।

जांच में सामने आया कि यह गिरोह संगठित रूप से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता है, जो समाज के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों की अनुमति के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में आज मुजफ्फरनगर के श्री मैढ़ क्षत्रिय सोनार समाज समन्वय समिति के अध्यक्ष पवन वर्मा जी के नेतृत्व में सर्राफा व्यवसाय से जुड़े सैकड़ो लोगों ने निर्दोष युवकों पर पुलिस द्वारा फर्जी तरीके से गैंगस्टर कार्यवाही किए जाने को लेकर पुलिस के विरुद्ध अपना रोष प्रकट किया धरना स्थल पर उपस्थित सैकड़ो व्यवसाईयों ने जिला अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष कार्यवाही किए जाने की मांग उठाते हुए ज्ञापन दिया साथ ही धरना स्थल पर पहुंचे व्यवसाईयों की पीड़ा सुनने पहुंचे राज्य मंत्री कपिल देव और सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने पीड़ितों की बात सुनकर जिला प्रशासन को निष्पक्ष जांच किए जाने के दिए दिशा निर्देश राज्य मंत्री और सांसद के आश्वासन के बाद व्यवसाययों ने धरना समाप्त किया धरना स्थल पर मुख्य रूप से मैढ़ क्षत्रिय सोनार समाज समन्वय समिति के अध्यक्ष पवन वर्मा, सचिव सुनील कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश वर्मा, भाजपा नेता कंवरपाल वर्मा, शिवकुमार प्रॉपर्टी डीलर,शिवम वर्मा, हिमांशु वर्मा, आशुतोष वर्मा, प्रवीण वर्मा,राजकुमार वर्मा,प्रमोद वर्मा, राजीव वर्मा, मनोज वर्मा, अनु वर्मा, विनोद वर्मा शाहपुर ज्वेलर्स, अशोक वर्मा शाहपुर, हीरालाल वर्मा, विजय कुमार वर्मा, प्रवीण वर्मा, राजकुमार वर्मा, व्यापारी नेता मोहनलाल वर्मा, सुनील तायल, नंदकिशोर वर्मा, मदन लाल वर्मा, शोभित वर्मा, दीपक वर्मा सुरेश चंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, सभासद पंकज वर्मा, रितेश वर्मा, गौरव वर्मा, विशाल वर्मा, महेश चंद्र वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, बसंत वर्मा, मोहित वर्मा, राहुल वर्मा, नितिन वर्मा, आशुतोष, अनिल वर्मा, लवी सोनी, कार्तिक वर्मा, आयुष वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### सीओ सिटी को दिया ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** सहायक पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी सिद्धार्थ के. मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि सर्राफा बाजार में कारोबारियों ने धरना दिया था और अपनी कुछ मांगे रखी थी। उन्होने कहा कि मौके पर पहुंची पुलिस ने सर्राफा कारोबारियों से उनके द्वारा रखी गई बात के संबंध में वार्ता की गई और इसी संबंध में व्यापारियों से एक ज्ञापन लिया गया। उन्होने बताया कि कारोबारियों को सही कार्यवाही का आश्वासन दिया गया जिसके बाद दुकाने खुल गई।



रिमझिम बारिश के बीच छाता लेकर जाती महिला व बच्ची।



मुजफ्फरनगर: सर्राफा बाजार में दुकाने बंद कर धरने पर बैठे व्यापारी।

# ओलावृष्टि और बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

## गेहूं की फसल को भारी नुकसान की आशंका से किसान चिंतित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मौसम ने अचानक करवट ली और दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते अधिक. ांश क्षेत्रों में झमाझम बारिश शुरू हो गई अचानक ओलावृष्टि और बारिश ने जहां एक ओर मौसम में ठंड का अहसास करा दिया तो, वहीं लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर कई समस्याएं भी खड़ी हो गई। मीरापुर क्षेत्र में अचानक तेज वर्षा व ओलावृष्टि शुरू हो गयी। ओलावृष्टि शुरू होते ही सड़कों पर आवाजाही रुक गयी। ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में तैयार खड़ी गेहूं व सरसों की फसल

खेतों में गिर गई, जिससे किसानों का भारी नुकसान हो गया। अचानक हुई इस ओलावृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ गयी। वही ओलावृष्टि से मौसम में परिवर्तन हो गया और गर्मी के स्थान पर मौसम में ठंडक बढ़ गयी। बारिश के चलते शहर और कस्बों के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। सड़कों पर पानी भर जाने से राहग. ीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाजारों में भी रौनक कम हो गई और लोग बारिश से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों की तलाश करते नजर आए। मौसम में आई इस अचानक ठंडक ने लोगों को फिर से सर्दी का एहसास करा दिया। कुछ दिन पहले ही गर्मी बढ़ने के कारण लोगों ने अपने गर्म कपड़े पैक कर दिए थे, लेकिन मौसम के इस बदले मिजाज के चलते उन्हें दोबारा निकालना पड़ा। सुबह-शाम चल रही ठंडी हवाओं ने ठिठुरन जैसा माहौल बना दिया। वहीं, इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खखेतों में इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार खड़ी है और कटाई का समय नजदीक है। कृषि विशेषज्ञों के ड अनुसार, इस समय होने वाली बारिश गेहूं की गुणवत्ता पर असर डाल सकती है, जिससे उत्पादन और बाजार मूल्य दोनों प्रभावित हो सकते हैं। किसानों को सलाह दी।है कि मौसम साफ होते ही जल्द से जल्द कटाई कार्य पूरा करें ताकि नुकसान को कम क्रिया जा सके। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग द्वारा पहले ही बारिश की संभावना जताई गई थी, जिसे यह बदलाव सही साबित करता है।

विभाग ने आगामी दिनों में भी शामिल रहे। मौसम के अस्थिर बने रहने की संभावना व्यक्त की है, तेज ओलावृष्टि के साथ शुरू हुई वर्षा से किसानों के खेतों में खड़ी गेंहू व सरसों की फसल को भारी नुकसान हो गया।

# शाहपुर ग्राम पंचायत: हाईकोर्ट पहुंचा गबन का मामला

## एसएसपी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव निर्माणा गांव में ग्राम पंचायत कार्यो में कथित गबन का मामला अब हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। यहां के ग्रामीणों ने रास्ते के निर्माण सामाग्री खरीद और भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाने के साथ भारी गमन की अशंका जताई है। सच्चाई क्या है यह तो जांच का विषय है फिलहाल ग्रामीण गंभीर आरोप लगाते हुए आशंका जता रहे है। इस मामले की जांच प्रस्तावित बताई जा रही है।

हाईकोर्ट में लम्बित एक याचिका के आधारपर यह जांच दस अप्रैल 2026 की सवेरे होनी है।

ग्राम पंचायत कार्यालय में यह पंचायत होगी इस पंचायत में ग्राम प्रधान और सचिव के कार्यकाल से संबंधित रिकॉर्ड और कार्यवाही की जांच पड़ताल की जाएगी। इस मामले को लेकर दो अलग-अलग गुट बने है। ग्रामीण अशंका जता रहे हे जांच प्रक्रिया को बाधित करने के लिए कुछ लोग जानबुझकर विवाद खडा कर सकते है। इन सभी बातों की आशंका ही की जा रही है। इस आशंका के चलते बुधवार को काफी ग्रामीण पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसएसपी को एक लिखित शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र में उन्होने जहां सारे मामले में बताया तो वहीं पुलिस की तैनाती की मांग भी की गई है ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। पुलिस कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्य को विशेष कर रास्तों के निर्माण, सामाग्री की खरीद और भुगतान में अनियमितता की अशंका है। उन्होने कहा कि जो चीज कागजों में दर्ज की गई है उसमें बड़ा अंतर है। ग्रामीण सरकारी धन का दुरूपयोग की आशंका जता रहे है और जांच प्रक्रिया वीडियों ग्राफी में करने की मांग की है।

# फार्म हाउस मामले में पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**एसएसपी के आदेश पर कार्रवाई, रंगदारी मांगने का था आरोप**

**मुजफ्फरनगर।** फार्म हाउस में घुसकर नौकर को बंधक बनाने और जाते समय प्रबंधक को मालिक से पचास लाख की रंगदारी की बात कहने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया है। यह मामला एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है। और अब कार्यवाही शुरू कर दी गई। यह मामला बसपा नेता और उसके बेटे के खिलाफ बताया जा रहा है। बताया जाता है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला जाट कॉलौनी के निवासी विपिन कुमार ने पुलिस को बताया था कि शहर कोतवाली क्षेत्र में गौशाला के निकट आरकेड फार्म हाउस में रहते है। यह शिकायती पत्र एसएसपी को भी दिया गया था जिसमें बताया गया था कि 26 मार्च की दोपहर उनके फार्म हाउस पर प्रबंधक अजय कुमार बैठे गए थे। आरोप था कि इसी बीच पांच लोग पीछे के गेट से फार्म हाउस पर घुस आए और चार लोग मुख्य द्वार पर खड़े रहे। आरोप लगाया था कि सुशील अंदर घुस आए थे और जाते समय प्रबंधक को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह पचास लाख रूपये देने के लिए कहे।

# नवागंतुक एसपी सिटी अमृत जैन ने संभाला कार्यभार

## अपराधियों पर सख्त कार्रवाई, पीड़ितों को मिलेगा न्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में नवांगत पुलिस अधीक्षक (नगर) अमृत जैन ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। उन्होने अपनी प्राथमिकता में कहा कि वह पीड़ित की मदद और सत्यता कार्यवाही पर यकीन रखते है। पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन अलीगढ़ से स्थानंतरण होकर मुजफ्फरनगर में आए है और उन्होने चार्ज संभालते ही बता दिया कि वह एक अनुभवी है। जैन अलीगढ़ में पुलिस अधीक्षक देहात के पद पर रह चुके है। और उन्होने वहां पर काफी हद तक अपराध पर नियंत्रण किया। उन्होने कहा कि अपराध और अपराधी से किसी प्रकार से समझौता नहीं होगा और न ही किसी अपराधी पर नर्मी बरती जाएगी। आम आदमियों के लिए वह कार्य करेगे और सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होने कहा कि पुलिसिंग केवल शक्ति तक ही सीमित नहीं होगी बल्कि इसमें संवे. दनशील पारदर्शिता और जन सहभागिता को भी समान महत्व दिया जाएगा। उन्होने कहा कि जनता और पुलिस के बीच संवाद मजबूत को लेकर भी कार्यवाही किया जाएगा।



### कचहरी में हुई वाहन चेकिंग

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन पुलिस, ट्रैफिक पुलिस एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के सहयोग से कचहरी परिसर में स्थित वाहन पार्किंग स्थल में चेकिंग अभियान चलाया गया। वादकारियों को हिदायत की गई की अपने वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें वाहन पार्किंग स्वामी को सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बता दे कि कचहरी परिसर में चारो ओर दो पहिया वाहन खडे होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसकी शिकायत लगातार पुलिस प्रशासन से की जा रही है। जिसके बाद आज सिविल लाइन पुलिस ने वाहन चैक किए।

# गांधी कॉलौनी में भी स्मार्ट मीटर का विरोध

## उपभोक्ता बोले- बिना सूचना दिए पुराने मीटर उखाडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध रूकने का नाम नहीं ले रहा है चारो ओर स्मार्ट मीटर का खुलकर विरोध हो रहा है, हालांकि कुछ गली मौहल्लों में विभाग के लोग स्मार्ट मीटर लगाने में कामयाब भी हो चुके है इसको जबरन कहे या फिर उपभोक्ताओं को विश्वास में लेने का मामला हो, लेकिन अधिकतर जनपद, गांव कस्बो में इसका पूरजोर विरोध हो रहा है। किसान यूनियन से लेकर अन्य कई संगठन तो इस पर कडा विरोध जता रहे है विगत दिवस गांधी कॉलौनी में भी स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर उपभोक्ताओं और बिजली कर्मचारियों के विरूद्ध कडी झडपे हुई। काफी देर तक हंगामा हुआ उपभोक्ताओं का कहना था कि बिना सूचनाए दिए उपभोक्ताओं की बिना सहमति के पुराने मीटर हटाए जा रहे है और स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही की जा रही है। लोगों ने यहां काफी देर तक के विरोध किया। उपभोक्ताओं का आरोप था कि विद्युत विभाग और निजी कम्पनी के कर्मचारी बिना जानकारी दिए अचानक ही मीटर बदलने का काम कर रहे है। बताया जाता है कि जैसे ही लोगों को गांधी कॉलौनी में स्मार्ट मीटर लगाने की जानकरी हुई तो अधिकतर लोग अपने-अपने काम छोडकर यहां पहुंच गए काफी देर तक यहां प्रदर्शन हुआ। उनका यह भी कहना था कि इस दौरान विद्युत विभाग का न तो कोई अधिकारी साथ होता है और न ही कोई सूचना दी जाती है। कुल मिलाकर चारो ओर स्मार्ट मीटर का विरोध हो रहा है। किसानों के कई संगठन तो साफ-साफ चेतावनी दे रहे है इसको लेकर गांव-कस्बों में धरने प्रदर्शन भी हो रहे है। एक संगठन ने तो स्पष्ट रूप से चेतावनी दी थी कि वह अपने गांव में स्मार्ट मीटर घुसने नहीं देंगे। ऐसा नहीं है कि शहर में इसका विरोध न हो रहा हो यहां भी नाराजगी देखने को मिल रही है, हालांकि विद्युत विभाग कुछ उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की जानकारी दे रहा है।

# आम्बेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ पर भारी रोष

## सपा सांसद हरेन्द्र मलिक व पूजा पहुंचीं ग्रामीणों के बीच, की छानबीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मुजफ्फरनगर।** चरथावल विधानसभा के ग्राम वहलना में असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतीमा को क्षतिग्रस्त कर माहौल बिगाडने का प्रयास किया गया। इस मामले के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद हरेन्द्र मलिक और सपा नेत्री पूजा ग्रामीणों के बीच पहुंची इस समय यहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा थीऔर सूचना के बाद स्थानीय पुलिस और अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके थे। सांसद ने आश्वासन दिया कि प्रतीमा क्षतिग्रस्त करने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाही कराई



जा जाएगी और अधिकारियों से भी इस संबंध में बातचीत की गई। सपा सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि कुछ लोग ऐसी घटनाए कर नफरत फैलाने का काम करते है। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष अनिल अंबेडकर ने भी कडी कार्यवाही की मांग की है। और ऐसी घटनाओं पर नाराजगी जताई।



# रेत से भरे ट्रक का बोझ न सह सकी लोनिवि की सड़क



**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना पुलिस चौकी के समीप कांधला रोड पर बीती मंगलवार की देर रात रेत से भरे हुए एक ट्रक का बोझ लोक निर्माण विभाग की सड़क सहन नहीं कर सकी और क्षतिग्रस्त हो गयी। जिसके चलते ट्रक पलट गया। यह तो गनीमत रही कि जिस समय ट्रक पलटा उस समय कोई व्यक्ति वहां से नहीं गुजर रहा था नहीं तो कोई बड़ी हानि ही होती। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर मौके पर जमा भीड़ को हटाया और ट्रेफिक को एक साइड के लिए करते हुए जाम नहीं लगने दिया। इस दौरान जल निगम की भारी लाप. रवाही सामने आई क्योंकि इस स्थान पर जल निगम ने पाइप लाइन दबाई थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर एक बड़ा हादसा हुआ। जब सड़क किनारे खड़े रेत से भरे एक ट्रक के नीचे की जमीन अचानक से धंसती चली गई। जिससे ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार ट्रक सड़क के किनारे खड़ा था कि अचानक से नीचे की जमीन धंस गई। जिससे ट्रक पलट गया। हादसे के समय आसपास मौजूद लोगों में हलचल मच गई और उन्होंने तुरंत बुढ़ाना पुलिस को इस घटना की सूचना दी। तब बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इस हादसे के बाद सवाल उठ रहे हैं कि सड़क धंसने की वजह क्या थी। सूत्रों के अनुसार जल निगम ने इस सड़क पर पाइप दबाए थे जबकि सड़क लोक निर्माण विभाग की है और बहुत पुरानी है। शायद इसकी वजह से भी सड़क धंसी है। वैसे इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई मगर सड़क की खराब गुणवत्ता और जल निगम की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। सड़क धंसने की घटनाएं अक्सर सड़क की खराब गुणवत्ता, जल संचयन की कमी या फिर निर्माण कार्य में लाई गई अनियमितताओं के कारण होती है। सड़क धंसने के कारणों में ये भी कारण सामने आए हैं। सड़क की खराब गुणवत्ता, जल संचयन की कमी, निर्माण कार्य में अनियमितताएं, भारी वाहनों के गुजरने से सड़क पर दबाव और घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग। उल्लेखनीय है कि जल निगम की लापरवाही से ही आधा दर्जन से भी अधिक मकान मौहल्ला शाहवाडा में गिरने के कगार पर हैं। जिसका आज तक भी सोल्यूशन नहीं हो पाया है।

# ओलों की चादर से ढका मीरापुर, पसरा सन्नाटा

**मीरापुर।** अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश के साथ हुई भारी ओलावृष्टि ने पूरे कस्बे को प्रभावित किया। सड़कों और गलियों में गिरे ओलों की सफेद परत ने एक अलग ही दृश्य प्रस्तुत किया, वर्तमान समय में गेहूं और सरसों की फसल की कटाई चल रही है, ऐसे में यह मौसम किसानों के लिए चिंता का कारण बन गया है। ओलों की मार और खेतों में भरे पानी के कारण फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। कई किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। बारिश के कारण मौसम में अचानक ठंडक बढ़ गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन दैनिक जीवन प्रभावित हो गया। बाजारों में सन्नाटा छा गया और दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को कीचड़ और पानी से भरी सड़कों के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर, इस अचानक बदले मौसम ने मीरापुर में आम जनजीवन, व्यापार और कृषि पर गहरा प्रभाव डाला है, जिससे लोग चिंतित नजर आ रहे हैं।

## दो पक्षों में झगड़े की रिपोर्ट दोनों ओर से दर्ज

**बुढ़ाना।** दो पक्षों में हुए झगड़े की रिपोर्ट रतनपुरी पुलिस ने दोनों ओर से दर्ज कर ली है। राहुल कुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी गांव गोयला ने रतनपुरी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि में बीती 05 अप्रैल को मेरठ से काम करके घर ठेकेदार के साथ आ रहा था। जैसे ही में ग्राम इन्चौडा में पहुंचा तो वहां पर भीम, अजय, रोहित और मोहित पुत्रगण पीतम सिंह ने उसके सर पर रॉड मारी व ठेकेदार के घर में घुसकर ठेकेदार के साथ भी मारपीट की। जैसे ही वह नीचे गिर गया उसकी जेब से 5 हजार रुपये निकाल लिये और उसको जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। दूसरी और कथित आरोपी अजय पुत्र प्रीतम निवासी ग्राम इन्चौडा ने भी रतनपुरी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मेरा छोटा भाई विजय और अंकित पुत्र जय कुमार अपनी बाईक से अपने काम से गांव में आ रहे थे। गांव में अमरीश पुत्र भोपाल के घर के पास आते ही मेरे भाई के साथ पहले से खडे राहुल निवासी ग्राम गोयला व रिकुन पुत्र भोपाल निवासी ग्राम इन्चौडा ने मेरे भाई की बाईक रोककर हाथापाई की व गाली गलौज करने लगे व मेरे भाई के गाल पर राहुल द्वारा काटा गया जैसे ही उसने विरोध किया तो दोनो ने धक्का देकर मेरे भाई की बाईक गिरा दी और मारपीट करने लगे और मेरे भाई को जान से मारने की दोनो धमकी देने लगे।

## भाजपा के ध्वज में किया गया बिजेन्द्र का अन्तिम संस्कार

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद बिजेंद्र पाल बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार नदी रोड स्थित श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में हुआ। बिजेंद्र पाल के निधन से जिले के राजनीतिक और सामाजिक गलियारे में शोक की लहर रही। बेहद ही मिलनसार व्यक्ति होने के चलते उनके अंतिम यात्रा में नेताओं, सामाजिक लोगों सहित आम लोगों की भीड़ उमड़ी। केवलपुरी स्थित उनके निवास स्थान से शुरू हुई, इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दिवंगत नेता की अर्थी को कंधा दिया।

# एक दिन की सीओ बनी छात्रा निलांशी शर्मा



**बुढ़ाना।** दयानन्द इण्टर कालेज बुढ़ाना की एक छात्रा एक दिन के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी बनी।ध इसको लेकर कालेज के साथ साथ परिजनों में भी खुशी का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के दिन बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने दयानन्द इण्टर कालिज की छात्रा निलांशी शर्मा को एक दिन के लिए अपना पद देते हुए उनको पुलिस क्षेत्राधिकारी बुढाना बनाया। जिसमें छात्रा ने भी समस्याओं का तुरंत समाधान किया। कक्षा 12 की छात्रा निलांशी एक दिन लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी बनकर काफी खुश नजर आयी। उसने बतलाया कि वह भी इस क्षण से प्रेरित होकर ऐसा ही बनने का प्रयास करेगी। छात्रा निलांशी ने इस दौरान समस्याओं का तुरंत समाधान किया और अपने काम को बखूबी निभाया। दयानन्द इण्टर कालिज की होनहार छात्रा निलांशी शर्मा ने एक दिन के लिए बुढ़ाना सर्किल का पुलिस क्षेत्राधिकारी बुढाना का पद संभालकर सबको चौंका दिया। इस दौरान सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने अपनी कुर्सी छोड़ते हुए छात्रा निलांशी शर्मा को एक दिन का प्रभार सौंपा और छात्रा के कार्य को देखा। जिसमें छात्रा ने एक दो समस्याओं को सुना और पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत मिली जिम्मेदारी

**खतौली।** मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना खतौली में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। इस पहल के तहत मेधावी छात्राओं को एक दिन के लिए पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल विकसित हो सके। कार्यक्रम के दौरान के.के. जैन इंटर कालेज की कक्षा 12 की छात्रा सृष्टि सिंघल को कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी (सीओ) बनाया गया, जबकि कबूल कन्या इंटर कालेज की कक्षा 10 की छात्रा पलक शर्मा को थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा सोनिया पाल और सोफिया को चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

# डीडीसी के साथ संजय मित्तल ने की व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा



**मुजफ्फरनगर।** दी गुड खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल के प्रतिष्ठान पर सहारनपुर से आए कृषि उत्पादन मंडी समिति के डीडीसी निर्माण नितिन शर्मा, जेई मोहन शर्मा, जेई रूप सिंह, राहुल कुमार पहुचे जहां नवीन मंडी स्थल पर व्यापारियों से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा हुई मुख्यत: जिसमें तिकोनी मंडी के फड व मंडी की चू रही दुकानों की मरम्मत कराने के लिए कहा, डीडीसी मंडी ने कहा इस महीने के अंत तक बजट आ जाएगा तुरंत कार्य पूरे किये जायगे

### सूचना

मेरी पुत्री सारिका उम्र 21 वर्ष मेरे कहने सुनने में नही है मेरा व मेरे परिवार का कहना नहीं मानती है वह बिना बताए कहीं चली गई है उसकी मनमानी से परेशान होकर मैने व मेरे पूरे परिवार ने उससे सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए है। वह अपने द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य की स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सरफराज पुत्र लतीफ**
**निवासी-किदवईनगर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

### बेदखली सूचना

मेरा पुत्र रऊफ हुसैन व पुत्रवधू आयशा तथा मौ0 जावेद आलम व पुत्रवधू सलमा तथा हुसैन अहमद व पुत्रवधू फरहा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं हैं जिनका चाल-चलन ठीक नहीं है। जिससे परेशान होकर पुत्र रऊफ हुसैन व पुत्रवधू आयशा तथा मौ0 जावेद आलम व पुत्रवधू सलमा तथा हुसैन अहमद व पुत्रवधू फरहा को मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मुशर्रफ हुसैन पुत्र रसीद अहमद**
निवासी: म0नं0-428, ग्राम बागोवाली, थाना-नई मण्डी, जिला मुजफ्फरनगर।

### सूचना

मै महराज बानो (MAHRAZ BANOO) पत्नी मुकर्रम अली H.N. 199 दधेडू कलां (DADHERU KALAN) मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश 251001 से हूं। मैं अपना नाम बदलकर महराज बानो (MAHRAZ BANOO) से महरोज बानो (MEHROJ BANO) रख रही हूं। भविष्य में मुझे मेहरोज बानो नाम से जाना व पहचाना जाए।

### सम्बन्ध विच्छेद

में रामनिवास पुत्र भुल्लन निवासी शफीपुर पट्टी बुढाना देहात नई तहसील के पीछे तहसील व थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र आशीष कुमार पुत्र रामनिवास व पुत्रवधु श्रीमती कनिका पत्नी आशीष कुमार निवासीगण शफीपुर पट्टी बुढाना देहात नई तहसील के पीछे तहसील और थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर मेरे कहने सुनने मे नही हैं। में जिस काम से इन्हें मना करता हूं उसी काम को जोर देकर करते हैं। जिससे में मेरा परिवार तंग है। इसलिए मैं अपने लडके आशीष व पुत्र वधु कनिका से अपने पारिवारिक रिश्ते समाप्त कर उन्हें आज ही अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरे पुत्र आशीष व पुत्रवधु कनिका अगर कोई दीवानी, फौजदारी या गलत कृत्य करते हैं तो वे खुद जिम्मेदार होंगे मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

समन वास्ते करार वाद उमर तनकही तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी सदर, **मुजफ्फरनगर।** वाद संख्या - 8468 सन - 2025 श्रीमति दयावती पत्नी रणवीर सिंह निवासी ग्राम बसेडा परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। हाल निवासी एम.आई. जी. 34 तहसील कसौली सैक्टर-3 उमाहोल परवाणु सैक्टर-3 सोलन परवानू (हिमाचल प्रदेश) बनाम 1-करण सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह 2-श्रीमति आखानन्द पत्नी राजबल (मृतका) ...प्रतिस्थापित 2/1-उपेन्द्र कुमार पुत्रगण सतेन्द्र कुमार 2/2-सतेन्द्र कुमार पुत्र राजबल सिंह निवासीगण ग्राम बसेडा परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 3- ग्राम पंचायत बसेडा परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान।

मौजा-बसेडा प्रथम धारा-116 उ.प्र.रा.सं.-2006 दरगाह वादीया ने आपके नाम उक्त नालिश बाबत तकसीम हेतू दायर कर रखा है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीक्ष. 16.4.2026 के 10 बजे प्रात: में असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और कुछ उमूर तहत मुतालिक मुकदमा को जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स से हो जो कि वह ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जवाब देही और उसी रोज अपना जुमला गवाह के जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मशमूह फैसला होगा। गया। बस्ब मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज तारीख 06/4/26 को जारी किया

**अपर उपजिलाधिकारी सदर**
**मुजफ्फरनगर।**

# 12 अप्रैल को ज्योतिबाफुले जयंती पर भव्य आयोजन

**खतौली।** महात्मा ज्योतिबा राव फुले को भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर क्षेत्र में जनसमर्थन तेजी से बढ़ रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गांव छछरपुर में महात्मा ज्योतिबा राव फुले राष्ट्रीय एकता मिशन के बैनर तले एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 12 अप्रैल को लावड़ में प्रस्तावित भव्य समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के बाद ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली भी निकाली गई, जिसे पूर्व प्रधान तेजपाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली छछरपुर से शुरू होकर अनंती, कलावड़ा, पमनावली, वाजिदपुर खुर्द, गालिबपुर, जधैड़ी जाटान, सिकंदरपुर और कढ़ली गांवों से होकर गुजरी। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर महात्मा ज्योतिबा राव फुले अमर रहें जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक करते नजर आए। कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि फुले जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग भी की गई है। रैली के समापन पर जिला अध्यक्ष अनिल फौजी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले और सावित्रीबाई फुले ने समाज में शिक्षा और समानता की जो अलख जगाई, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने उस समय लड़कियों की शिक्षा का बीड़ा उठाया, जब समाज में इसका विरोध होता था, और पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोल. कर नई सोच को जन्म दिया।

उन्होंने आगे कहा कि फुले दंपति ने जाति भेदभाव, छुआछूत और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को नई दिशा दी। उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान तेजपाल सैनी, डा. बबलू सैनी, मुरारी लाल आर्य, प्रधान राजेश्वरी सैनी, डक्क कूढ़े सैनी, जगदीश प्रधान, सुनील आढ़ती, सुभाष चंद, मास्टर राजवीर, राजू सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र राजन कुमार मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वंय जिम्मेदार होगा।

**ओमपाल पुत्र श्रीचंद**
**निवासी- बेहडा सादात**
**थाना ककरौली,**
**तहसील जानसठ**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अंकित व उसकी पत्नी श्रीमती ओमल मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यो के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गये है। इसलिए मैने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर, इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौसम पुत्र श्री मुनीराम**
**निवासी- ग्राम खाईखेडी,**
**थाना पुरकाजी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 2142/ 01.03.2017 में नियमों की जानकारी नही होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम नीशम अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है। नाम पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**प्रार्थी: गौतम कुमार पुत्र**
**जोगराज सिंह,**
**मोबाइल नम्बर-**
**9012969899**

# रास्ते से ई रिक्शा हटाने को लेकर विवाद में मारपीट

**मोरना।** भोकरहेड़ी में बस स्टेण्ड के पास मुख्य मार्ग पर ई रिक्शा को हटाने को लेकर हुए विवाद में बाइक सवार व उसके साथियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया। पीड़ित की तहरीर पर संज्ञान लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी सूरजपाल ने थाने पर दी गयी शिकायत में बताया की बीते 5 अप्रैल की शाम उसका भतीजा कार्तिक कुमार अपनी बाइक द्वारा डीजल लेने के लिये पेट्रोल पंप पर जा रहा था।मोहल्ले में एक व्यक्ति के घर बारात आई हुई थी। रास्ते मे खड़ी ई रिक्शा को हटाने के लिये कहा गया तो मोहल्ले के ही युवको ने गाली गलौज कर कार्तिक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### निर्वाचन सम्बन्धी सूचना

**जैन कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज, मुजफ्फरनगर**

की प्रबंध समिति (एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक प्रबन्धक, एक उपप्रबन्धक, एक कोषाध्यक्ष एवं सात सदस्य) का आगामी कार्यकाल के लिए निर्वाचन जैन कन्या पाठशाला (पी.जी.) कॉलेज, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर के ब्लॉक-बी प्रांगण में निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगाः-

| क्र.सं. | कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | नोटिस बोर्ड पर मतदाता सूची का प्रकाशन प्रातः 8 बजे मतदाता सूची पर आपत्तियां प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक तथा आपत्तियों का निस्तारण प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन प्रातः 11 बजे। | 18.04.2026 |
| 2. | शुल्क जमा करके नामांकन पत्र प्राप्त करना प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक नामांकन पत्र अपराहन 12 बजे तक जमा किए जायेंगे तथा नामांकन पत्रों की जांच अपराहन 12 बजे से 01 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों पर आपत्ति अपराहन 02 बजे तक प्राप्त की जायेंगी एवं आपत्तियों का निस्तारण अपराहन 02 बजे से 03 बजे तक किया जायेगा। इसके उपरान्त वैध नामांकन पत्रो की सूची का प्रकाशन किया जायेगा। नामांकन पत्रों की वापसी अपराहन 03 बजे से 04 बजे तक तथा चुनाव चिन्हों का आवंटन सांय 04 बजे। | 19.04.2026 |
| 3. | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) प्रातः 08 बजे से सांय 04 बजे तक तथा मतगणना मतदान के तुरन्त पश्चात्। | 03.05.2026 |
| 4. | चुनाव परिणाम की घोषणा दिनांक 19.04.2026 को प्रत्याशियों की अंतिम सूची की घोषणा के पश्वात् (निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति में) अथवा दिनांक 03.05.2026 को मतगणना सम्पन्न होने के पश्वात् जैसी भी स्थिति हो। | |

नोटः 1. कार्यकारिणी के चुनाव में नामांकन हेतु अध्यक्ष, प्रबन्धक एवं कोषाध्यक्ष पद के लिये 11000.00 रूपये, उपाध्यक्ष एवं उपप्रबन्धक पद के लिये 7100.00 रूपये तथा सदस्य पद के लिए 5100.00 रूपये शुल्क देय होगा और मतदाता सूची 200.00 रूपये भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। 2. निर्वाचन कार्यक्रम में किसी भी संशोधन का अधिकार निर्वाचनअधिकारी के पास सुरक्षित है जिसकी सूचना समाचार पत्र के माध्यम से जारी कर दी जायेगी। 3. सूचना रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी प्रेषित की गई है, अवितरित वापिस होने की दशा में पुष्टि के उपरान्त ही मतदान में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

सौरभ जैन (नावला वाले), सचिव, जैन स्कूल कमेटी (रजि.), मुजफ्फरनगर

(मोनिका), प्रधानाचार्या, एस. डी. कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज, गाँधी कलोनी, मुजफ्फरनगर, निर्वाचन अधिकारी, जैन कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज, प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर

### जैन कन्या पाठशाला (पी.जी.) कॉलेज, मुजफ्फरनगर

**निर्वाचन सम्बन्धी सूचना**

की प्रबंध समिति (एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक सचिव, एक सह-सचिव, एक कोषाध्यक्ष एवं पाँच सदस्य) का आगामी पंचवर्षीय कार्यकाल के लिए निर्वाचन कॉलेज प्रांगण ब्लॉक-ए (मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर) में निम्न कार्यकमानुसार सम्पन्न होगा :-

| क0सं0 | कार्यकम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | नोटिस बोर्ड पर मतदाता सूची का प्रकाशन प्रातः 8 बजे, मतदाता सूची पर आपत्तियां प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक तथा आपत्तियों का निस्तारण प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन प्रातः 11 बजे। | 18.04.2026 |
| 2. | शुल्क जमा करके नामांकन पत्र प्राप्त करना प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक। नामांकन पत्र अपराहन 12 बजे तक जमा किए जायेंगे तथा नामांकन पत्रों की जांच अपराहन 12 बजे से 01 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों पर आपत्ति अपराहन 02 बजे तक प्राप्त की जायेंगी एवं आपत्तियों का निस्तारण अपराहन 02 बजे से 03 बजे तक किया जायेगा। इसके उपरान्त वैध नामांकन पत्रो की सूची का प्रकाशन किया जायेगा। नामांकन पत्रों की वापसी अपराहन 03 बजे से 04 बजे तक तथा चुनाव चिन्हों का आवंटन सांय 04 बजे। | 19.04.2026 |
| 3. | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) प्रातः 08 बजे से सांय 04 बजे तक तथा मतगणना मतदान के तुरन्त पश्चात्। | 03.05.2026 |
| 4. | चुनाव परिणाम की घोषणा दिनांक 19.04.2026 को प्रत्याशियों की अंतिम सूची की घोषणा के पश्चात् (निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति में) अथवा दिनांक 03.05.2026 को मतगणना सम्पन्न होने के पश्चात् जैसी भी स्थिति हो। | |

नोटः 1. कार्यकारिणी के चुनाव में नामांकन हेतु अध्यक्ष, सचिव, एवं कोषाध्यक्ष पद के लिये 11000.00 रूपये, उपाध्यक्ष एवं सह-सचिव पद के लिये 7100.00 रूपये तथा सदस्य पद के लिए 5100.00 रूपये शुल्क देय होगा और मतदाता सूची 200.00 रूपये भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। 2. निर्वाचन कार्यकम में किसी भी संशोधन का अधिकार निर्वाचन अधिकारी के पास सुरक्षित है। जिसकी सूचना समाचार पत्र के माध्यम से जारी कर दी जायेगी। 3.सूचना रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी प्रेषित की गई है, अवितरित वापिस होने की दशा में पुष्टि के उपरान्त ही मतदान में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

राजेश जैन (गर्ग डुप्लैक्स), अध्यक्ष, जैन स्कूल कमैटी (रजि.), मुजफ्फरनगर

सौरभ जैन (नावला वाले), सचिव

आशीष द्विवेदी, प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कॉलेज, बहादरपुर, निर्वाचन अधिकारी, जैन कन्या पाठशाला (पी.जी.) कॉलेज, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

# भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महबूब को किया जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**मुजफ्फरनगर।** रामपुर तिराहा स्थित भाकियू तोमर के राष्ट्रीय कार्यालय पर एक मिटिग का आयोजन किया मिटिग में किसानों की समस्याओं पर पर चर्चा हुई है चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है लेकिन उसके बाद भी किसान ना खुश हैं और अगर हमारी केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार चाहती है कि हमारे किसान खुश रहै तो उन्हें फसलौ रेट भी बढ़ाना होगा और जिस तरीके से बाजार में महंगाई आग की तरह बढ़ रही उस पर शिकंजा कसना होगा हमारे देश कि तरक्की गांव गांव से होकर जाती है केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को 60 साल के बाद 10000 रु महीना पेंशन दी जाए किसानों के बच्चो को भी इंग्लिश मिडियम स्कूलो फी शिक्षा दी जाए नलकूप कि बिजली फ्री दी जाए और डीजल पर 50 प्रशेट कि सब्सिडी दी जाए खेतों में उपयोग होने वाली सभी चीजों पर सब्सीडी दी जाए और सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार अगर कोई शुगर मिल मालिक किसानों का बकाया भुगतान मैं देरी करता है तो किसानों का भुगतान भी जल्द से जल्द दिलवाया जाए और अगर उसके बाद भी शुगर मिल पैसे नहीं दे रहा है तो उसे पर सख्त कार्रवाई कर किसानों को उनका बकाया भुगतान दिलवाया जाए।

# भाजपा नेता बिजेंद्र पाल के निधन पर शोक सभा कर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**खतौली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र पाल के आकस्मिक निधन पर बुधवार को नगर में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में वक्ताओं ने बिजेंद्र पाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। पूर्व जिला मंत्री बोबिंदर सहरावत और पूर्व जिला मंत्री मदन छाबड़ा ने कहा कि बिजेंद्र पाल पार्टी के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। संगठन को मजबूत करने में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनका निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बोिं. बंदर सहरावत, मदन छाबड़ा, प्रताप वाल्मीकि, उमेश कुमार (पूर्व मंडल अध्यक्ष), पंकज भटनागर, अमित त्यागी (सभासद), गुरुदत्त अरोड़ा (युवा अध्यक्ष), कंवरसेन जैन, बृजेश राजपूत, सत्येंद्र जैन, सुभाष गुप्ता, मुकेश चंदेल, अजय राजपूत, चंचल भूटानी, वैभव जैन, अश्विनी वाल्मीकि, रामकिशोर सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खोया-पाया

में रामिश फिरोज पुत्री फिरोजूदीन सिद्धिकी निवासी मौ. काजीवाडा उत्तरी बुढ़ाना हाल निवासी ग्राम सैदपुर कलां जिला मु.नगर की निवासी हूं। मैने हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 1998 में संस्थागत छात्रा के रुप में अनुक्रमांक 306176 से उत्तीर्ण व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2000 में संस्थागत छात्रा के रूप में अनुक्रमांक 129351 से उत्तीर्ण की है। मेरे हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की सनंद व मार्कशीट के असल कोपी पत्र वास्तव में खो गये हैं। मैंने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में स्वामी कल्याण देव कन्या इण्टर कालेज बुढाना जिला मु.नगर से उत्तीर्ण की है।

## कार्यालय कृषि उत्पादन मंडी समिति, मुजफ्फरनगर

**पं.कृ.उ.म.स./सफाई ई-निविदा 2025-26-06** **दिनांक 01.04.2026**

### ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, मुजफ्फरनगर के नवीन मण्डी स्थल के दाल दलहन, गुड-खाद्यान्न, फल-सब्जी परिसर आदि की सफाई का कार्य समिति द्वारा निर्धारित की गयी शर्तो एवं अनुबन्ध के आधार पर वित्तीय वर्ष 2026-27 (अप्रैल 2026 से 31-03-2027 तक ठेका पद्धति पर कराना है, जिसके लिए ऑनलाईन निविदा वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 03-04-2026 को प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 23.04.2026 की प्रात: 10.30 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ सफाई ठेके हेतु निर्धारित प्रतिभूति गुड-खाद्यान्न एवं फल सब्जी मण्डी स्थल हेतु रुपये 2,60,000/- बैंक एफ.डी. तथा निविदा हेतु रुपये 500.00+90.00 (18:G.S.T.) की दर से पृथक-पृथक बैंक ड्राफ्ट, जो कृषि उत्पादन मण्डी समिति, मुजफ्फरनगर के पक्ष मे व मुजफ्फरनगर पर देय हो, के रूप में निविदा की वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदादाता को दिनांक 23.04.2026 के दोपहर 01.00 बजे तक समस्त बिड डाक्यूमेन्ट एवं सम्बन्धित आवश्यक प्रपत्रो को सील बन्द लिफाफे में मण्डी समिति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा दिनांक 23-04-2026 को अपरान्ह 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। सफाई ठेके से सम्बन्धित विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी एवं पढ़ी जा सकती है।

**(वीरेन्द्र कुमार चन्देल)** सचिव

**(पंकज प्रकाश राठौर)** नगर मजिस्ट्रेट / सभापति

# सड़क धंसने से सहारनपुर-शामली मार्ग कटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र में बिरालसी-रोनी हरजीपुर मार्ग पर लालूखेड़ी के पास मंगलवार आधी रात अचानक सड़क धंसने से बड़ा हादसा टल गया। सहारनपुर-शामली को जोड़ने वाली इस प्रमुख सड़क पर इतना बड़ा गड्ढा बन गया कि उसमें पूरा ट्रक समा सकता है।

घटना के समय गश्त कर रही पुलिस टीम ने सतर्कता दिखाते हुए एक बाइक सवार को गड्ढे से बाहर निकाला और संभावित बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। नहर पटरी धंसने से आसपास करीब सैकंडों बीघा फसल पानी में डूब गई, जिसमें 30-35 बीघा गेहूं पूरी तरह बर्बाद हो गई। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मार्ग बंद होने से आवागमन ठप हो गया है।सूचना पर सिंचाई विभाग के जेई प्रवीण कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी से राहत कार्य शुरू कराया। ग्रामीणों और किसान नेताओं ने प्रशासन से जल्द मरम्मत और मुआवजे की मांग की है सहारनपुर-शामली को जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग पर इतना बड़ा गड्ढा हो गया कि उसमें ट्रक तक समा सकता है। गनीमत रही कि समय रहते बड़ा हादसा टल गया।

घटना के समय बिरालसी चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह परिहार पुलिस जीप से गश्त कर रहे थे। उनके आगे चल रहा एक बाइक सवार अचानक ग्ढे में गिर गया।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ब्रेक लगाई और युवक को बाहर निकाला, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। इसके बाद रात करीब 3 बजे मार्ग के दोनों ओर ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। नहर पटरी धंसने से आसपास के करीब सैंकड़ो बीघा खेतों में पानी भर गया, जिसमें 30-35 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जबकि सैकड़ों बीघा गन्ना भी डूब गया। इससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रभावित किसानों में राजबल, संजय, सुभाष, राजपाल और मेहन्द्र शामिल हैं।भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि नहरों के रखरखाव में कमी और बेमौसम बारिश के कारण यह स्थिति बनी है।जेसीबी द्वारा तुरंत मरम्मत का कार्य शुरू किया गया सड़क धंसने से सहारनपुर-शामली मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के जेई प्रवीण कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू कराया।प्रशासन ने जल्द मरम्मत और नुकसान के सर्वे का आश्वासन दिया है। किसानों ने मांग की है कि उन्हें शीघ्र मुआवजा दिया जाए और नहर की मरम्मत युद्धस्तर पर कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो

# योगी से मिलेंगे प्रियंका पंवार के माता पिता

## नवराज्य निर्माण महासंघ 12 को नोएडा में करेगा बड़ी महापंचायत

**मुजफ्फरनगर।** तीन दशक से अधिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाकर उत्तर प्रदेश के 12 जिलों को दिल्ली में मिलाने की मांग बनाने की मांग कर रहे नव राज्य निर्माण महासंघ के अध्यक्ष रामपाल मांडी ने कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा करने की माग कर रहे है समय समय पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रही सुषमा स्वराज, मदन लाल खुराना, कांग्रेस की शीला दीक्षित और मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने पूर्ण राज्य बनाने की वकालत की है, लेकिन सभी राजनैतिक दलो के स्वार्थ के कारण पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स मैं गोल्ड मेडल जीतने वाली प्रियंका पवार के पिता शिवकुमार पावर व माता नीलम बालियान महिलाओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से



मिलकर प्रियंका पवार को पुरस्कार की बकाया 20 लख रुपए और डिप्टी एसपी के पद दिलाने की मांग करेंगे।

उन्होंने बताया कि नोएडा स्थित अखिल भारतीय गुर्जर भवन में 18 अप्रैल को बैठक होगी इस्मत पूर्वांचल प्रदेश मांगने वाले का भी आमन्त्रित किया गया है। रामपाल माण्डी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे हम एम्स की मांग कर रहे हैं जो सरकार में विचाराधीन है और श्सरकार से मांग करते हैं कि जनपद के शुकताल मे एम्स स्थापित किया जाये। इस अवसर पर नीरा चौधरी एडवोकेट को नवराज निर्माण महासंघ की महिला मंच की महा सचिव, बनाए जाने की घोषणा की गई साथ ही राकेश पवार को जिला अध्यक्ष बनाया गया। यहां सलीब चौधरी एडवोकेट, खुशी अरोरा, हिना परवीन, रणवीर सिंह बालियान, शिवकुमार पवार, चंद्रद. ीप एडवोकेट, राकेश मौजूद रहे

### पुलिस पर हमला करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**भोपा।** गांव छछरौली में पुलिस पर हमला करने के दो आरोपियों कों पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया थाना बुढ़ाना में दर्ज मुकदमे के वांछित सरगम पुत्र ब्रजपाल निवासी छछरौली के खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। बीते 12 मार्च को बुढ़ाना के उपनिरीक्षक रणवीर सिंह, उप निरीक्षक पिंटू चौधरी, लाल सिंह पुलिस फोर्स को लेकर वारंट तामील के लिए गांव छछरौली पहुंची तथा आरोपित सरगम को हिरासत में लेने का प्रयास किया। आरोपी के भाई पंकज और अन्य लोगों ने विरोध करते हुए पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की कर पथराव कर दिया।

# योगी आदित्यनाथ, जयंत चौधरी के स्वागत में उमड़ेगा जनसैलाब : कपिल देव

**मुज़फ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के प्रस्तावित मुज़फ्फरनगर आगमन को ऐतिहा. सिक एवं अभूतपूर्व बनाने के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। इसी क्रम में आज कोर्ट रोड स्थित जिला सहकारी बैंक सभागार में एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनसभा एवं रोजगार मेले की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक का नेतृत्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उ.प्र. सरकार, कपिल देव अग्रवाल ने किया। उन्होंने अधिकारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए प्रत्येक जिम्मेदारी का स्पष्ट निर्धारण किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दौरा जनपद के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आयोजित होने वाला वृहद रोजगार मेला युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जहां विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा प्रशिक्षित एवं योग्य युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार की युवा हितैषी नीतियों का सशक्त उदाहरण बनेगा। उन्होंने सभी जनप्रति. निधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया



कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिकतम संख्या में लोगों को जनसभा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। हर बूथ स्तर तक जिम्मेदारियां तय की गई हैं, ताकि कार्यक्रम में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित हो सके। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह जनसभा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों और सुशासन के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक बनेगी।

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता दिलाएं। अंत में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि 13 अप्रैल की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए वे पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे और अधिकतम जनसमर्थन जुटाएंगे। इस अवसर पर मुख्यरूप से कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन रामनाथ ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, उपसभापति मुकेश जैन, ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी, बिजेंदर मलिक, गन्ना समिति अध्यक्ष शंकर सिंह भोला, निर्भय सहरावत, अनिल त्यागी, हरिंदर शर्मा, विजय चौधरी, जोगिंदर सिंह, अमित चौधरी, अरुण त्यागी, प्रवेश कुमार सैनी, विनोद सैनी, बृजेश रस्तोगी, राजकुमार, विशाल सैनी, प्रमोद राठी, अशोक कुमार (चांदपुर), राम नरेश बुढ़ाना, मनोज राजपूत (खतौली), भारत भूषण त्यागी, अमित सिंह रावल, रजत चौधरी, डाक्टर विपिन त्यागी, प्रवीण कुमार, प्रमोद कश्यप, तरुण पाल, अनार सिंह, पंकज पाल, इंद्रपाल सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## नवागंतुक एसपी देहात ने किया पैदल गश्त

**बुढाना।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर नवागत एसपी देहात अक्षय महादिक ने बुढाना कोतवाली क्षेत्र में पैदल गस्त किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की कानून व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से बातचीत की। एसपी देहात अक्षय महादिक ने बुढाना कोतवाली क्षेत्र में कई थानों की फोर्स के साथ कस्बे में पैदल गस्त किया। उनके साथ बुढाना क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र पाल सिंह, बुढाना थाना प्रभारी और शाहपुर थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। गस्त के दौरान एसपी देहात अक्षय महादिक ने लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि बुढाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वे हर संभव कदम उठाएंगे। एसपी देहात अक्षय महादिक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी देहात अक्षय महादिक के पैदल गस्त से लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। लोगों ने पुलिस की मौजूदगी का स्वागत किया और कहा कि इससे उन्हें सुरक्षित महसूस हो रहा है। इस दौरान सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष बाबू अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, महिला थाना बुढ़ाना प्रभारी सुमन शर्मा, एसएसआई ललित कुमार शर्मा और बुढाना कस्बा पुलिस चौकी के इंचार्ज ललित कुमार कसाना सहित अन्य पुलिस बल भी मोजूद रहा।

### स्कूल की छात्रा सिया बनी एक दिन की थाना प्रभारी

**चरथावल।** महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के आईजीतहत थाना चरथावल में अनोखी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। ग्राम लुहारी खुर्द गेट के पास चरथावल-थानाभवन मार्ग पर स्थित एक पब्लिक स्कूल की कक्षा बारह की मेधावी छात्रा कुमारी सिया को एक दिन के लिए कार्यवाहक थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।जहां उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ जिम्मेदारी निभाई।कार्यक्रम के दौरान सिया ने थाना प्रभारी की कुर्सी संभालते हुए जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

# प्रमोद त्यागी ने की सपा सुप्रीमो से मुलाकात

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता एवं जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी खुलकर चर्चा हुई। इस संबंध में प्रमोद त्यागी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सभी कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का संदेश है। सभी को साथ ही लेकर चलना है और प्रचंड बहुमत से सपा की सरकार बनवानी है। प्रमोद त्यागी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी मजबूती के साथ जुटे हुए हैं। हम सभी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए किसान, मजदूर, गरीब और शोषित वर्ग की आवाज को मजबूत करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव का



मन बना चुकी है और समाजवादी पार्टी को अब सत्ता में लाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर काम कर रहे हैं। इस दौरानघ अखिलेश यादव से मिलने वालों में मुकेश वत्स, सपा नेता संदीप पाल, निशांत वत्स व रोहन त्यागी समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

## एक नजर

### मीरापुर में छात्रा बनी एक दिन की थानाध्यक्ष

**मीरापुर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मीरापुर थाना परिसर में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा रिद्धि गुप्ता को एक दिन के लिए मीरापुर थाने का प्रभारी (थानाध्यक्ष) बनाया गया। इस अनूठे अनुभव ने न केवल रिद्धि के आत्मविश्वास को मजबूत किया, बल्कि क्षेत्र की अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना।

थाने पहुंचने पर थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने रिद्धि गुप्ता का स्वागत किया और उन्हें पुलिस टीम से परिचित कराया। इस दौरान उन्हें पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के तरीकों और शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रिद्धि ने थाने में बैठकर आम जनता की समस्याएं सुनीं और हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान इंस्पेक्टर सुनील मिश्रा, एसएसआई महेंद्र गौतम और महिला एसएसआई ममता अत्री सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। ममता अत्री ने रिद्धि को महिलाओं से जुड़े मामलों और उनकी सुरक्षा से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में विशेष रूप से अवगत कराया। रिद्धि ने भी पूरे उत्साह के साथ पुलिस कार्यप्रणाली को समझा और अधिकारियों से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे। अपने अनुभव साझा करते हुए रिद्धि गुप्ता ने कहा कि यह अवसर उनके लिए बेहद खास और यादगार रहा। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और शिक्षा तथा आत्मविश्वास के दम पर हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाएं और छात्राएं भी थाने पहुंचीं और रिद्धि को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रबंधिका शिखा शर्मा और निदेशक राजेश शर्मा ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस पहल को क्षेत्र में व्यापक सराहना मिल रही है और लोग इसे बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं।

### श्री राम कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के कृषि विभाग में भारतीय सेना एवं वायु सेना के सहयोग से हस्किल्स ऑफ फिजिकल फिटनेसह विषय पर एक विस्तृत एवं प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली, शारीरिक सक्रियता तथा मानसिक संतुलन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य के महत्व को समझने की दिशा में सकारात्मक पहल की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. योगेश कुमार, प्रोफेसर, मृदा विज्ञान, सरदार पटेल कृषि विश्वविद्यलय एवं डॉ. एस.पी. सिंह, प्रोफेसर, मृदा विज्ञान, श्री राम कॉलेज संस्थान की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल तथा कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार तथा डॉ विनीत शर्मा (आईक्यूएसी) डॉ विपिन कुमार सैनी (बायो साइंस) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला के दौरान अनिल कुमार (भारतीय सेना) विशेषज्ञों द्वारा योग, प्राणायाम के बारे में प्रतिभागियों को बताया गया कि प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गति. विधि करने से शरीर की कार्यक्षमता बढ़ती है। इस प्रशिक्षण के दौरान उनकी शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति, अनुशासन, टीम वर्क एवं मान. सिक मजबूती का समग्र विकास होता है। निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि अनुशासन, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं नियमित व्यायाम जीवन को सफल बनाने के महत्वपूर्ण तत्व हैं। उन्होंने अपने संबोधन में भावनात्मक रूप से कहा कि हम अपने घरों में सुरक्षित और शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं, यह भारतीय सेना एवं वायु सेना के जवानों के त्याग, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। इस दौरान डॉ. प्रवीण मलिक, डॉ. उमरा रहमानी, डॉ. अक्षय कुमार , राजकुमार एवं डॉ. रीनू कुमारसचिन कुमार साहू , सूरज सिंह डॉ संतोष कुमार ,डॉ रत्ना किरण डी वानखेड़े ,प्रमुख रहे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान का आगाज

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर चल रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत आज बुढ़ाना विधानसभा के मण्डल सोरम के विभिन्न गांवों में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर केंद्र और प्रदेश की दोनों ही भाजपा सरकारों की जन कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक व्यक्ति तक अपने कल्याणकारी योजनाएं पहुंचने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास से ही देश का विकास संभव है और भाजपा इसी संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, कुलदीप बागड़ी, अंकुश राठी और सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामीणों का उत्साह और स्नेह यह बताने के लिए पर्याप्त है कि जनता का विश्वास आज भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन में अडिग है। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक ने ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे भाजपा सरकार ने गांवों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का जज्बा यहां पर देखने वाला था। वे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों और योजनाओं को विस्तार से बता रहे थे। उनका कहना था कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव के विकास के लिए काम कर रही है।

### छात्रा परिधि को बनाया एक दिन का कोतवाल

**भोपा।** भोपा कस्बा निवासी सचिन धीमान की पुत्री परिधि उर्फ परी को मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय थाना प्रभारी बनाया गया। परिधि ने थाने पर आये पीड़ितों की तसल्ली पूर्वक समस्या भी सुनी। परिधि मोरना के मॉडर्न पब्लिक स्कूल की कक्षा सात वीं की छात्रा है। छात्रा के पिता सचिन धीमान व उसकी माता मंजू धीमान ने प्रशन्ता जाहिर करते हुए कहा कि इससे उनकी बेटी का ही नहीं अन्य छात्राओं का भी मनोबल बढ़ेगा। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह सहित अन्य स्टाफ ने परिधि का सम्मान भी किया।

## लेडिज पुलिस ने युवतियों को सुरक्षा संबंधी पंपलेट बांटे

**बुढ़ाना।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुढ़ाना महिला थाने की पुलिस के द्वारा महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत एंटी रोमियो अभियान चलाया गया। इसी क्रम में कस्बा बुढ़ाना में बुधवार के दिन विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां दी गई। पुलिस टीम ने गांव की महिलाओं व बालिकाओं को भी जगह जगह पर एकत्रित कर मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों, एंटी रोमियो टीम की कार्यप्रणाली तथा उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। उन्हें सोशल मीडिया पर होने वाली ठगी, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से सतर्क रहने की सलाह दी गई और इसके साथ ही केंद्र और प्रदेश की सरक. ारों के द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना व सुमंगला योजना की भी जानकारी देते हुए पात्र महिलाओं को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान से क्षेत्र की महिलाओं में सुरक्षा की भावना दिखाई दी।

# अंत ही आरम्भ है :डा. प्रमोद मिश्र

**मुजफ्फरनगर।** शारीरिक शिक्षा-विभाग, सनातन धर्म कॉलेज के द्वारा प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुण्डीर के निर्देशन में 1857 की क्रांति के प्रथम शहीद अमर स्वतन्त्रता सेनानी मंगल पाण्डेय का 169 वाँ शहीदी दिवस मनाया गया एवं श्मंगल पाण्डेय शहीदी दिवस 1857 की क्रांतिश विषय पर संगोष्ठी का गरिमामयी आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र (हिंदी-विभाग) रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. अंशुल शर्मा ने और सह-संयोजन डॉ. कर्मजीत कौर ने किया स

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप बोलते हुए डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र (हिंदी-विभाग) ने कहा कि ष्अंत ही आरम्भ है और मंगल पाण्डेय के जीवन का अंत



ही स्वाधीनता संग्राम का आरम्भ था। उन्होंने मंगल पाण्डेय के जीवन पर आधारित भोजपुरी कविता जब सत्तावन के रारि भइल / बीरन के बीर पुकार भइल / बलिया के मंगल पांडे के बलिबेदी से ललकार भइल / गोली के तुरत निशान भइल / जननी के भेंट परान भइल / आजादी की बलिवेदी पर / मंगल पाण्डेय बलिदान भइल स का सुन्दर गायन किया जिससे पूरा सभागार देशभक्ति के रस में झूम उठा स इस अवसर पर प्रो. नीलिमा सिन्हा, डॉ. विकास वर्मा, प्रो. शुचि अग्रवाल, प्रो. आरुणिमा, डॉ. अरविन पंवार, डॉ. सलीम, डॉ. सुधीर, डॉ. खुश्बू यादव, डॉ. नौशीन फातिमा अंसारी, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. नागेंद्र सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### दुकानदार के मोबाइल से सिम हुआ चोरी

**भोपा।** वृद्ध दुकानदार के मोबाइल से सिम चोरी हो जाने का अजीब मामला प्रकाश में आया है। थाना व गांव भोपा निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह भोपा स्थित बाजार में मेंन रोड पर स्पेयर पार्ट्स की दुकान करते हैं। उनके पास एंड्रॉयड मोबाइल है।वृद्ध होने के कारण वह मोबाइल से केवल कॉल करते व सुनते हैं।मंगलवार को वह मोबाइल को काउन्टर की दराज में रखकर पास में ही किसी कार्य से चले गए। कुछ देर बाद मोबाइल से कॉल करने की आवश्यकता पड़ी तो मोबाइल से सिम गायब मिला।जिससे सुरेन्द्र सिंह परेशान हो गए।कम्पनी से सिम को बंद करा दिया गया।इस दौरान सिम के दुरपयोग की आशंका को लेकर पीड़ित ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई है।वहीं मोबाइल से सिम चोरी होने की अजीब घटना से सनसनी फैल गयी है।

# 11 को निकलेगी श्री खाटू श्याम निशान यात्रा

**मुजफ्फरनगर।** श्री खाटू श्याम सेवा प्रचार समिति द्वारा शहर में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष विकास गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रैल 2026 को प्रात: 8 बजे मनोकामना पूर्ण निशान यात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर झांसी की रानी, नई मंडी पुल, गौशाला रोड होते हुए खाटू श्याम मंदिर गणपति धाम पर समाप्त होगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

इसके अगले दिन 12 अप्रैल 2026 को सायं 7:30 बजे नई मंडी स्थित रामलीला भवन में बाबा श्याम का भव्य श्री श्याम अखंड का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन संध्या का भी आयोजन होगा, जिसमें पंजाब से विजय जी महाराज,



पहाड़गंज से सुरेश चंद गुप्ता, जयपुर से सौरभ शर्मा और दिल्ली से साहिल सांवर अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बाबा के आकर्षक दरबार, भव्य दर्शन और प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन में शामिल होने के लिए शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है।इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य पुनीत गोयल, विनय गोयल, गौरव वर्मा, यश कुमार गोयल, अनुपम जैन, गौरव बंसल, नीरज चौधरी, अनुरूप सिंघल, अर्पित बंसल, विनीत अग्रवाल, पवन अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गृह क्लेश में पति ने लगाई फांसी, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अटल विहार निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां ने ऊपर मंजिल पर जाकर देखा तो युवक फांसी का फंदा लगाकर गेट में लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक युवक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अटल विहार निवासी 32 वर्षीय संजय पुत्र सतपाल सैनी की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व प्रियंका के साथ हुई थी। बताया जाता है कि दोनों के कोई संतान नही है और पिछले कुछ दिनों से पति पत्नी के बीच विवार चला आ रहा है। पिछले करीब एक माह से प्रियंका अपने मायके में चली गई थी। जिसके बाद संजय और उसकी मां सोमी घर पर अकेले थे। बुधवार सवेरे संजय अपने मकान की ऊपरी मंजिल पर था। मां सोनी ने पुत्र संजय को काफी आवाजे लगाई, लेकिन वह नीचे नही आया। जिसके बाद मां ऊपरी मंजिल पर पहुंची तो बेटे को फांसी पर लटका देख उसके होश उड गए। सूचना पर मोहल्लेवासी भी मौके पर पहुंचे और मकान के गेट पर लगी जाली में फंदा बनाकर लटके संजय को नीचे उतारा और मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच पडताल की गई। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही परिजनों ने मृतक युवक के ससुरालियों पर अनावश्यक रूप से मानसिक उत्पीडन करने का आरोप लगाया है।

# एटीएस ने तीनों युवकों को छोड़ा

- परिजनों ने ली राहत की सांस।
- खुफिया इनपुट पर मंगलवार देर रात कैराना से हिरासत में लेकर की गई थी पूछताछ में आपत्तिजनक तथ्य न मिलने पर किए रिहा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** खुफिया इनपुट के आधार पर आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) द्वारा कैराना कस्बे से हिरासत में लिए गए तीन युवकों को विस्तृत पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। युवकों के घर लौटने पर उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात एटीएस की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से कैराना कस्बे में कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। बताया जाता है कि खुफिया एजेंसियों को कुछ संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित इनपुट प्राप्त हुआ था, जिसके आधार पर एटीएस ने जांच की कार्रवाई शुरू की। सूत्रों के मुताबिक टीम युवकों को पूछताछ के लिए अपने साथ लेकर गई, जहां उनसे विभिन्न बिंदुओं पर गहन पूछताछ की गई। जांच एजेंसियों ने युवकों के मोबाइल फोन, संपर्कों और अन्य गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई। पूछताछ के दौरान किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री या अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के ठोस साक्ष्य सामने नहीं आए। कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रारंभिक पूछताछ और सत्यापन के बाद एटीएस ने तीनों युवकों को छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि युवकों को औपचारिक गिरफ्तारी नहीं दिखाया गया था, बल्कि केवल पूछताछ के उद्देश्य से हिरासत में लिया गया था। बुधवार को युवकों के घर पहुंचने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। देर रात हुई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी चलती रहीं। हालांकि इस पूरे मामले को लेकर एटीएस या स्थानीय पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।स्थानीय पुलिस अधिकारियों का कहना है कि खुफिया इनपुट मिलने पर जांच एजेंसियां सतर्कता के तौर पर पूछताछ और सत्यापन की कार्रवाई करती हैं। यदि जांच में कोई आपत्तिजनक तथ्य सामने नहीं आता है तो संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार छोड़ दिया जाता है।

फिलहाल मामले में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई की पुष्टि नहीं हुई है। वही मामले को लेकर नगर चारो तरफ चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी युवक ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन घर पर मौजूद थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। आरोप है कि इसी दौरान उसकी बहन अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला समीर पुत्र गोलू उसको बहला-फुसलाकर, घर में रखी करीब 60 हजार रुपये की नगदी भी लेकर फरार हो गया।

# शामली में केंद्रीय विद्यालय होगा स्थापित

शामली। केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय आगरा द्वारा जनपद शामली में नए केंद्रीय विद्यालय के संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यालय आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 8 अप्रैल 2026 को जारी किया गया, जिसमें आगामी शैक्षिक सत्र 2026-27 से केंद्रीय विद्यालय शामली के संचालन की तैयारियों को गति देने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन में जनपद शामली में स्थापित किए जा रहे केंद्रीय विद्यालय के प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु कुछ शिक्षकों को अस्थायी रूप से तैनात किया गया है। इन कर्मचारियों को विद्यालय के प्रारंभिक संचालन, व्यवस्था निर्माण और अन्य आवश्यक प्रशासनिक कार्यों में सहयोग के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि प्राथमिक शिक्षक हिमांशु मित्तल तथा आशुतोष को केंद्रीय विद्यालय, शामली में प्रतिनियुक्त किया गया है। ये दोनों शिक्षक वर्तमान में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, पंजाब लाइंस, मेरठ छावनी में कार्यरत हैं। इन्हें 9 अप्रैल 2026 से आगामी आदेश तक शामली में अपनी सेवाएं देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इन शिक्षकों को प्रभारी प्राचार्य का सहयोग करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा शामली महोत्सव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि शामली महोत्सव-2026 का आयोजन 8 मई से 11 मई 2026 तक चार दिवसीय रूप में किया जाएगा। महोत्सव के लिए स्थल के रूप में वी.वी. डिग्री कॉलेज, शामली का चयन किया गया है। जिलाधिकारी ने महोत्सव को सफल और आकर्षक बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया जाए, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ प्रसिद्ध कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को उच्च स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे आमजन को सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी मिल सके। साथ ही, आकर्षक और उच्च स्तरीय फूड स्टॉल भी महोत्सव का हिस्सा होंगे, जो आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्येन्द्र सिंह, पीडी डीआरडीए प्रेम चंद सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### व्यापारियों की समस्याओं को लेकर लिए गए फैसले

**शामली।** व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने बड़ा फैसला लिया है। संगठन की मंत्री परिषद की बैठक मंगलवार को मथुरा स्थित एक होटल में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रदेश सरकार पर व्यापारियों की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा लगातार मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, सांसदों, विधायकों और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की जाती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के चलते मंत्री परिषद ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापार मंडल द्वारा अपने प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि इससे व्यापारियों की आवाज सीधे विधानसभा तक पहुंचेगी और उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सकेगा। बैठक में व्यापारियों की प्रमुख मांगों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यापारियों को 3000 रुपये मासिक पेंशन देने, व्यापारिक स्टॉक का सरकारी बीमा कराने, दुर्घटना बीमा राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने, कमर्शियल बिजली दरों को घरेलू दरों के बराबर करने, मंडी समिति को समाप्त करने, आयुष्मान योजना का लाभ व्यापारियों तक पहुंचाने और जीएसटी में सचल दल प्रणाली को समाप्त करने जैसी मांगें शामिल रहीं। इसके अलावा 12 से 15 अगस्त तक दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापारी महोत्सव में भागीदारी और सहयोग का प्रस्ताव भी बैठक में पारित किया गया।

### पालिकाकर्मियों ने नामित सभासदों का किया सम्मानित

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली में बुधवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के तत्वावधान में नामित सभासदों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संघ के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र कुमार बिडला, यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि एवं महासचिव अश्वनी तेश्वर के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, चेयरमैन अरविन्द संगल रहे। इस दौरान नामित सभासदों देवानंद गौड़, मीरा चावला, उत्तम नामदेव, हरिओम पाठक, संगीता जिंदल, लीलेराम कांधला, रवि गहलोत झिंझाना, धर्मवीर वाल्मीकि कैराना एवं आशा सौदागर ऊन का फूल-माला पहनाकर, पगड़ी बांधकर तथा डॉ. बाबा साहेब का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रसिद्ध कवि प्रदीप टांक मायूस रहे। आयोजन मंडल में देवेंद्र कुमार बिडला, नितिन कुमार भंवर, दीपक चंद्रा, मनीष गहलोत, संदीप सौदाई, जितेंद्र टांक, घनश्याम पारचा, बादल गौतम मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से नामित सदस्यों से विकास कार्यो में सहयोग करने की अपील की गई।

### डेयरी में घुसकर लाठी-डंडों से हमला, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील में दूध की डेयरी पर मौजूद एक महिला के साथ गांव के चार लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील निवासी रेखा देवी पत्नी राजपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि पीड़िता विगत 29 मार्च की शाम करीब सात बजे वह अपने घर पर चल रही दूध की डेयरी पर मौजूद थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही बाबू पुत्र नत्थू, आकाश पुत्र बाबू, छोटा पुत्र बाबू और हिमांशु पुत्र नरेंद्र वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर शराब होने पर अन्य ग्रामीण भी मौके पर आ गए।पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और बीच-बचाव करने आए उसके तीन बच्चों के साथ भी धक्का-मुक्की की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।घटना के बाद पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद विगत मंगलवार को थाने पर पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता द्धठछैत्र की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक के सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच उपनिरीक्षक को सौंपी गई है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर में युवाओं को अनुशासन व सेवाभावना को किया प्रोत्साहित

**शामली।** युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से वीवी पीजी कॉलेज में चल रहे रोवर्स-रेंजर्स शिविर में विभिन्न रचनात्मक और प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए सड़क सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। पांच दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत टी-फॉर्मेशन में ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार और डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार मौजूद रहे। इसके बाद प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। ह्लपरवाह करेंगे, सुरक्षित रहेंगेह्व संदेश के साथ रोवर्स-रेंजर्स ने संकल्प लिया कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करेंगे और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक टोली ने अपने-अपने प्रदेश का परिचय देते हुए आकर्षक पोस्टर तैयार किए। सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टोली ने प्रथम, पंजाब ने द्वितीय और गुजरात ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम सत्र में गीता रानी ने प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देते हुए पट्टी बांधने और अस्थायी स्ट्रेचर बनाने की विधि सिखाई। वहीं द्वितीय सत्र में श्रीमती गायत्री देवी ने विभिन्न प्रकार की मीनार बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान रोवर्स प्रभारी निर्भय कुमार सिंह और रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुप्रिता भी मौजूद रहे।

# नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की नगरपालिका सभागार में बुधवार को नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और नगर के गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।समारोह में एसडीएम निधि भारद्वाज ने नामित सभासद लीला वाल्मीकि, संदीप सैनी, नीरज पवार, राजीव जैन और अलका चौहान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद सभी सभासदों ने नगर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। समारोह में विधायक प्रसन्न चौधरी पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, जिला अध्यक्ष रामजी लाल कश्यप, रालोद जिला अध्यक्ष वाजिद अली, नगरपालिका का चेयरमैन नजमुल इस्लाम, अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सिंह कुशांक चौहान, एडवोकेट नावेद जंग, सभासद मुस्तफा,संदीप प्रधान, विजय कौशिक,सहित नगर पालिका के सभासद, व्यापारी तथा नगर के अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

### शपथ ग्रहण में रहा अव्यवस्थाओं का बोलबाला

नगर पालिका सभागार में बुधवार को आयोजित नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अव्यवस्थाओं का बोलबाला देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और लोग पहुंचे, लेकिन सभागार में बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कुर्सियां कम पड़ गई।कुर्सियों की कमी के चलते कई जनप्रतिनिधियों और लोगों को खड़े होकर ही कार्यक्रम देखना पड़ा। इस दौरान व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा होती रही।

### शपथ ग्रहण समारोह में विकास कार्यो को लेकर उठाया सवाल

नगर पालिका सभागार में आयोजित नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उस समय हलचल मच गई, जब कस्बा निवासी भीम सिंह ने मंच से नगर में विकास कार्य नहीं होने का आरोप लगा दिया।भीम सिंह ने माइक पर बोलते हुए कहा कि उनके वार्ड में किसी प्रकार के विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब वार्ड में कोई काम ही नहीं हो रहा है तो नामित सभासद नगर के विकास में आखिर क्या भूमिका निभाएंगे। मंच से उठाए गए इन सवालों से कुछ देर के लिए समारोह का माहौल बदल गया और वहां मौजूद लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई। पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर लगाए गए आरोप कार्यक्रम में चर्चा का विषय बना रहा और फिर उनसे माइक ले लिया गया।

# ब्राह्मण समाज का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: केसी गौड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा पंजीकृत की बैठक बरखंडी पर स्थित शिव मंदिर में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पंडित अरविंद कौशिक के संचालन में आयोजित की गई। जिसमें संगठन की मजबूती पर बल दिया गया बैठक को संबोधित करते हुए पंडित पंकज शर्मा ने कहा कि पंडित के सी गौड राष्ट्रीय प्रभारी, पंडित हेमंत कौशिक राष्ट्रीय अध्यक्ष रात दिन संगठन मजबूती देने में लगे हुए हैं। उनके कार्यकाल में संगठन तेजी के साथ विस्तार ले रहा है पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी अरविंद कौशिक ने कहा की अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम राष्ट्रीय वैदिक सनातन पंचांग विमोचन एवं संगठना त्मक विस्तार समारोह का कार्यक्रम प्रभु परशुराम के चरणों में बैठकर प्रभु परशुराम का मंदिर, मोदीनगर में हुआ। कार्यक्रम के सभापति पंडित हरवीर शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे। कार्यक्रम में पंडित डॉक्टर केसीगौड़ राष्ट्रीय प्रभारी का सानिध्य रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित हेमंत कौशिक रहे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित खेमचंद वत्स राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पंडित ए.के. शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री, पंडित डॉक्टर जितेंद्र गौड़ राष्ट्रीय महामंत्री संगठन, पंडित गौरी शंकर शर्मा राष्ट्रीय प्रचार सचिव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चार करने के बाद हुआ । कार्यक्रम का कुशल संचालन पंडित डॉक्टर जयप्रकाश झा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया। कार्यक्रम में पंडित चांद वीर शर्मा, पंडित सुनील शर्मा, पंडित गजेंद्र शर्मा, पंडित सुरेश भारद्वाज मौजूद रहे ।

# बदलते मौसम ने कराया ठंड का अहसास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में अचानक बदले मौसम ने लोगों को एक बार फिर ठंड का एहसास करा दिया है। बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और शाम होते-होते हुई तेज बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। ठंडी हवाओं और गिरते तापमान के चलते लोगों को गर्म कपड़े निकालने पड़े, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी के बाद बुधवार को मौसम पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। दिनभर काले बादल छाए रहे और सर्द हवाएं चलती रहीं। शाम के समय झमाझम बारिश शुरू हो गई, जिससे ठंड और बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते दो दिनों में करीब 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। लगातार हो रही बारिश का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं की फसल बारिश में भीग गई, जिससे नुकसान की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा सब्जियों की फसल भी जलभराव और अधिक नमी के कारण प्रभावित हो रही है।

# मिटटी खनन में लगे डंपर में करंट से चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जनपपद सहारनपुर के तींतरो क्षेत्र में नवनिर्मित हाईवे के निर्माण में मिटटी कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसे मे डम्पर के चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई ।जानकारी के अनुसार खेडी खुशनाम गांव से हाईवे निर्माण के लिए मिटी डम्परों के जरिए लाई जा रही थी। इसी दौरान मिटी से भरा एक डंपर खुदाई स्थल पर अचानक जमीन में धंस गया। डम्पर को निकालने के लिए मौके पर जेसीबी मशीन बुलाई गई। जब जेसीबी की मदद से डम्पर को ऊपर उठाने का प्रयास किया गया, तभी डम्पर ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही डम्पर बिजली के तार से टकराया, उसमें तेज चिंगारी के साथ आग लग गई और करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आने से चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई।मृतक की पहचान मुकेश कुमार पुत्र नाथीराम निवासी ग्राम मंटीहसनपुर, थाना थानाभवन के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। बाद में पुलिस मृतक के घर पहुंची तथा परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जा रहा है कि खेडी खुशनाम में त्रिलोक के खेत से मिट्टी उठाई जा रही थी। लोगों ने निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सवाल उठाए हैं।

# झाड़खेड़ी रोड पर चला बुल्डोजर



**कैराना।** नगर पालिका प्रशासन ने कस्बे में बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए झाड़खेड़ी रोड पर अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय पुलिस बल की मौजूदगी में दुकानों के सामने मुख्य नाले पर किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कराया गया। साथ ही नालों की सफाई भी कराई गई। बुधवार की दोपहर नगर पालिका परिषद कैराना की टीम अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप के नेतृत्व में जैसे ही मौके पर पहुंची तो अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपने अस्थायी कब्जे हटाने शुरू कर दिए, जबकि कुछ स्थानों पर पालिका कर्मियों ने जेसीबी से अवैध निर्माण को हटाया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे बने पक्के और कच्चे ढांचों को भी हटवाया गया, जिससे मुख्य नाले पूरी तरह खुल सके। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से नालों पर अतिक्रमण होने के कारण जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए नालों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया और उनकी सफाई कराई गई, ताकि पानी का बहाव सुचारू रूप से हो सके। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने बताया कि नगर क्षेत्र में अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुचारू यातायात के लिए अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही दुकानदारों और नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वयं ही सड़क और नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटा लें, अन्यथा पालिका द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, शामली
पत्रांक: 89 वि0वि0मं0/शा0/निविदा
दिनांक- 08/04/2026
ई-निविदा सूचना दिनांक 08.04.2025
**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**
1. अल्पकालीन निविदा 01/2026-27, विद्युत वितरण खण्ड-कैराना के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष रनिंग टेण्डर के माध्यम से कार्य कराया जाना।
प्रपत्र शुल्क- रू0 3540.00, धरोहर राशि रू. 52000.00
**ई-निविदा की अंतिम तिथि:** 23 अप्रैल 2026, 12:00 बजे
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट htpp//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।
विद्युत हैल्पलाईन 1800-180-3002 (मेरठ) 1800-180-8752 (लखनऊ)

# नामित सभासदों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के जनता इंटर कालेज के सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में नगर पंचायत बेहट के नामित सभासदों का एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमे नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैय्या ने नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।



बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह मे शासन द्वारा नामित नगर पंचायत बेहट मे सभासद वरिष्ठ व्यापारी एवं भाजपा के बेहट मंडल उपाध्यक्ष सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू ,सुधीर कर्णवाल एवं अनिल सिंघल को नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू ने सभासद पद एवं गोप. नीयता की शपथ दिलाई गई । सभासदों को शपथ ग्रहण कराने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने कहा कि नगर पंचायत बोर्ड का परिवार बड़ा है यह हम सब के लिए खुशी की बात है उन्होंने कहा कि वे नामित सभासदों को बराबर का सम्मान देते हुए सबको साथ लेकर चलेंगे और कस्बे के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।उन्होंने सभी नामित सभासदों का फूलमलाए के साथ जोरदार स्वागत किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आये पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि नामित सभासद यह वे कार्यकर्ता है जिन्होंने पार्टी के समर्पित होकर दिन रात कार्य किया है जिस का परिणाम वह है कि उनके लिए आज यह गौरव का पल है।व पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान देते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई आशा है कि नामित सभासद जनता के मुद्दों को नगर पंचायत बोर्ड मे उठाकर हल कराने का काम करेंगे।भाजपा नेता अभय राणा ने कहा कि भाजपा सरकार में चारों तरफ विकास ही विकास किया जा रहा है। सभी नामित सदस्य भी कस्बे में विकास करने के अहम भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाजपा नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कस्बे के विकास के लिए नामित सभासदों का अहम सहयोग होगा।विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। नामित सभासद सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू ने कहा कि पार्टी ने जो सभासद की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उस को वे अपनी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का काम करेंगे और बोर्ड के सभी सदस्यों को साथ लेकर कस्बे का विकास कराने का काम करेंगे।कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश गाबा कार्यक्रम में मुख्य रूप से डी सी डी एफ के चेयरमैन सोनेन्द्र राणा, जिला पंचायत सदस्य चौधरी रामकिशन उर्फ रामू , ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम मे नायब तहसीलदार देवेन्द्र प्रजापति अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा, जिला पंचायत हंसराज गौतम,ब्रजेश, मुकेश चौहान अजय जैन, अवनीश अग्रवाल, राजेश राजदेव उर्फ मोनी, कृष्णा राजदेव मंडल महामंत्री पूर्व प्रधान प्रदीप गुप्ता, बेहट मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र सैनी, मोनी राजदेव,मोहित जैन, अवनीश अग्रवाल, बंसीलाल एडवोकेट,अखिलेश बंसल, राज. ेश उर्फ मोनी राजदेव, कृष्णा राजदेव, देवेंद्र सिंह राणा, ठाकुर राजबीर सिंह, रजत त्यागी, सिफॉल मलिक, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सैनी, सभासद मुर्तजा राही, सतप्रकाश रोहिला, आयशा, पीरू मियाँ, मोहम्मद अहमद काजमी,फैसल मिर्जा, टीपू सुल्तान, मिर्जा फजलू रहमान आदि मौजूद रहे।

# विकास में जुटें नामित सभासद: अभय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत छुटमलपुर के सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर नामित तीन सदस्यों को पद और गोप. नीयता की शपथ दिलाई गई।



मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा और पूर्व विधायक नरेश सैनी की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन और कमलकांत राजवंशी ने तीनों सभासदों को शपथ दिलाई।भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा ने सरकार की विभिन्न योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए नगर पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों और सभी सभासदों से ईमानदारी से काम करने की अपील की। पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की रणनीति पर काम कर रही है और नामित सदस्य क्षेत्र में विकास कार्य कराएंगे। युवा भाजपा नेता अभय राणा ने कहा कि नामित सभासद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मिशन को आगे बढाये। कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा बिजेन्द्र कश्यप, डीसीएफ अध्यक्ष सोनेंद्र राणा, भाजपा युवा नेता अभय राणा, कुलबीर राणा, मंजू शर्मा और नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन ने भी संबोधित किया। शपथ ग्रहण करने वाले नामित सदस्य रोहित सैनी, ओमप्रकाश सैनी और भगवान दास राठौर रहे।

इस अवसर पर नीरज जैन, विशाल बंसल, दिनेश शर्मा, सभासद ओमप्रकाश सैनी, रोहित सैनी, बाबू राठौड़, परविंदर राणा, राजेश राणा, रजत पुंडीर, देवराज पुंडीर, अंकुर सैनी, संजय सैनी, मोनी काम्बोज, ऋषि पाल सैनी, ऋषिपाल उपाध्याय, राजकुमार प्रधान, विजय राणा, संजय राणा, प्रवेश काम्बोज, राजेश राणा, ममता शर्मा, प्रियंका काम्बोज, विकास तोमर, डॉ. किरण पाल राणा, अनुज राणा और सुखपाल प्रधान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्लेसमेंट ड्राइव में 58 छात्रों का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 58 छात्रों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ। इस ड्राइव में कुल 138 छात्रों ने भाग लिया।

चयन प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन एवं साक्षात्कार आयोजित किए गए।चयनित छात्रों को कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान की निद. ेशक डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि संस्थान में रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि छात्रों के कौशल विकास हेतु पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं मॉक इंटरव्यू सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। संस्थान के चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ ने चयनित छात्रों को बधाई दी तथा अन्य छात्रों को प्रेरित करते हुए आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे प्लेसमेंट अवसर उपलब्ध कराते रहेंगें। प्लेसमेंट ड्राइव का संच. ालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के सूर्यकांत एवं ओमपाल द्वारा किया गया।

## लापता दो बच्चों को सकुशल किया बरामद

**गंगोह।** मिशन शक्ति व एन्टीरोमियो टीम द्वारा घर से लापता 6 व 4 वर्षीय दो बच्चों को मात्र 4 घंटे में तलास कर सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चों को पाकर परिजन पुलिस को दुआयें देते नजर आयें। पूरणमल डिग्री कालेज की छात्राओं ने मोबाईल द्वारा मिशन शक्ति प्रभारी को विधार्थी तिराहे पर अपने परिजनो से बिछड़े दो बच्चों के घूमने की सूचना मिलते ही मिशन शक्ति प्रभारी एसआई खुशबू, एचसी रविश राणा व कां. मनीषा ने मौके पर पहुंचकर बच्चों अपने संरक्षण में लेकर परिजनों की तलाश शुरु की।

# ब्लॉक निधि से निर्मित सड़कों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह व मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचन्द सैनी ने ग्राम पंचायत चकवाली के मजरे अलाउद्दीनपुर में विकासखण्ड द्वारा निर्मित सड़कों का शिलान्यास किया।



ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह व मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचन्द सैनी का ग्राम पंचायत चकवाली के मजरे अलाउद्दीनपुर पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जहाँ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह व मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचन्द सैनी ने क्षेत्र पंचायत निधि 2025-26 राज्य वित्त योजनान्तर्गत विकासखंड द्वारा निर्मित सड़कों का शिलान्यास किया। विजयपाल सिंह ने कहा कि विकासखंड के प्रत्येक ग्राम में भरपूर विकास कराया जा रहा है। जनता की आवश्यकता के अनुरूप कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचन्द सैनी ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में विकास होता दिखाई दे रहा है।जनप्रतिनिधि गाँव गाँव पहुँच रहे हैं ये भाजपा सरकार की विकास की नीति है। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा चौधरी हैदर गुर्जर, महानगर पार्षद अरुण गुप्ता, डॉ किरनपाल, नकुल चौधरी, गौतम चौधरी, अनिरुद्ध सैनी, ओमवीर चौखर, विशालदेव गुर्जर, सन्नी देव चौधरी, सपन जैन, शुभम प्रधान, अशोक चौधरी आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# विधायक देवेन्द्र निम ने स्वीकृत कराई आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम लगातार जनहित के मुद्दों पर काम कर रहे हैं।इसी कड़ी में मानवीय पहल करते हुए देवेंद्र निम ने क्षेत्र के गम्भीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आठ लाख तीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कराई है।



रामपुर मनिहारान विधानसभा के दूसरी बार विधायक बने देवेंद्र निम जमीन से जुड़े नेता माने जाते हैं।विधानसभा के लोगों के सुख दुख में वे हमेशा उनके साथ खड़े होते हैं।आम जनता से जुड़े मुद्दों को वह पूरी दमदारी के साथ विधानसभा उठाते हैं।इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र निम ने मानवीय पहल करते हुए एक और बड़ा कदम उठाया है।उन्होंने गम्भीर बीमारियों से जूझ रहे पाँच जरूरतमंद लोगों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 8 लाख 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कराई है।जिससे पीड़ित परिवारों को उपचार कराने में आसानी होगी।

# पुरुस्कार वितरण के साथ देवी बाला सुन्दरी मेले का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** माँ देवी बाला सुंदरी मेले का समापन एक सप्ताह बाद मंगलवार देर शाम को हो गया। समापन अवसर पर मेले में सुंदर एवं भव्य दुकान लगाने वाले दुकानदारों, स्काउट तथा मेले के आयोजन में सहयोग करने वालों को पुरस्कार वितरण किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के महापौर डॉक्टर अजय सिंह, पंजाबी समाज सहारनपुर के अध्यक्ष पाली कालडा तथा समा. जसेवी जयनाथ शर्मा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर डॉ अजय सिंह ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, इनको संजो कर रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। चिलकाना का मेला वास्तव में पुरातन मेला है। इस मेले में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिलती है। जयनाथ शर्मा ने मेले के सफल आयोजन की सभी को बधाई दी।



मेला प्रबंधक पवन कुमार सिंघल तथा व्यवस्थापक राजीव सिंघल ने मेले के इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेले में सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं। मेले में भव्य दुकानें लगाने वालों, झूला चलाने वालों, मनो. रंजन ठेकेदार फिरोज अहमद, पेयजल के लिए एकता जन सेवा समिति, स्काउट में नव जनोदय इंटर कॉलेज तथा जे जे इंटर कॉलेज के स्काउट छात्रों, शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थानाध्यक्ष विनोद कुमार को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मेले के आयोजन में विशेष रूप से सहयोग देने वाले बालकृष्ण शर्मा, श्याम कुमार सैनी, संतोष कुमार अग्रवाल, सोनू सिंघल, मनोज सैनी, अजय शर्मा, तेजपाल सैनी व प्रदीप कुमार को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हरीचंद प्रधान, केएन तिवारी, इकराम लाला कुरैशी, राकेश जैन, सभासद अनुपम जैन, पवन गुम्बर आदि रहे।

# मुठभेड में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने बाद मुठभेड़ एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी गौकश बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से अवैध असलहा, गौकशी के उपकरण व एक जिन्दा गोवंश बरामद किया गया।

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गांव पैरागपुर से घाटहेडा जाने वाले रास्ते पर बाग में छापेमारी की गयी तो आम के पेड के निकट दो व्यक्ति व एक गोवंश दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखते ही दोनों बदमाशों ने हडबडाहट में जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जबावी फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल होकर वहीं गिर गया जिसको पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। घायल गिरफ्तार बदमाश की पहचान उस्मान उर्फ मानी पुत्र नानू मूल निवासी कमेला कॉलोनी थाना कुतुबशेर हाल निवासी ग्राम बुड्ढाखेडा थाना चिलकाना के रूप में की गई। वहीं दूसरा आरोपी बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार कांबिग की जा रही है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र तौफीक व उसकी पत्नि श्रीमति गुलशाना को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**तव्वाब पुत्र मौ. अख्तर निवासी हाकम शाह कालोनी पास मौहम्मदी मस्जिद, गली नम्बर-6, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अनस को गलत संगत में पडने व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**इस्लाम पुत्र लतीफ निवासी ग्राम थावनी थाना व तहसील नकुड जनपद सहारनपुर।**

# जैन कॉलेज में बरसात के बीच एथलीटों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज के वार्षिक क्रीड़ा उत्सव के दूसरे दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई।



प्रतियोगिता का उद्घाटन आज मुख्य निर्णायक लाल धर्मेंद्र प्रताप ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।50 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर अश्वनी कुमार दूसरे स्थान पर सौरभ कुमार और तीसरे स्थान पर आशू कुमार रहे महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर साक्षी गोयल दूसरे स्थान पर कशिश पाल तीसरे स्थान पर वंशिका रही। 100 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर अश्वनी कुमार दूसरे स्थान पर सौरभ कुमार तीसरे स्थान पर सत्येंद्र गौतम रहे महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर पायल रानी दूसरे स्थान पर काशीशपाल तीसरे स्थान पर वंशिका रही 200 मीटर की पुरुष वर्ग में अश्वनी कुमार प्रथम स्थान सौरव कुमार दूसरा स्थान और सत्येंद्र गौतम तीसरे स्थान पर रहे महिला वर्ग में पायल रानी प्रथम स्थान अक्षिता देवी दूसरा स्थान तथा मुस्कान तीसरे स्थान पर रही। रिले रेस में पुरुष वर्ग में सौरभ कुमार और मोहित सैनी की जोड़ी ने प्रथम आशू कुमार और सत्येंद्र गौतम की जोड़ी ने दूसरा स्थान तथा विनोद कुमार और श्रीकांत की जोड़ी ने तीसरा स्थान अर्जित किया महिला वर्ग में कशिश पाल और साक्षी गोयल की जोड़ी ने प्रथम स्थान अक्षिता देवी और पायल रानी की जोड़ी ने दूसरा स्थान तथा नेहा और वंशिका की जोड़ी ने तीसरा स्थान अर्जित किया शॉट पुट में पुरुष वर्ग में दक्ष त्यागी ने प्रथम स्थान अयान अली ने दूसरा स्थान तथा श्रीकांत ने तीसरा स्थान अर्जित किया महिला वर्ग में श्रुति सक्सेना ने प्रथम स्थान अक्षिता देवी ने दूसरा स्थान तथा वंशिका ने तीसरा स्थान अर्जित किया स्टैंडिंग ब्रॉड जंप में पुरुष वर्ग में सौरभ कुमार ने प्रथम स्थान विनीत कुमार ने दूसरा स्थान सौरभ कुमारदित्य ने तीसरा स्थान हासिल किया महिला वर्ग में कशिश पाल ने प्रथम स्थान श्रुति सक्सेना ने दूसरा स्थान तथा अक्षिता देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया इसी क्रम में परंपरागत खेलों को जीवित रखने के लिए बोरिकूद का भी आयोजन किया गया बोरिकूद में पुरुष वर्ग में रॉबिन ने पहला स्थान अनुराग वर्मा ने दूसरा स्थान तथा मनीष कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में मनीष कुमार, आचार्य भीम शामिल रहे। डा.संदीप गुप्ता ने बताया कि कल तीसरे तथा आखिरी दिन महिला वर्ग की खो खो खो गेम तथा बास्केटबॉल की फ्री शॉट खेली जाएगी।

## ज्ञापन सौंपा

**गंगोह।** भारतीय किसान यूनियन नई क्रांति ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को दिया है।

ज्ञापन में कहा गया कि गंगोह सहित उत्तर प्रदेश की अधिकतर मंडियों में किसान की फसल को खुले में बोली करके नहीं बेचा जा रहा है, जिसे किसान का उत्पीडन होता है। अनाज मंडी में सरकारी मानकों के विपरित करदे के नाम पर एक से डेढ़ किलों की काट की जाती है। विरोध करने पर मंडी प्रबंधक द्वारा कोई कार्रवाई नहीं कि जाती है। अनाज में मोसचर अधिक बताकर किसान को परेशान किया जाता है। ज्ञापन देने वालों में ब्लाक अध्यक्ष चौधरी संजय खटाना, यशपाल, हारून, विजयपाल, ब्रिजेश, धर्मवीर, इमरान, कुलवीर, प्रताप कश्यप आदि मौजूद रहे।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, सहारनपुर**

| | |
|---|---|
| अल्पकालीन निविदा संख्या 01/कार्य/2026-27 दिनांक 08.04.2026 | |
| कार्य का नाम: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-तकनीकी, सहारनपुर के कार्यक्षेत्र में 33 केवी एवं 11 केवी केबिल ज्वाईंटिग किट आपूर्ति एवं लगाने का कार्य। | |
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रू. 1180.00 | धरोहर राशि: रू. 5000.00 |
| ई-निविदा की अंतिम तिथि: 23.04.2026, 12:00 बजे | |

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# रेल कर्मियों ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रोष सप्ताह के तहत आज यूनियन के पदाधिकारी ने रेलवे स्टेशन पर गेट मीटिंग का आयोजन कर रोष जताया।




यूनियन नेताओं ने कहा कि रेलवे के नियमित कार्य जैसे ट्रैक सिग्नल, इंजन-कोच रिपेयर, वातानुकूलित कोच मेंटेनेंस, टिकट बुकिंग और आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं, जो कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है।

रोष सप्ताह के दौरान यूनियन ने कई प्रमुख मांगें उठाई हैं, जिनमें पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कोविड काल में फ्रीज की गई महंगाई भत्ते की तीन किस्तों का भुगतान, ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाकर रिक्त पदों को शीघ्र भरना, बढ़े हुए कार्यभार के अनुसार नए पदों का सृजन, तथा आठवें वेतन आयोग में 3.5 फिटमेंट फैक्टर लागू करना शामिल है।

गेट मीटिंग में संगठन से उपेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में बाबूराम, रविन्द्र, सुरेन्द्र, राजेन्द्र, गुरदीप, विवेक कुमार, बालकिशन, रवि मेहरा, उपेन्द्र गुप्ता, संजय, राजन वत्स, मनोज सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य दिवस मनाया

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के कुंवर शेखर विजेंद्र आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में विश्व स्वास्थ्य दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। स्वास्थ्य दिवस की थीम ष्स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहेंष् रही। इस अवसर पर छात्रों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह रहे। आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विकास कुमार शर्मा ने कहा कि यह दिन हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समाज में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है।

# कबड्डी, लंबी व ऊंची कूद में दिखा दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुन्ना लाल एंड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन कबड्डी, लंबी कूद एवं ऊंची कूद के मुकाबले संपन्न हुए।



कबडडी के फाइनल मैच का बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर तथा ओपन ए टीम के मध्य खेला गया, जिसमें ओपन ए टीम ने 35-15 के भारी अंतर से बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान के लिए बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर तथा बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर ए टीम ने संघर्ष किया, जिसमें बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर ए टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर अनुपम बंसल ने छात्राओं से उनका परिचय प्राप्त कर कबड्डी मैच के सत्र का शुभारंभ किया।

वही दिन के दूसरे सत्र में लंबी कूद में बी. ए. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. खुशनुमा 3.42 मीटर की दूरी कूद कर प्रथम स्थान पर रहीं, वहीं 3.29 मीटर की दूरी के साथ बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. नाहिद दूसरे स्थान पर रहीं तथा बी.कॉम. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. रितिका को 3.26 मीटर की दूरी के साथ तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। ऊंची कूद की स्पर्धा में महाविद्यालय की 23 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु.खुशनुमा ने 1.11 मीटर की ऊंची कूद के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. मिस्बाह दूसरे तथा कशफ तीसरे स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता के निर्णायक शारीरिक शिक्षा विभाग की डॉ. दीक्षा सिंह तथा कुमारी शिखा रानी रही व मुख्य निर्णायक क्रीडा परिषद की सचिव डॉ. रीता बोरा रहीं। छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु क्रीडा समिति के सदस्य प्रो. सीमा रानी, श्रीमती अनुपम गुप्ता, श्रीमती शिखा सिंह, कुमारी दीपाली सिंह उपस्थित रहीं।

# थैला छीनकर भागने के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा, नकदी एवं बाइक की बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रास्ता पूछने के बहाने बुजुर्ग से थैला छीनकर भागने के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने नकदी और बिना नम्बर की बाइक भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

गांव नूरपुर निवासी वृद्ध अनिल कुमार से बाइक सवार एक युवक रास्ता पूछने के बाहने थैला छीनकर उस वक्फ फरार हो गया था जब वह अपने गांव लौट रहे थे। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसी मामले में पुलिस ने बुधवार को सहारनपुर निवासी तैयब नामक युवक को राजकीय डिग्री कालेज के निकट से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से नकदी और



बिना नम्बर की बाइक भी बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी ने ही एक अप्रैल को थाना फतेहपुर निवासी रेखा पत्नी विनोद से कानों के कुंडल छीने थे। कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी ने बताया पकड़े गए आरोपी के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में 10 मुकदमे दर्ज हैं।

# नामित सभासदों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगरपालिका परिषद में शासन द्वारा नामित सभासदों को शपथ ग्रहण कराई गई। नामित सभासदों ने नगर के विकास में अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

सहारनपुर-मुजफ्फरनगर स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने नामित सभासदों को बधाई दी और कहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। नगरपालिका व पंचायत क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने चेयरमैन व सभासदों से नगरपालिका को आदर्श पालिका बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में आगामी विधानसभा और नगर निकाय चुनाव में भाजपा फिर से अपनी जीत का परचम







लहराएगी। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने नामित सभासदों मंजू शर्मा, ऋषिपाल कश्यप, राहुल वाल्मीकि, विजेंद्र वर्मा और राजन छाबड़ा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नामित सभासदों का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। राज्यमंत्री बृजेश सिंह का चेयरमैन व सभासदों ने अभिनंदन किया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी, मेला चेयरमैन विपिन त्यागी, डा. पवन सवई, अभिषेक त्यागी, सोनित कश्यप, अशोक गुप्ता, विनोद प्रकाश गुप्ता, राकेश गांगुली, अजय गांधी, अंकित राणा, वैभव अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# मक्का-मदीना में होने वाली इबादतों और जियारत की देंगे जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस वर्ष आरंभ हो रही हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन (हज यात्रियों) को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद के तत्वावधान में दो दिवसीय हज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में उलेमा और बुद्धिजीवी हज यात्रा पर जा रहे हज यात्रियों को मक्का-मदीना में की जाने वाली इबादतों और जियारत की जानकारी देंगे।

दो दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का 13 और 14 अप्रैल को ईदगाह रोड स्थित शेखुल हिंद हॉल में विख्यात शायर डॉ. नवाज देवबंदी और डॉ. मोहम्मद आजम के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में शामिल होने वाले पुरुष एवं महिला आजमीन को हज व उमरा के अरकान की अदायगी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस दौरान मुफ्तियान-ए-कराम, उलेमा-ए-हजरात तथा हज के अनुभव रखने वाले विशेषज्ञ वक्ता मॉडल और नक्शों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। शिविर के संयोजक एवं मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद के प्रबंधक सुहैल सिद्दीकी ने बताया कि इस वर्ष हज की सआदत हासिल करने वाले आजमीन इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो सकेंगे। जिससे हज के दौरान किए जाने वाले सभी अरकान को सही तरीके से अदा करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर महिला आजमीन के लिए शिविर में पर्दे का विशेष प्रबंध रहेगा। इतना ही नहीं उन्हें अनुभवी महिलाओं द्वारा अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट तथा हज व उमरा से संबंधित उपयोगी पुस्तकें भी वितरित की जाएंगी। शिविर के आयोजक मौलाना दिलशाद कासमी, फैजी सिद्दीकी और फहीम सिद्दीकी ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमे देश भर से कहीं से भी जाने वाले हज यात्री प्रशिक्षण ले सकते हैं।

## पाकिस्तानी कल्चर अपनाना चिंता का विषय

**देवबन्द।** भारतीय मुसलमानों में पाकिस्तानी कल्चर की बढ़ती नकल को समाज के लिए नुकसानदायक करार दिया है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इस्लाम मजहब में निकाह आसान बनाया गया है, लेकिन हमने इसे गैर जरुरी रस्में अपनाकर बोझ बना दिया है। जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने जारी बयान में कहा कि सोशल मीडिया पर दिखाई जानी वाली पाकिस्तानी शादियों की चमक-दमक से प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें अपनी जिंदगी में शामिल कर रहे हैं। जबकि इस तरह की दिखावे की रस्मों की मजहब-ए-इस्लाम मजहब में कोई गुंजाईश नहीं है न ही इससे कोई संबंध। उन्होंने कहा कि इस्लामी तालीम से दूर होना इसका मुख्य कारण है। इस्लाम ने निकाह को आसान बनाया है और आज हमने इसे सबसे मुश्किल बना दिया है। उन्होंने कहा कि गैर शरई रस्मों को अपनाने के बजाए हमें शरीयत के बताए उसूलों पर चलकर शादियां करनी चाहिए, ताकि उन रिश्तों में बरकत आ सके।

# एडीएम का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत झालू में बुधवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एडीएम (प्रशासन) ने अचानक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे अधिकारी के इस दौरे ने नगर पंचायत अमले को सतर्क कर दिया।

एडीएम (प्रशासन) द्वारा झालू तिराहा स्थित सार्वजनिक शौचालय, तालाब परिसर, पुलिस चौकी के सामने स्थित डिजिटल लाइब्रेरी, गौशाला परिसर तथा नगर पंचायत कार्यालय का गहन निरीक्षण किया गया। प्रत्येक स्थल पर साफ-सफाई, रख-रखाव और



उपलब्ध सुविधाओं को बारीकी से परखा गया। अधिकांश स्थानों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, लेकिन कुछ जगहों पर लापरवाही और छोटी कमियां सामने आईं। इस पर एडीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए और सुधार कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी, जेई (कनिष्ठ अभियंता) सहित नगर पंचायत का पूरा स्टाफ मौके पर मौजूद रहा।

## चीनी मिल के पेराई सत्र हुआ समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** त्रिवेणी चीनी मिल के पेराई सत्र 2025-26 का बुधवार को विधिवत समापन हुआ। साथ ही मिल ने तीन अप्रैल तक खरीदे गए गन्ने का समस्त भुगतान भी किसानों को किया।

मिल के यूनिट हेड पुष्कर मिश्र ने बताया कि आपूर्ति योग्य समस्त गन्ने की खरीद कर सत्र का सफलतापूर्वक समापन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों, परिवहनकर्ताओं, श्रमिकों एवं संबंधित विभागों के अमूल्य सहयोग, समर्पण एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप ही यह पेराई सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हो सका है। उन्होंने बताया कि मिल द्वारा तीन अप्रैल तक क्रय किए गए गन्ने के मूल्य का भुगतान किसानों को किया है और भविष्य में भी मिल किसानों को समय से भुगतान करने के लिए तत्पर है।

# एसडी मैनेजमेंट में डिजिटल इंडिया पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में डिजिटल इंडिया और भविष्य के प्रबंधक तकनीक के माध्यम से भारत का रूपांतरण विषय पर रोचक व्यवसायिक गतिविधि का आयोजन हुआ। एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मुजफ्फरनगर में ब्रेनिऑक्स क्लब द्वारा एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं समसामयिक गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था। इस अवसर पर छात्रों को डिजिटल भारत की अवधारणा, तकनीकी प्रगति तथा भविष्य के प्रबंधकों की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का युग पूर्णतः डिजिटल युग है और आने वाले समय में प्रबंधन के क्षेत्र में सफल होने के लिए तकनीकी ज्ञान अनिवार्य हो गया है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स तथा ऑनलाइन बिजनेस मॉडल्स को समझकर अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संजय शर्मा रहे। उन्होंने इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रों को डिजिटल इंडिया मिशन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि किस प्रकार भारत में डिजिटल क्रांति ने प्रशासन, शिक्षा, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन लाए हैं। उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि भविष्य के प्रबंधकों के लिए डिजिटल स्किल्स जैसे ई-कॉमर्स मैनेजमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी और डेटा-ड्रिवन डिसीजन मेकिंग कितनी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे स्टार्टअप्स और बड़ी कंपनियां तकनीक के माध्यम से अपनी कार्यक्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ा रही हैं। आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों का उपयोग व्यवसायिक निर्णयों को अधिक सटीक और प्रभावी बना रहा है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे नई तकनीकों को सीखने के साथ-साथ उनमें नवाचार द्ध प्ददवअंजपवदऋ की सोच विकसित करें। उन्होंने यह भी कहा कि




डिजिटल युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रैक्टिकल नॉलेज और तकनीकी दक्षता भी उतनी ही आवश्यक है। छात्रों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स, डिजिटल टूल्स और सॉफ्टवेयर का नियमित अभ्यास करना चाहिए, जिससे वे उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के दौर में टीमवर्क, कम्युनिकेशन स्किल्स और समस्या समाधान क्षमता द्धच्तवइसमउ ैवसअपदह ैापससेऋ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि एक सफल मैनेजर वही होता है जो तकनीक और मानवीय कौशल दोनों का संतुलित उपयोग कर सके।

अंत में उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि वे निरंतर सीखने Continuous Learning की आदत विकसित करें और तकनीकी परिवर्तनों को अपनाकर अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई और विभिन्न प्रश्न पूछकर अपने ज्ञान को समृद्ध किया। इस इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों को न केवल नई जानकारी प्रदान की बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार होने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी बीबीए संकाय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डॉ। संगीता गुप्ता, मोहम्मद अंजर, दीपक गर्ग, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान तथा लवी वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया गया, जिससे छात्रों को विषय को समझने में आसानी हुई। मीडिया प्रभारी डा. आलोक कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि छात्रों को नवीनतम तकनीकी विकास और प्रबंधन कौशल से अवगत कराया जा सके।

**समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब** (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज सी0डि0/ एफ0टी0सी0 सहारनपुर।**
वाद संख्या 993 सन 2009
1-शशीकान्त पुत्र बाबूराम निवासी प्रिंस कालोनी म0नं0 34 दिल्ली रोड सहारनपुर।, 2-राज सिंह पुत्र सिमरू (मृतक), 2/1-श्रीमति श्यामवती पत्नि स्व0 राज सिंह, 2/2-वर्षा राजरानी पुत्री स्व0 राज सिंह निवासी मौ0 इकराम कस्बा रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।, 3-मुकेश कुमार पुत्र रूप किशोर निवासी मौहल्ला जाफरनवाज खालापार सहारनपुर। 4-मयंक पुत्र कृष्णगोपाल शर्मा निवासी गांधीनगर कालोनी बाबालाल दास रोड सहारनपुर। **...वादीगण**
**बनाम**
अशोक कुमार जैन आदि
नोटिस बनाम-29/1-अरूण कुमार पुत्र स्व0 चरण सिंह निवासी ग्रमा खुडाना तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।
29/3-श्रीमति सीमा पुत्री स्व0 चरण सिंह पत्नि मुनेन्द्र निवासी ग्राम खेडा बाबरी जिला मुजफ्फरनगर।
**.......प्रतिवादीगण**
हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म है कि आप बतारीख 8 माह 04 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारो के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो को जिनकी शहादत पर नाज तमाम दस्तावेज को जिन पर आप अपनी जवाबदेही के ताहिद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारिख माह 03 सन् 2026 ई0 किया गया।
**मुन्सरिम**
**सिविल जज सी0डि0/ एफ0टी0सी0 सहारनपुर।**

# बरात व रोडवेज बस की टक्कर

## गैंडीखाता के समीप पिपरी नदी के पास हादसा, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** देहरादून-काशीपुर फोरलेन पर गैंडीखाता (उत्तराखंड) के समीप बरात व रोडवेज बस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दस से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को मंडावली क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नांगल सोती के ग्राम शहजादपुर निवासी नजीर के पुत्र सलमान की बरात मंगलवार को देहरादून गई थी।

रात करीब आठ बजे बरात जब वापस लौट रही थी तभी देहरादून काशीपुर-फोरलेन पर गैंडीखाता के समीप बरात व नजीबाबाद से जा रही रोडवेज बस में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में बस चालक इरशाद, अनीस









अहमद, शाहनूर, अजमल, अबूजर, फुरकान, नईम, सहित दस से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को मंडावली क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# वन विभाग की लापरवाही से बिज्जू की मौत

## कासमपुरगढ़ी पीएचसी परिसर में घायल मिला था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कासमपुर गढ़ी में सरकारी अस्पताल परिसर में बिज्जू घायल अवस्था में घूमता रहा। विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। वन विभाग की लापरवाही के चलते बिज्जू की मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार देर शाम कासमपुर गढ़ी (मानियावाला) बस स्टैंड पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जंगल से भटक कर आए घायल जंगली जानवर (बिज्जू) को देख कर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बिज्जू को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मौजूद लोग तरह-तरह के कयास लग रहे थे कि संभवतः बिज्जू ने खेतों में कोई कीटनाशक दवाई खा ली होगी। जिस कारण उसकी



हालत बिगड़ी है। पशु प्रेमी शूजाउद्दीन अंसारी ने मौजूद दुकानदारों हरपाल सिंह, अकील अहमद, मौहम्मद आसिफ की मौजूदगी में बिज्जू के घायल होने की सूचना वन विभाग को दी। क्षेत्रीय वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा ने घटनास्थल पर वन कर्म की टीम भेज कर घायल बिज्जू का इलाज करने का आश्वासन दिया, परंतु देर रात तक कोई भी वन विभाग कर्मी घायल बीजू का इलाज कराने नहीं पहुंचा। जबकि रात में किसी समय घायल बिज्जू ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। जबकि ब्लॉक कार्यालय परिसर में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पशु चिकित्सालय भी है।

इस संबंध में वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि बीती रात मौसम खराब होने के कारण वन कर्मियों की टीम नहीं पहुंच सकी। बिज्जू के शव को उठाकर अन्तिम संस्कार कर दिया जाएगा।

बिज्जू (बडगर) एक छोटा, मांसभक्षी/सर्वभक्षी जंगली स्तनधारी जीव है, जो अपनी मोटी त्वचा, मजबूत पंजों और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। यह अकेले व्यक्ति को देखकर हमला भी कर देता है। मुख्य रूप से नदियों के तट व जंगलों में बिल बनाकर रहता है। इसे 'कब्र बिज्जू' भी कहा जाता है, क्योंकि ये कब्रें खोदने में सक्षम होते हैं।

# आशीष शर्मा बने धामपुर शुगर मिल के यूनिट हेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक कुंवर गौरव गोयल ने धामपुर शुगर मिल का चार्ज आशीष शर्मा को सौंपा।

आशीष शर्मा ने धामपुर शुगर मिल के महाप्रबंधक कुंवर ईशान गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षत कपूर, मुख्य वित्तीय अधिकारी सुशील महरोत्रा, तुषार भट्ट एवं धामपुर शुगर मिल के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में चार्ज संभाल लिया है। चार्ज संभालते ही उन्होंने सारे विभागों के अध्यक्षों के साथ मीटिंग की। अपनी प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए उन्होंने विभाग अध्यक्षों से अपने-अपने विभागों का कार्य पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ करने के लिए प्रेरित किया। गन्ना विभाग के अधिकारियों को धामपुर शुगर मिल क्षेत्र में गन्ने की अधिक से अधिक बुवाई कराने के लिए निर्देशित किया, शीघ्र ही वे गांवों का भ्रमण करेंगे तथा किसानों से मिल कर अधिक से अधिक गन्ना बीज उपलब्ध कराने, बीजों के वितरण तथा नई प्रजातियां को उपलब्ध कराने के लिए कार्य करने के लिए अपनी प्राथमिकता बताई है। कुंवर गौरव गोयल, प्रबंध निदेशक ने आशीष शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए आशा प्रकट की कि आशीष शर्मा अपने नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# गय्यूर आसिफ के सम्मान में कार्यक्रम

**बिजनौर।** बुखारा स्थित बक्शी वाला रोड वीआईपी कॉलोनी में गुरु शिष्य की परंपरा को निभाते हुए इंजीनियर मौहम्मद काशिफ गवर्नमेंट कांट्रेक्टर ने गुरु के प्रति गहरा प्रेम एवं श्रद्धा प्रकट करते हुए आरजेपी इंटर कॉलेज में अपने गुरु रहे गय्यूर आसिफ के प्रधानाचार्य बनने पर उनके सम्मान में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर मिसाल कायम की। गौरतलब है कि एक अप्रैल को आरजेपी इंटर कॉलेज के नए प्रिंसिपल बने गय्यूर आसिफ के सम्मान में मौहम्मद काशिफ ने अपने आवास पर स्वागत व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर मौहम्मद काशिफ तथा उनके निमंत्रण पर उपस्थित नगर के अनेक गणमान्य अतिथियों ने गय्यूर आसिफ को शाल ओढ़ाकर तथा सम्मान चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित वर्धमान कॉलेज के अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डा. सुनील कुमार अग्रवाल ने कहा कि गय्यूर आसिफ अनुशासन प्रिय, विद्वतापूर्ण, कर्त्तव्यनिष्ठ तथा मृदुभाषी शिक्षक के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक भी हैं। उनके मार्गदर्शन में राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज अपनी प्रतिष्ठा, गरिमा एवं उत्कृष्ट छवि को न केवल बनाए रखेगा बल्कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय विकास एवं उन्नति के नए आयाम भी स्थापित करेगा। डीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य तथा गय्यूर आसिफ के साथ पूर्व में प्रवक्ता रहे डा. सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि गय्यूर आसिफ के रूप में आरजेपी इंटर कॉलेज को एक उत्कृष्ट प्रधानाचार्य मिला है।

**सम्बंध विच्छेद**
मैंने अपने पुत्र अक्षय सिंह को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके किसी भी लेनदेन या गलत कृत्य का मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
**कुलदीप कुमार पुत्र प्रकाश सिंह निवासी शिव मंदिर के पास वाल्मीकि कॉलोनी देवबंद, सहारनपुर।**

**सम्बंध विच्छेद**
मैंने अपने पुत्र मो0 जुबैर आलम व उसकी पत्नी आसिफा तथा मो0 साकिब व उसकी पत्नी दानिस्ता मेरे कहने सुनने में नहीं है उनके इसी गलत आचरण के कारण मैंने अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन सबका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा। अगर यह लोग कोई गलत कार्य करते हैं तो उसके प्रति यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**मोहम्मद यूसुफ पुत्र अलाहुददीन निवासी ग्राम झबीरण थाना देवबंद जिला सहारनपुर**

# आस्ट्रेलिया ने महिला खिलाड़ियों की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की

**सिडनी।** उभरती हुई तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन और क्लोई आइन्सवर्थ को 2026-27 सीजन के लिए राष्ट्रीय महिला कॉन्ट्रैक्ट दिए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने कई बड़े टी20 टूर्नामेंट से पहले अपनी तेज गेंदबाजी की ताकत को और मजबूत किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को 18 खिलाड़ियों की एक लिस्ट जारी की, जिसमें पिछले साल के मुकाबले तीन नए नाम जोड़े गए हैं। इसमें तस्मानिया की ऑलराउंडर निकोला कैरी की भी राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हुई है। हैमिल्टन को अपना पहला राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट तब मिला, जब उन्होंने मार्च में सिर्फ 23 दिनों के अंदर क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में डेब्यू किया। 19 साल की इस बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने, जिन्होंने 2025 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम की कप्तानी की थी, होबार्ट में भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में पहली बार ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के लिए मैच खेला।

इसके कुछ ही दिनों बाद वाका मैदान पर उन्हें उनकी 'बैगी ग्रीन' कैप दी गई। इसी महीने के आखिर में सेंट विसेंट में वेस्ट इंडीज के खिलाफ उन्होंने टी20 में भी डेब्यू किया। दाएं हाथ की गेंदबाज आइन्सवर्थ द्ध20 सालऋ को अभी तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन 2023 में पर्थ स्कोचर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने के बाद से ही उन्हें भविष्य की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी माना जा रहा है।

अपने पहले तीन डब्ल्यूबीबीएल सीजन में आइन्सवर्थ ने 22-30 की औसत से 40 विकेट लिए हैं, उनकी इकॉनमी रेट 6-96 रही है, और उन्हें दो बार 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' में भी शामिल किया गया है। वहीं, कैरी को जनवरी में भारत के खिलाफ हुई मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी करने के बाद राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट में अपग्रेड मिला है। अब उन्हें अगले 12 महीनों के लिए टीम में पक्का कर लिया गया है। 32 साल की इस खिलाड़ी ने 2023 में राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट लेने से मना कर दिया था, ताकि वे तस्मानिया के साथ ट्रेनिग और खेलने में ज्यादा समय बिता सकें। इससे पहले के सालों में वे ऑस्ट्रेलियाई टीम की रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर लंबे समय तक सफर पर ही रहती थीं। उनका यह फैसला सही साबित हुआ। उन्होंने अपने खेल को और बेहतर बनाया, भारत और इंग्लैंड में होने वाले फेंचाइजी टूर्नामेंट में खेलने के मौके हासिल किए, और आखिरकार अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में वापसी का दावा मजबूत कर लिया।

# ऑरेंज और पर्पल कैप पर आरआर ने किया कब्जा



**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाड़ियों को कब्जा जमा लिया हैं।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) सलामी के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 11-ओवर के मैच में मात्र 32 गेंदों पर नाबाद 77 रन ठोक डाले। इस पारी के साथ टूर्नामेंट में तीन पारियों में उनके 170 रन हो गए हैं और अब उनके पास ऑरेंज कैप है। मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जायसवाल की विस्फोटक पारी ने उन्हें समीर रिजवी के रनों से दस रन आगे पहुंचा दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के इस बल्लेबाज ने दो मैच जिताने वाली पारियों के साथ सीजन की शानदार शुरुआत की है और वह 160 रन पर हैं। उन्होंने हालिया मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 90 रन बनाए थे। अब तक छह अन्य बल्लेबाज भी 100 रन के पार पहुंच चुके हैं, जिनमें हाइनरिंक क्लासन (सनराइजर्स हैदराबाद), वैभव सूर्यवंशी (आरआर) और रोहित शर्मा (एमआई) शामिल हैं। वहीं पर्पल कैप की बात की जाए आरआर का ही एक खिलाड़ी रवि बिश्नोई आगे है।

एमआई के खिलाफ दो ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लेने के बाद उनके कुल विकेट सात हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ 41 रन देकर 4 विकेट लिए थे। अब चार अन्य गेंदबाज दूसरे स्थान पर बराबरी पर हैं, जिनके पांच-पांच विकेट हैं- विजयकुमार वैशाक (पंजाब किग्स), अंशुल कंबोज (चेन्नई सुपर किग्स), नांद्रे बर्गर (आरआर) और जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु)।

# कोलकाता नाइट राईडर्स पहली जीत की तलाश में

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स की पहली जीत की तलाश तब सबकी नजरों का केंद्र होगी, जब वे गुरुवार को ईडन गार्डन्स में लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेंगे।

यह मुकाबला दोनों टीमों की अलग-अलग फॉर्म, खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन और बढ़ते दबाव के बीच खेला जाएगा। कोलकाता और लखनऊ के बीच होने वाला यह मैच अब एक ऐसी कहानी बन गया है, जिसमें एक संघर्षरत टीम अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रही है, जबकि दूसरी टीम आईपीएल में ज्यादा संतुलित और लय में नजर आ रही है। केकेआर के लिए, इस कहानी की मुख्य बातें हैं-जल्दबाजी और टीम के सभी 11 खिलाड़ियों के प्रदर्शन में लगातार उतार-चढ़ाव। बल्लेबाजी की शुरुआत में, अजिक्य रहाणे ने सीजन की शुरुआत में 40 गेंदों पर 67 रन बनाकर उम्मीद जगाई थी, लेकिन उसके बाद खेली गई पारियों में उनका स्कोर गिरकर 6 गेंदों पर 8 और 16 रन रह गया है। फिन एलन ने एक मैच में 7 गेंदों पर 28 रन बनाकर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की झलक दिखाई थी और उनका स्ट्राइक रेट भी काफी अच्छा है, भले ही अन्य मैचों में उनका कुल स्कोर 6 और 28 रन ही रहा हो। अंगकृष रघुवंशी टीम के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैंद्ध उन्होंने तीन पारियों में दो अर्धशतक लगाते हुए कुल 110 रन बनाए हैं, हालांकि अपने पिछले मैच में वे 7 गेंदों पर सिर्फ 7 रन ही बना पाए थे। कैमरन ग्रीन अब तक कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं और तीन मैचों में सिर्फ 24 रन ही बना सके हैं। मध्यक्रम में, रिंकू सिंह ने पिछले मैचों में 33 और 35 रन बनाकर लगातार टीम में अपना योगदान दिया है। निचले क्रम के बल्लेबाजों से ज्यादा मदद न मिलने के बावजूद, वे टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। रमनदीप सिंह और अनुकूल रॉय अब तक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं और उनके खाते में बहुत कम रन ही दर्ज हैं। गेंदबाजी की बात करें तो, ब्लेसिग मुजरबानी टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैंद्ध उन्होंने एक मैच में 41 रन देकर 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। वैभव अरोड़ा ने 3 विकेट जरूर लिए हैं, लेकिन वे काफी महंगे साबित हुए हैं, वहीं कार्तिक त्यागी भी अपनी ऊंची इकॉनमी रेट द्धरन देने की दरऋ को लेकर संघर्ष करते नजर आए हैं। सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के रूप में स्पिन गेंदबाजी के विकल्प टीम के लिए बेहद अहम हैं, लेकिन कुल मिलाकर टीम के गेंदबाज दो मैचों में सिर्फ 11 विकेट ही ले पाए हैं, जो उनके प्रदर्शन में आई निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दूसरी ओर, लखनऊ की टीम अपनी हालिया जीत से मिली नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। टॉप पर, मिशेल मार्श ने दो पारियों में 49 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी है, जबकि एडेन मार्करम काफी सहज दिखे हैंद्ध उन्होंने 27 गेंदों में 45 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी काफी आक्रामक रहा है। ऋषभ पंत ने पारी को बखूबी संभाला हैद्ध पिछले मैच में एक दुर्भाग्यपूर्ण रन-आउट के बाद, उन्होंने 50 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए। इससे यह साबित होता है कि वे दबाव को झेलने और मैच को फिनिश करने की काबिलियत रखते हैं। मिडिल ऑर्डर का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। निकोलस पूरन ने इस सीजन में अभी तक कोई बड़ी पारी नहीं खेली है, लेकिन केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड काफी मजबूत रहा है। पिछले मुकाबलों में उन्होंने मैच जिताने वाली हाफ-सेंचुरी भी बनाई हैं। अब्दुल समद ने दो मैचों में कुल 52 रन बनाकर टीम में अपना योगदान दिया है, जबकि बाकी बल्लेबाजों का योगदान सीमित ही रहा है। गेंदबाजी की बात करें तो मोहम्मद शमी का प्रदर्शन असाधारण रहा है। पिछले मैच में उन्होंने 9 रन देकर 2 विकेट लिए और बेहद किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी सटीक और नियंत्रित गेंदबाजी से मैच का माहौल ही बदल दिया। आवेश खान ने पिछले मैच में 2 विकेट लिए, हालांकि उनकी इकॉनमी थोड़ी ज्यादा रही। वहीं, प्रिस यादव ने भी मैचों में कुल 2 विकेट लेकर अपना योगदान दिया है। दिग्विजय सिंह राठी को एक सहायक गेंदबाज के तौर पर इस्तेमाल किया गया है, लेकिन वे कभी-कभी काफी महंगे साबित हुए हैं। मणिमारन सिद्धार्थ और मुकुल चौधरी टीम को अतिरिक्त गहराई प्रदान करते हैं। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण यह है कि केकेआर सीजन की शुरुआत में मिली हार के सिलसिले को तोड़कर अपनी लय वापस पाने की कोशिश करेगा, जबकि एलएसजी अपनी हालिया सफलताओं को भुनाते हुए एक मजबूत और लय में चल रही टीम के साथ आगे बढ़ना चाहेगा। दोनों ही टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो या तो अपने बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं या फिर अपनी लय तलाश रहे हैं। ऐसे में, इस मैच का नतीजा किसी एक टीम के पूरी तरह हावी होने के बजाय, दबाव भरे पलों में खिलाड़ियों के अहम योगदान पर निर्भर करेगा। ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार मानी जाती है।



■ सबकी नजरों का केंद्र होगी केकेआर, जब वे गुरुवार को ईडन गार्डन्स में लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेगी, मुकाबला खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन व बढ़ते दबाव के बीच

# सूर्यवंशी ने बुमराह को भी सोचने के लिए मजबूर कर दिया: स्टेन



**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ सही गेंदबाजी योजना बनाना बेहद ही मुश्किल है। यहां तक कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बुमराह के लिए भी यह एक टेढ़ी खीर है।

आईपीएल 2026 में अपना लगातार दूसरा मैच गंवाने के बाद मुंबई इंडियंस (एमआई) के कोच माहेला जयवर्धने ने आरआर से मैच हारने के बाद कहा कि हां, मुझे लगता है हमारे पास कुछ योजनाएं थी, लेकिन सच कहूं तो हम उन्हें उस तरीके से लागू नहीं कर पाए जैसा हम चाहते थे।ष्मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयवर्धने ने कहा, ष्हमें इस खतरे का अंदाजा था, खासकर जब बारिश के कारण मैच 11-11 ओवर का हो गया और शुरुआत में हमें खुलकर खेलने की छूट मिली। हमें सुनिश्चित करना था कि पहले चार-पांच ओवर हमारे लिए अहम हों। मुझे लगा कि हमने उनकी शुरुआत के बाद अच्छी वापसी की। लेकिन हां, हमने अपनी लाइन-लेंथ मिस की और उन्होंने बहुत अच्छा खेला। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरआर ने दीपक चाहर के पहले ओवर से 22 रन बनाए और पांच ओवर में उनकी टीम 80/1 तक पहुंच गई। जयवर्धने ने यह सही कहा कि एमआई ने वापसी की। छठे से दसवें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन बने और आखिरी ओवर में 18 रन, लेकिन शुरुआत में हुआ नुकसान एमआई के लिए भारी साबित हुआ। हालांकि आरआर की बल्लेबाजी में जायसवाल स्टार रहे, जिन्होंने 32 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, लेकिन उतना ही असर सूर्यवंशी की पारी का भी रहा। उन्होंने 14 गेंदों पर 39 रन बनाए। डेल स्टेन ने कहा कि गेंदबाज, यहां तक कि बुमराह जैसे बेहतरीन खिलाड़ी भी, सूर्यवंशी के खिलाफ थोड़ा मानसिक दबाव में आ सकते हैं। स्टेन ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में कहा, ष्सच कहूं तो उन्होंने गेंदबाजों में थोड़ा डर पैदा कर दिया है कि वह आपके पीछे बाउंड्री के लिए ही जाएगा। खासकर बुमराह की सूर्यवंशी को डाली गई पहली गेंद, जो मिड-ऑन के ऊपर गई। बुमराह की वह गेंद स्लॉट में थी।

# सिनर और अल्कराज ने क्ले-कोर्ट सीजन की जीत से की शुरुआत



**मोनाको।** जानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने दुनिया के नंबर एक स्थान के लिए अपनी होड़ जारी रखी, क्योंकि उन्होंने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दूसरे दौर में शानदार जीत के साथ अपने क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत की। बिना कोई सेट गंवाए 'सनशाइन डबल' पूरा करने के बाद, सिनर को फ्रांसीसी खिलाड़ी ह्यूगो हम्बर्ट को 6-3, 6-0 से हराने में सिर्फ 64 मिनट लगे - उन्होंने दूसरे सेट में सिर्फ छह पॉइंट गंवाए। यह इस इतालवी दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी की लगातार 18वीं मास्टर्स 1000 जीत थी, जिसने अब इस स्तर पर लगातार 36 सेट जीते हैं।

# 15 साल के लड़के को इस तरह खेलते देखना दिलचस्प: हार्दिक



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच मैच से पहले क्रिकेट गलियारों में यही चर्चा थी कि जब वैभव सूर्यवंशी और जसप्रीत बुमराह एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे, तब क्या होगा।

क्या सूर्यवंशी, बुमराह को भी उसी तरह से खेल पाएंगे, जैसा वह अन्य गेंदबाजों को खेलते हैं या बुमराह के कौशल के आगे उन्हें अपना खेल बदलना होगा? लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। दूसरे ओवर में बुमराह जब नई गेंद के साथ सूर्यवंशी के सामने पहली बार आए, तो सूर्यवंशी ने उनका स्वागत लॉन्ग ऑन पर छक्के से किया। चौथी गेंद को जब बुमराह ने शॉर्ट किया तो सूर्यवंशी ने बैकफुट पर जाते हुए उसे पुल कर दिया। इसके बाद अगले ओवर में सूर्यवंशी ने ट्रेंट बोल्ट पर भी एक छक्का जड़ा। और जब शार्दुल ठाकुर, अगला ओवर लेकर आए तो सूर्यवंशी ने उन पर दो छक्के और एक चौका जड़कर 17 रन बंटोरे। हालांकि ठाकुर ने उसी ओवर की अंतिम गेंद पर डीप एक्स्ट्रा कवर पर कैच कराकर सूर्यवंशी की 14 गेंदों की 39 रनों की पारी का अंत कर दिया, जिसमें एक चौके और पांच गगनचुंबी छक्के शामिल थे। दर्शक, कॉमेंटेटर और क्रिकेट विशेषज्ञ, सब सूर्यवंशी और बुमराह की टक्कर देखना चाहते थे और अंत में पहली बाजी में सूर्यवंशी को ही जीत मिली। मैच के बाद एमआई के कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यवंशी के मुरीद होते हुए दिखे। उन्होंने प्रजेंटेशन समारोह के दौरान कहा कि 16 या 17 द्धवास्तव में 15ऋ साल के लड़के को इस तरह खेलते देखना काफी दिलचस्प है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी करते हैं और जिस तरह की निडरता उनके खेल में है, वह कमाल है। मैं उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।ष वहीं आरआर के कप्तान रियान पराग ने कहा, ष्वैभव द्धसूर्यवंशीऋ कमाल का खिलाड़ी है। यह सिर्फ एकतरफा शॉट्स मारने वाली बल्लेबाजी नहीं है। जायसवाल पिछले तीन चार साल से लगातार ऐसा कर रहे हैं। उनकी स्किल और मैच्योरिटी उन्हें बाकी सब से अलग बनाती है।

# अर्जेंटीना दौरे के लिए 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 13 से 17 अप्रैल तक अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में होने वाले दौरे के लिए बुधवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

विश्वस्तरीय अर्जेंटीना टीम के खिलाफ यह चार मैचों का दौरा एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 और एशियाई खेल के मद्देनजर महत्वूपूर्ण माना जा रहा है। इस टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का बेहतरीन मेल है। यह टीम दिखाती है कि हाल के वर्षों में भारतीय महिला हॉकी ने कितनी गहराई हासिल की है और मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने टीम से कितने ऊंचे मानकों की उम्मीद करते हैं। अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी जारी रखेंगी। वह भारत के मिडफील्ड को स्थिरता, सूझबूझ और नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। शायद टीम में सबसे ज्यादा बेसब्री से जिस वापसी का इंतजार था, वह है फॉरवर्ड दीपिका की। वह चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रही हैं। उनकी वापसी का मुख्य कोच विशेष रूप से स्वागत करेंगे, क्योंकि दीपिका एक ऐसे साल में भारत की मुख्य ड्रैग-फ्लिकर की भूमिका फिर से संभाल रही हैं, जो टीम के लिए बेहद अहम साबित होने वाला है। उनकी अनुपस्थिति में, नवनीत कौर, मनीषा चौहान, उदिता और अन्नू जैसी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से, अन्नू ने क्वालिफायर के दौरान अपनी जोरदार ड्रैग-फ्लिक करने की क्षमता से सभी को प्रभावित किया। दीपिका की वापसी से टीम को और गहराई और अनुभव मिला है, जिससे टीम अब और भी अधिक संतुलित और आक्रामक नजर आ रही है। पिछले एक साल में नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरी हैं। वह आने वाले महत्वपूर्ण सीजन के लिए भारत की तैयारियों को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगी। भारत की अनुभवी गोलकीपर और भारतीय हॉकी की सबसे सम्मानित खिलाड़ियों में से एक सविता, हाल ही में हुए क्वालिफायर में न खेल पाने के बाद अब टीम में वापसी कर रही हैं। उनकी वापसी बिल्कुल सही समय पर हुई है। अर्जेंटीना की टीम भारत के डिफेंस की कड़ी परीक्षा लेगी, और इस चुनौती का सामना करने के लिए सविता से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं है। जब सविता क्वालिफायर के लिए उपलब्ध नहीं थीं, तब बिचू देवी ने आगे बढ़कर जम्मिेदारी संभाली और यह साबित कर दिया कि वह इस स्तर पर खेलने की पूरी हक़दार हैं। युवा गोलकीपर ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा समझदारी, फुर्ती और संयम दिखाया, जिससे यह साबित हो गया कि भारत के पास अब गोलपोस्ट के बीच सचमुच बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं। सविता के साथ टीम में उनकी लगातार मौजूदगी से गोलकीपर की जगह के लिए स्वस्थ मुकाबला बना रहता है और कोचिग स्टाफ का भविष्य के लिए आत्मविश्वास बढ़ता है। डिफेंडर ज्योति और फॉरवर्ड मुमताज खान, जो दोनों ही क्वालिफायर में नहीं खेल पाई थीं, टीम में वापस आ गई हैं, जिसका स्वागत है। बलजीत कौर पिछले एक साल में भारतीय हॉकी की सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रही हैं( उन्होंने अपनी तेजी और सीधे खेल से लगातार आक्रमण में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल करने के मामले में खुद को एक भरोसेमंद विकल्प साबित किया है, और टीम में उनका लगातार चयन इस बात को दिखाता है कि कोचिंग स्टाफ को उन पर कितना भरोसा है। मिडफील्डर वैष्णवी विठल फालके ने पिछले पूरे साल शानदार प्रदर्शन किया हैद्ध उन्होंने मैदान के बीच से टीम में नई ऊर्जा भरी है, गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा है और आगे बढ़कर रचनात्मक खेल दिखाया है। उनकी लगातार अच्छी परफॉर्मेंस ने उन्हें टीम में लगभग पक्की जगह दिला दी है, और अब वह दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों में से एक के खिलाफ खेलकर अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी। ऋतुजा दादासो पिसाल, इशिका और साक्षी राणा भारतीय महिला हॉकी की तीन सबसे होनहार युवा प्रतिभाएंद्ध इन खिलाड़ियों ने अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से ही अपनी काबिलियत, आत्मविश्वास और खेल के प्रति जुनून से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।



## उत्तराखंड के तेजस तिवारी का नाम लिम्का बुक ऑफ रिंकॉर्ड में दर्ज

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में हल्द्वानी के तेजस तिवारी को लिम्का बुक ऑफ रिंकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र उन्हें जून 2023 में पांच वर्ष, पांच महीने और सात दिन की आयु में सबसे कम उम्र के एफआइडीई रैंक के शतरंज खिलाड़ी बनने के रिंकॉर्ड के लिए प्रदान किया गया । लिम्का बुक द्वारा प्रमाणपत्र की जारी तिथि जून 2024 है, जबकि यह प्रमाणपत्र उन्हें अप्रैल 2026 में प्राप्त हुआ। तेजस की यह उपलब्धि पूर्व में दर्ज हो चुकी है और अब आधिकारिंक प्रमाणपत्र प्राप्त होने से इसकी औपचारिंक पुष्टि हुई है। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी के कक्षा तीन के छात्र तेजस ने 3-5 वर्ष की आयु से शतरंज खेलना शुरू किया। तेजस ने कम उम्र से ही अपने खेल के प्रदर्शन से देश- विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें: शिपू गिरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर में निगम की सभी बिल्डिंग, शौचालय, एमआरएफ सेंटर आदि कोई भी बिना पेंटिंग के ना रहे। सभी प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गो, चौराहों एवं तिराहों पर सफाई के साथ साथ लाईट की व्यवस्था दुरुस्त रखें। फव्वारे चालू रखें और सड़कों पर गड्ढेघ् न रहें। प्रमुख मार्गो, मोहल्लों-कॉलोनियों और चौराहों-तिराहों व नाले-नालियों की सफाई सभी सफाई निरीक्षक व सफाई नायक स्वयं खड़े होकर कराएं। सभी अधिकारी और कर्मचारी अगले एक सप्ताह तक फील्ड में रहकर अपने-अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें।

ये निर्देश नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज शाकुंभरी सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण तथा निकट भविष्य में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अपनी सेवा, मृदु भाषा और अच्छे व्यवहार तथा कार्य से लोगों के बीच निगम की श्रेष्ठ छवि बनाएं। नगरायुक्त ने शहर में वेंडरों को डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित करने का सुझाव देते हुए साफ सफाई रखने वाले वेंडरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने को भी कहा। उन्होंने निगम परिसर को भी और अधिक व्यवस्थित एवं साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने ज्ञानागढ़, हुसैनबस्ती, मातागढ़, पुराना घास कांटा व कमेला कॉलोनी स्थित एमआरएफ सेंटरों की स्थिति के सम्बंध में एक-एक कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शौचालयों पर शौचालय तथा स्वच्छता सम्बंधित अच्छे नारे लिखने के साथ ही सड़कों पर साइनेज और दिशा संकेतक बनाएं। उन्होंने सफाई निरीक्षकों से कहा कि सफाई व्यवस्था सफाई निरीक्षक स्वयं देखें और क्षेत्रीय जनता व पार्षदों से मिलकर भी सुझाव लेते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। उन्होंने सफाई निरीक्षकों से हर रोज दो क्षेत्रों में वृहद सफाई अभियान चलाने का सुझाव दिया। उन्होंने सफाई निरीक्षकों, सफाई नायकों एवं सफाई मित्रों को ड्रेस कोड में रहने पर जोर देते हुए कहा कि ड्रेस कोड से न केवल उन्हें एक अलग पहचान मिलती है अपितु सुरक्षा की दृष्टि से भी उसका महत्व है। उन्होंने अधिकारियों को वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने, रोस्टर अनुसार नालों की सफाई कराने तथा नाला सफाई अभियान की हर रोज रिपोर्टिंग करने, वेंडर जोन का निरीक्षण कर उनके आसपास सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने , तालाबों का रखरखाव ठीक रखने तथा एसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर वहां झाड़ियों एवं पेड़ों की कटाई-छंटाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं व्यवस्था के दृष्टिगत किसी निर्माण कार्य की आवश्यकता है तो उसे तुरंत कराएं। उन्होंने चेता. वनी दी कि काम में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। नगरायुक्त ने बनाये गए जोन के जोनल अधिकारियों को प्रत्येक माह पांच-पांच लाख के आवश्यक विकास कार्य तकनीकी स्वीकृति तथा नियमानुसार कराने का अधिकार देने की भी घोषणा की। बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, मृत्युंजय, महाप्र. बंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व बिकास धर दुबे सहित सभी विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

# हमारा लक्ष्य मिशन 2027: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि मिशन 2027 प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य है।

चौ.नीरपाल सिंह हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष शारिक चौधरी के स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने के लिए गाढ़ा बिरादरी के शारिक चौधरी को रालोद खेल प्रकोष्ठ का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाकर पार्टी सुप्रीमो केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने एक अच्छा संदेश दिया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने कहा कि 1 मई से पूरे हस्तिनापुर क्षेत्र के प्रत्येक जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

नवमनोनीत क्षेत्रीय अध्यक्ष शारिक चौधरी ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी एवं रालोद राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी तथा रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह व प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की नीतियों पर चलकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, वरिष्ठ नेता राजदीप ढाका, वरिष्ठ नेता योगेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता डा विजयवीर सिंह, फईम चौधरी, एड..रियाज, मो. कैफ, मो.आरिफ मलिक, चौ. ऋषिपाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बच्चों को रोज स्कूल भेजे: शहनाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय टपरी खुर्द में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत सामूहिक सहभागिता हेतु समस्त एसएमसी मेंबर्स और अभिभावक गणों को विद्यालय में आमंत्रित किया गया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती शहनाज द्वारा सभी अभिभावकों को बच्चों को रोज विद्यालय आने के लिए, पूरी स्कूल यूनिफॉर्म में आने के लिए और बच्चों की शिक्षा पर घर में भी ध्यान देने के लिए अनुरोध किया गया। एसएमसी अध्यक्ष इस्तखार द्वारा उपस्थित अभिभावकों से स्कूल में नामांकन बढ़ाने के लिए अनुरोध किया गया। अभिभावकों को विद्यालय की ओर से भेंट देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत अभिभावकों ने शिक्षकों को उनके साथ देने के लिए अपनी सहमति दी। कार्यक्रम में ब्रह्मपाल सिंह, निधि सैनी, पूनम, सोनिका, शबाना आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास मित्तल द्वारा किया गया।

## पंजीकरण जरूरी

**सहारनपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी कपिल कुमार ने बताया कि आईपीएमएस पोर्टल पर अपना पंजीकरण नहीं कराने वाले कीटनाशक विक्रेताओं का कीटनाशी विक्रय लाइसेंस निरस्त किया जाएगा जिसके लिए संबंधित स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कपिल कुमार ने बताया कि जनपद में 1408 कीटनाशक विक्रेता कीटनाशकों का व्यापार कर रहे है जिसमें से अभी तक कुल 650 कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया है, शेष 778 कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा अभी तक भी पंजीकरण नहीं कराया गया है।

# 2027 में बनेगी सपा सरकार: रूही अंजुम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने अपने आवास पर छात्रसभा के नवमनोनीत प्रदेश सचिव आकाश पोसवाल का स्वागत किया। इसदौरान दर्जनों लोग दूसरी पार्टिया छोड समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

नवाबगंज स्थित रूही अंजुम के आवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल हुए। रूही अंजुम ने छात्रसभा के नवमनोनीत प्रदेश सचिव आकश पोसवाल तथा पार्टी में शामिल हुए लोगों का स्वागत किया। उन्हाने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव फिर से मुख्यमंत्री बनेंगें।

इस अवसर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर शादाब खान नदीम कुरैशी रजनीश मेहता जितेंद्र कुमार महजबी खान हिना परवीन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्यूबवैल की दीवार तोड चोरी

**बेहट।** गांव पानसर मे अज्ञात चोरों द्वारा ट्यूबल की दीवार तोड़कर हजारों रु का सामान चोरी कर लियागया है। पीड़ित किसान ने पुलिस को चोरी की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

कोतवाली के गांव पानसर निवासी आदित्य पुत्र प्रदीप कुमार एडवोकेट ने कोतवाली बेहट पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने खेत में बने ट्यूबवेल के मकान की दीवार तोड़कर हजारों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।आज सुबह जब पीड़ित अपने खेत में घूमने गया तो देखा कि ट्यूबवेल के मकान की दीवार टूटी हुई थी जिसमें अज्ञात चोरों ने ट्यूबवेल चलाने के सभी उपकरण जिसमें स्टार्टर,केबल कट-आउट चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इससे पूर्व भी 26 मार्च की रात्रि में शाकुंभरी देवी मार्ग पर कोतवाली बेहट के गांव पथरवा में भी अज्ञात चोरों ने एडवोकेट सौरभ चौहान के घर को निशाना बनाकर हजारों रु कीमत की जनरेटर की मोटर चोरी कर ले गए थे। इसके संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार दिखित ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है जल्द ही चोरों को पकड़ लिये जायेंगे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय मेराकी 5.0 में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव "मेराकी 5.0" के अंतर्गत तीसरे दिन स्टोरी टेलिंग, वाद-विवाद, फैशन शो एवं टू मिनट फेम प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन एवं प्रोफेसर ओम कुमार हर्ष के संरक्षण तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की प्रथम प्रतियोगिता स्टोरी टेलिंग रही, जिसकी फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. नसरीन मुशीर एवं डॉ. शहनाज रहीं, जबकि स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार रहे। इस प्रतियोगिता में अलीना आजम ने प्रथम, निर्ि. कता ने द्वितीय तथा मुदस्सिर पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





द्वितीय प्रतियोगिता वाद-विवाद में आजरा और मिफ्रा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान मुदस्सिर पटेल एवं सुहेल खान की टीम को तथा तृतीय स्थान अलीना राशिद और अलीना आजम की टीम को मिला। इस प्रतियोगिता के समन्वयक मंडल में डॉ. मोहम्मद वाजिद खान, डॉ. कैफुल इस्लाम शामिल रहे। इसके छात्र कोऑर्डिनेटर अबुजर, मोहम्मद अफजल, प्रिंस रहे।

तीसरी प्रतियोगिता फैशन शो रही। इसके फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. मो. जावेद एवं डॉ. रूही नाज रहे, जबकि स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर मो. मुस्तहाब थे। इसमें प्रथम पुरस्कार सोहेल खान द्वितीय पुरस्कार आरना तथा तृतीय पुरस्कार महम को मिला। टू मिनट फेम प्रतियोगिता की फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. सना जकी एवं डॉ. जीशान रहे तथा स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार रहे। इसमें प्रथम पुरस्कार आरती पाल द्वितीय स्थान सोहेल खान तथा तृतीय स्थान निकिता को प्राप्त हुआ।

आज के निर्णायक मंडल में डॉ रेशमा ताहिर, डॉ संदीप गुप्ता, डॉ कैफउल इस्लाम, प्रो. मो. मजहर अफजल, डॉ बाबू खान, डॉ मो यूसुफ, डॉ अनूप, डॉ अरुल वर्धन और डॉ अतहर रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तमंचे समेत पकड़ा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने अवैध असलाह रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गए आरोपी के कब्जे से एक तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद कर लिया।

थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक शातिर आरोपी शाहजेब उर्फ कालू पुत्र इरफान निवासी पुरानी मंडी मौहल्ला खारोबान का चौक थाना मंडी को गंगोह रोड से निर्माणाधीन हाइवे उनाली रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया।

## किसानों की बढ़ी चिंता

**सरसावा।** क्षेत्र में लगातार बदलते मौसम के मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अचानक तेज हवाएं, बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश के चलते गेहूं की तैयार खड़ी फसल को नुकसान पहुंचने का खतरा मंडराने लगा है।

इस समय खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर कटाई शुरू हो चुकी है। ऐसे में मौसम का यह अस्थिर रुख किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। क्षेत्र के गांव झरौली,शाहजहांपुर भिक्कनपुर, जलालपुर , कुतुबपुर, रायपुर सोराना,आदि गांव के किसानों का कहना है कि अगर तेज हवा या बारिश होती है तो फसल गिर सकती है, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा।

# बच्चों को संस्कारिक शिक्षा दें: मलिक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि छोटे व मंझले स्कूल देश के भाग्य विधाता साबित होते है।

डा.अशोक मलिक ने यह बात ग्राम सरकडी शेख के बी एस एम पब्लिक स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषणा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमे बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देना बेहद जरूरी है वरना पाश्चात्य संस्कृति हमारे ऊपर हावी हो रही है आज का बच्चा कल का भविष्य है हमारा बच्चा राष्ट्र निर्माता और भाग्य विधाता है यह नर्सरी में पौधारोपण के बराबर है क्योंकि इन्हीं स्कूलों से बच्चे हायर एजुक. ेशन के लिए यूनिवर्सिटी में जाते हैं। रिटायर्ड अधीक्षण अभियंता भारतीय खाद्य निगम के नन्हेलाल वर्मा ने भी विचा रखे। इस अवसर पर एडवोकेट राजबल सिंह एवं एडवोकेट मनीष यादव, मोहित कुमार, अरविंद कुमार, सचिन कुमार रीता आदि उपस्थित रहे। अध्यापक मोहन सिंह रावत नीलम अंजलि पारुल, शालू का विशेष योगदान रहा। अध्यक्षता नाथीराम और संचालन विक्रम सिंह ने किया। अंत में प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया

# आईएमए व शाकम्भरी वि.वि. ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा के नेतृत्व में माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय में आयोजित "इनोवेशन एवं एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स" संवाद एवं परस्पर साझेदारी कार्यक्रम में सहभागिता की गई।

आईआईए के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वाई. विमला का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। जिसके बाद आईआईए एवं माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। आईआईए की ओर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना एवं चौप्टर सचिव कुशल शर्मा तथा विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार कमल कृष्ण एवं फाइनेंस मैनेजर त्रिपाठी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के माध्यम से दोनों संस्थाओं के बीच शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान तथा औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। कुलपति प्रो. वाई. विमला ने कहा कि उद्योग और शिक्षा के बीच इस प्रकार का सहयोग विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी दक्षता और उद्योगों की आवश्यकताओं की समझ भी होना जरूरी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना, सीईसी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, चैप्टर सचिव कुशल शर्मा ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा, अशोक गांधी, संदीप गुप्ता, अतीश गुप्ता, प्रेम क्वात्रा, अनुज जैन, अविजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे।

# सहारनपुर पुलिस ने रेवेन्यू लायंस को हराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गली मोहल्ला कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग के तत्वावधान में सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट यूपी स्टेट सीजन-1 (2026-27) की शुरुआत बुधवार को ज्ञानकलश इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में हुई। टूर्नामेंट का उद्घाटन डीआईजी अभिषेक सिंह ने फीता काटकर किया।

3 मई तक चलने वाले इस टी-20 लेदर बॉल टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं और 15 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन गली मोहल्ला क्रिकेट लीग और जीएम बॉक्स क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में किया जा रहा है, जिसे सहारनपुर पुलिस के नशा मुक्त भारत अभियान का समर्थन प्राप्त है। उद्घाटन मैच सहारनपुर पुलिस और रेवेन्यू लायंस के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सहारनपुर पुलिस ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए। विनीत ने 77 और स्वतंत्रता ने 62 रन की पारी खेली। रेवेन्यू लायंस की ओर से प्रदीप और दक्ष प्रताप ने दो-दो विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करते हुए रेवेन्यू लायंस की टीम 66 रन पर ऑल आउट हो गई। सहारनपुर पुलिस ने यह मुक. ाबला 165 रन से जीत लिया। रेवेन्यू की ओर से विकास ने 21 और रॉबिन ने 11 रन बनाए। सहारनपुर पुलिस के विनीत ने 5 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आयोजन से जुड़े बाबा इंदर प्रीत सिंह, उत्तर प्रदेश कोऑर्डिनेटर राकेश रस्तोगी, शुभम, पीयूष राणा, नवीन, बलविंदर, गगन, रोहित, सौरभ, अंजार अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर यूपीसीए चौलेंजर कमेटी सदस्य साजिद उमर, सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन से लतीफ उर रहमान, डॉ. आयशा रहमान, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. प्रमोद आर्य, फैयाज अहमद, जीवन जोत, मंसूर, रमनदीप उपस्थित रहे।

## अश्लील फब्तियां कसते मनचला दबोचा

**सहारनपुर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले एक मनचले को पकड़ लिया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन सिंह के निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाने तथा अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नगर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व महिला उपनिरीक्षक अंजू सिंह के नेतृत्व में महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले आरोपी राजन पुत्र मुकेश निवासी ग्राम पथरवा थाना बेहट को नवाबगंज चौक के पास से दबोच लिचया। पुलिस ने आरोपी का बीएसएस की धारा-296 के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

# बस्ती चलो अभियान के तहत किया जनसंपर्क





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बस्ती चलो अभियान के तहत बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा और जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम द्वारा कस्बे मे व्यापारियों से जनसम्पर्क कर उन्हे पार्टी द्वारा कराये गये विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने कहा कि आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है जो जन जन तक विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के कराने के लिए कृत संकल्प है। उन्होने कहा कि आगामी 2045 तक देश को विकसित करने के सपने को साकार करने के लिए सभी को अपने कर्तव्य का पालन ईमानदारी से करना है । इस दौरान उनके साथ पपिन चौधरी,सतेंद्र वैदिक, मानसिंह सैनी,पवन त्यागी,कपिल डावर आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रम्प का यू-टर्न

राजनीति व कूटनीति में कब क्या हो जाए, यूं नहीं कहा जाता। ताजा उदाहरण हमारे सामने है। दुनिया जहां इस बात को लेकर सहमी हुई थी कि अपने अल्टीमेटम के अनुसार क्या अमेरिका ईरान को पाषाण युग में पहुंचाएगा। तभी ऐसी खबर आई, जिसकी दुनिया शायद ही उम्मीद कर रही हो। अमेरिका ने दो सप्ताह के लिए सीजफायर का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं अमेरिका के साथ बड़ी भूमिका निभाने वाले अपने सहयोगी देश इस्राईल को अपने इस फैसले से दूर ही रखा। यह बात अलग है कि डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि उन्होंने यह फैसला लेने से पहले इस्राईल के पीएम नेतन्याहू से बात की थी, लेकिन राजनीतिक पंडितों को उनकी यह सफाई कुछ तर्कसंगत नहीं लग रही है। इस्राईल ने जिस तरह अनमने ढंग से ट्रम्प की घोषणा का स्वागत किया है इससे भी साफ है कि इस्राईल के पीएम नेतन्याहू मजबूरीवश अमेरिका के साथ दिखाई दे रहे हैं। बाकी वह उनके इस फैसले से खुश नहीं हैं। तभी तो नेतन्याहू ने कह भी डाला कि इस सीजफायर का असर लेबनॉन में जारी संघर्ष पर नहीं पड़ेगा और इस्राईल बराबर लेबनॉन पर हमले करता रहेगा और वह कर भी रहा है। जबकि ईरान ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि सीजफायर अमेरिका के साथ ही नहीं बल्कि लेबनॉन को लेकर भी है। ईरान ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया में कहा है कि अगर इस्राईल ईरान अमेरिका के सीजफायर को लेबनॉन से अलग मानता है, तो वह भी बदले में इस्राईल पर हमले करेगा। इस्राईल के रुख ने बता दिया है कि वह नहीं चाहता कि क्षेत्र में शांति स्थापित हो। ऐसे में जानकार लोग दो सप्ताह के हुए इस सीजफायर पर संदेह व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका की जिम्मेदारी अधिक हो जाती है। अगर वह वास्तव में ईरान के साथ शांति स्थापित करना चाहता है, तो उसे इस्राईल को काबू में करना होगा। ईरान ने दस शर्तों का अपना एजेंडा बातचीत के लिए पेश किया है। उसकी दस शर्तों में वही सब बातें हैं, जो वह अब तक सार्वजनिक रूप से कहता रहा है। ईरान चाहता है कि समझौता इस तरह का हो, जिसमें यह गारंटी दी जाए कि भविष्य में उस पर अमेरिका की तरफ से कभी कोई हमला नहीं होगा। उसका मिसाइल कार्यक्रम भी बदस्तूर जारी रहेगा। उसके यूरेनियम को कोई नहीं छेड़ेगा। उस पर लगे तमाम प्रतिबंध हटाए जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र में जो प्रस्ताव उसके खिलाफ अब तक लाए गए हैं, उन सभी को वापस लिया जाएगा। युद्ध में जो उसकी हानि हुई है, उसका मुआवजा दिया जाएगा और सबसे बड़ी बात होर्मुज पर उसका कंट्रोल बरकरार रहेगा। अब अमेरिका ईरान की इन शर्तों को कहां तक मानता है, वह दस अप्रैल को पाकिस्तान के शहर इस्लामाबाद में होने वाली दोनों पक्षों की बैठक के बाद ही इस सीजफायर की सफलता पर निर्भर करेगा। उम्मीद करनी चाहिए कि सबकुछ आगे सकारात्मक ही होगा, क्योंकि इसमें सभी का हित निहित है।

## सरकार अन्नदाताओं के साथ खड़ी



संकट की घड़ी में राज्य सरकार अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है, अधिकारी प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष और समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करें, जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि और अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार की देरी न हो, बीमा कंपनियों के साथ समन्वय बढ़ाते हुए फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण हो, अधिकारी किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करें, जिससे अधिकतम राहत सुनिश्चित हो सके, राज्य आपदा राहत कोष से जनपदों को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

**–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# सीजफायर नहीं कूटनीति की जीत का ऐलान

**मुस्लिम दुनिया में ईरान की इस स्थिति को एक प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है एक ऐसे देश के रूप में, जिसने दबाव के बावजूद झुकने के बजाय अपनी शर्तों पर बातचीत की। यह भावना भविष्य की राजनीति को भी प्रभावित कर सकती है और अंत में, सबसे बड़ी राहत आम दुनिया के लिए है।**



जंग सिर्फ बारूद और बमों से नहीं जीती जातीं, कई बार वे मेजों पर रखे कागजों, धीमी आवाजों और ठहरे हुए लहजों में जीती जाती हैं। हालिया अमेरिका-ईरान सीजफायर को अगर इसी नजर से देखें, तो यह सिर्फ एक युद्धविराम नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक ताकतों का एक नया बयान है एक ऐसा बयान जिसमें बंदूकें खामोश हैं, लेकिन संदेश बहुत तेज है। दुनिया का बदलता स्वरूप ही है यह सीजफायर ईरान की शर्तों पर हुआ है ना कमाल। यह बात यूं ही नहीं कही जा रही। जब ईरान अपने 10 बिंदुओं को चर्चा का आधार बना दे और अमेरिका के 15 प्रस्ताव पीछे छूट जाएं, तो यह सिर्फ कूटनीति नहीं, आत्मविश्वास का प्रदर्शन होता है। यह उस देश का संकेत है, जो खुद को अब सिर्फ रक्षात्मक भूमिका में नहीं, बल्कि निर्णायक स्थिति में देख रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम में एक दिलचस्प मोड़ पाकिस्तान की सक्रियता रही। लंबे समय से वैश्विक मंच पर सीमित होता दिख रहा पाकिस्तान अचानक इस कूटनीतिक खेल में एक उपयोगी किरदार बनकर उभरा। यह भूमिका छोटी नहीं है जब बड़े टकरावों को टालने में कोई देश पुल का काम करता है, तो उसका कद अपने आप बढ़ जाता है। यही वजह है कि उसके नेतृत्व को अब इस घटनाक्रम से राजनीतिक और रणनीतिक मजबूती मिलती दिख रही है। इसके उलट भारत की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। जो देश खुद को वैश्विक नेतृत्व के केंद्र में देखना चाहता था, वह इस पूरे घटनाक्रम में कहीं निर्णायक भूमिका में नहीं दिखा। कूटनीति में सिर्फ बयान देना काफी नहीं होता, समय पर हस्तक्षेप और प्रभावी उपस्थिति भी जरूरी होती है। यही वह जगह है, जहां संघियों के फादरलैंड भारत की अनुपस्थिति कई विश्लेषकों को खटक रही है। सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बना हुआ है। यह सिर्फ एक समुद्री रास्ता नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की धड़कन है। अगर यह खुला रहता है, तो दुनिया की अर्थव्यवस्था संतुलित रहती है और अगर इसमें बाधा आती है, तो तेल की कीमतों से लेकर महंगाई तक सब कुछ प्रभावित होता है। फिलहाल इस पर स्पष्टता नहीं है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि सीजफायर के बाद स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ेगी। इस पूरे प्रकरण में अमेरिका की भूमिका को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या यह सीजफायर एक रणनीतिक पीछे हटना है? क्या यह महज फेस सेविंग है? जब कोई महाशक्ति अपने प्रस्तावों से पीछे हटती दिखे और दूसरे पक्ष की शर्तों पर बातचीत को तैयार हो जाए, तो यह संकेत देता है कि हालात उसके पूरी तरह नियंत्रण में नहीं थे। इंसानियत का दुश्मन और मासूमों का कातिल इजराइल की छवि भी इस संघर्ष में प्रभावित हुई है। शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाने वाला देश अंततः शांति की ओर मुड़ता दिखा। वैश्विक स्तर पर यह धारणा बनी कि उसने टकराव को बढ़ावा दिया, लेकिन अंत में उसे पीछे हटना पड़ा। इससे उसकी अंतर्राष्ट्रीय स्थिति पर असर पड़ना स्वाभाविक है। मिडिल ईस्ट की राजनीति में इसका असर और गहरा होगा। ईरान का कद बढ़ना तय है। जो देश लंबे समय से प्रतिबंधों और दबावों में घिरा था, वही अब बातचीत की शर्तें तय करता दिख रहा है। इससे क्षेत्रीय संतुलन बदल सकता है। खाड़ी देशों के लिए भी यह संकेत है कि वे अपनी कूटनीतिक रणनीति को नए सिरे से परखें। इस घटनाक्रम का एक सामाजिक और भावनात्मक पहलू भी है। मुस्लिम दुनिया में ईरान की इस स्थिति को एक प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है एक ऐसे देश के रूप में, जिसने दबाव के बावजूद झुकने के बजाय अपनी शर्तों पर बातचीत की। यह भावना भविष्य की राजनीति को भी प्रभावित कर सकती है और अंत में, सबसे बड़ी राहत आम दुनिया के लिए है। युद्ध की आशंका कम होना, तेल बाजार का स्थिर होना, और वैश्विक अर्थव्यवस्था का संतुलन ए सब ऐसे पहलू हैं जो सीधे आम आदमी की जिंदगी से जुड़े हैं। जब जंग रुकती है, तो सिर्फ सीमाओं पर सन्नाटा नहीं आता, बल्कि बाजारों में स्थिरता और घरों में सुकून भी लौटता है। यह सीजफायर इसलिए खास है क्योंकि यह हमें बताता है कि दुनिया बदल रही है। अब ताकत सिर्फ सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि कूटनीतिक समझ, धैर्य और सही समय पर सही चाल चलने की क्षमता से तय होती है। जंग की इस बिसात पर जिसने चाल समझ ली, वही असली खिलाड़ी बनकर उभरा।

# 'बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले...'






**एम. अहसान**

दुनिया की सियासत में कुछ पल ऐसे आते हैं, जब गोलियों की आवाज से ज्यादा गूंज कूटनीति की खामोशी की होती है। आज वही दौर है। ईरान ने यह दिखाया है कि युद्ध केवल बारूद से नहीं, बल्कि दिमाग और धैर्य से भी लड़ा जाता है कैसे रूस और चीन के करीब गया और देखते ही देखते यहां तक का सफर तय कर लिया संघर्ष किया पाबंदियां झेली, लेकिन हारा नहीं लड़ा संघियों के फादरलैंड का ऐसा रूप सामने आया कि पूरी हवा हवाई हो गई कि इजराइल इतनी बड़ी ताकत है कि 32 दांतों के बीच में रहता है परिंदा भी पर नहीं मार सकता अब सबको पता चल गया है कि फादरलैंड कोई ताकत नहीं था और ना है।

खैर जब सामने डोनाल्ड ट्रंप जैसे आक्रामक तेवर वाला नेता हों, तब यह लड़ाई और भी पेचीदा हो जाती है। एक सीधी रेखा में कहें तो ईरान ने अपनी कमजोरी को हथियार बनाया है। यह वही मुल्क है, जिस पर दशकों से प्रतिबंधों की मार है, जिसकी अर्थव्यवस्था को बार-बार घुटनों पर लाने की कोशिश की गई। लेकिन इस बार कहानी कुछ अलग है। ईरान ने यह साबित किया कि हारती हुई बाजी को पलटने के लिए सिर्फ ताकत नहीं, इरादा और रणनीति चाहिए।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प मोड़ यह है कि युद्ध का स्वरूप बदल गया है। ऊपर से यह टकराव सैन्य दिखता है, लेकिन भीतर ही भीतर यह एक बड़े सिस्टम को चुनौती देने का प्रयास है। ऊर्जा के रास्ते, पेट्रोल-गैस की सप्लाई, सेमीकंडक्टर्स की राजनीति, दवाइयों और फाइनेंस के नेटवर्क सब इस शतरंज के मोहरे बन चुके हैं। यह वही जगह है जहां असली खेल खेला जा रहा है। ईरान ने एक और चाल चली उसने सीधे संयुक्त राज्य अमेरिका से संवाद कर, इजराइल को इस समीकरण से अलग करने की कोशिश की। यह चाल साधारण नहीं है। यह बताती है कि ईरान अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, बल्कि खेल की दिशा तय करने की कोशिश कर रहा है।

क्षेत्रीय देश अब दर्शक नहीं, खिलाड़ी बन रहे हैं। इस पूरी तस्वीर में रुस और चीन की मौजूदगी भी कम अहम नहीं है। वह इस शतरंज के दूसरे छोर पर बैठे है सीधे मैदान में नहीं, लेकिन हर चाल पर उनकी नजर है बल्कि अगर मैं यह कहूं कि यह सब रुस की स्ट्रैटजी थी या है और वह उसमें कामयाब हो गया है उसने पहले यूक्रेन में पूरे यूरोप के थकाया अब यहां लाकर चित कर दिया है व्लादिमीर पुतिन बहुत तेजतर्रार नेता माने जाते हैं उन्होंने यह साबित भी किया है। अगर यह समीकरण आगे बढ़ता है, तो दुनिया एक नई मल्टीपोलर व्यवस्था की ओर बढ़ सकती है, जहां एकध्रुवीय प्रभुत्व का दौर कमजोर पड़ेगा बल्कि खत्म हो गया है।

अब सवाल उठता है इस बदलती दुनिया में भारत कहां खड़ा है? भारत के पास इस वक्त एक ऐतिहासिक अवसर है। ईरान का बाजार, उसकी ऊर्जा जरूरतें, उसका भौगोलिक महत्व यह सब भारत के लिए सोने की खान बन सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि हम अपनी विदेश नीति को भावनाओं से या फादरलैंड से नहीं, हितों से चलाएं।

आज भारत की नीति पर एक सवाल बार-बार उठता है क्या हम अत्यधिक रूप से एक ध्रुव पर झुक रहे हैं, लेकिन साथ ही यह धारणा भी बनी है कि हम इजराइल और अमेरिका पर जरूरत से ज्यादा निर्भर होते जा रहे हैं या हो गए हैं ऐसी क्या मजबूरी है एप्सटीन फाईल में क्या छुपा है जिसे रोकने को यह सब किया जा रहा है। सियासत में रिश्ते स्थाई नहीं होते, हित स्थाई होते हैं। सत्ता का सच वही है, जो जनता के हित में खड़ा हो। आज वही कसौटी है।

क्या भारत अपने हितों को प्राथमिकता देगा, या वैश्विक दबावों के आगे झुका रहेगा? ईरान ने दिखाया है कि साहस केवल युद्ध के मैदान में नहीं, फैसलों में होता है। उसकी जनता ने प्रतिबंधों के बावजूद जो धैर्य दिखाया, वह अपने आप में मिसाल है। कोई और देश होता, तो शायद अब तक टूट चुका होता, लेकिन ईरान ने अपने भीतर की आग को जिंदा रखा। भारत को यहां से सीखने की जरूरत है डर कर नहीं, सोच कर चलने की। एक फोन कॉल से नीतियां नहीं बदलनी चाहिए, और न ही किसी फाइल या दबाव के चलते अरबों-खरबों के फैसले लेने चाहिए। राष्ट्रीय हित किसी भी व्यक्तिगत या राजनीतिक हित से ऊपर होता है संघियों की फादरलैंड से मोहब्बत बहुत नुकसान कर गई है जिसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और आगे भी पड़ सकता है। अगर भारत इस मौके को पहचान ले, तो आने वाला दशक उसका हो सकता है। ईरान के साथ आर्थिक रिश्ते, क्षेत्रीय संतुलन में भूमिका, और एक स्वतंत्र विदेश नीति यह सब भारत को नई ऊंचाई दे सकते हैं। लेकिन अगर हम चूक गए, तो इतिहास फिर वही सवाल पूछेगा जब दुनिया बदल रही थी, तब भारत क्या कर रहा था? जवाब होगा फादरलैंड की जी हुजूरी में लगा था यह वक्त है, जब दिल्ली को तय करना है कि वह शतरंज का खिलाड़ी बनेगी या सिर्फ मोहरा बनी रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एक छोटे से पौधे के साथ जीव विज्ञान में चहलकदमी

एरेबिडॉप्सिस थेलियाना को वनस्पति विज्ञान में वही स्थान हासिल है जो जंतु विज्ञान में ड्रॉसोफिला मेलानोगैस्टर (फल मक्खी) और सेनोरेब्डाइटिस एलेगेंस (गोल कृमि) को दिया गया है। तीनों ही प्रमुख मॉडल जीव हैं। जीव विज्ञान अनुसंधान के सेलिब्रिटी हैं। एरेबिडॉप्सिस थेलियाना एक द्विबीजपत्री पौधा है जिसे थेल क्रेस (thale cress) और माउस ईयर क्रेस (mouse ear cress) भी कहते हैं। सरसों कुल ब्रेसीकेसी का यह पौधा यूरेशिया और अफ्रीका का मूल निवासी है। भारत में यह उत्तर भारत में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। आप जब नर्सरी से पौधे खरीद कर लाते हैं तो साथ में यह भी चला आता है। यहां हम इसी पौधे के बहाने जीव विज्ञान के विभिन्न पड़ावों की सैर करेंगे।

**रूप-रंग और आकार**

एरेबिडॉप्सिस थेलियाना एक छोटा शाकीय वार्षिक पौधा है जो आम तौर पर 15 से 30 सेंटीमीटर लंबा हो सकता है। पौधे के आधार पर पत्तियां एक गुच्छे (रोजेट) के रूप में जमी होती हैं, जबकि ऊपरी तने पर थोड़ी संख्या में होती हैं। जीव विज्ञान अनुसंधान में इस पौधे के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सन 1964 में ही एरेबिडॉप्सिस सूचना सेवा नामक एक समाचार पत्र शुरू किया जा चुका था। एक और बात जिन शोध पत्रों के शीर्षक, एब्स्ट्रेक्ट या प्रमुख शब्दों की सूची में एरेबिडॉप्सिस थैलियाना का नाम आता है उनकी संख्या 54,000 से ज्यादा है और यह साल 1975 से 2015 का आंकड़ा है। यानी प्रति वर्ष इस पौधे पर लगभग 1000 शोध पत्र प्रकाशित होते रहे हैं। तो अब तक कुल शोध पत्रों की संख्या 65,000 पार कर गई होगी।

**कुछ खास बातें**

इसका जीनोम छोटे आकार का है और द्विगुणित होने के कारण यह आनुवंशिक मैपिंग और जीनों के अनुक्रमण को जानने समझने के लिए उपयोगी है। द्विगुणित (डिप्लॉइड) का मतलब है कि इसमें प्रत्येक गुणसूत्र जोड़ों में पाया जाता है। अधिकांश पौधों में गुणसूत्रों की कई प्रतियां होती हैं। एरेबिडॉप्सिस में केवल पांच गुणसूत्र डिप्लॉइड संख्या 10 और लगभग 13.5 करोड़ क्षार जोड़ियां पाई जाती हैं। लंबे समय तक इसके जीनोम को सबसे छोटा जीनोम माना गया था परंतु अब एक मांसाहारी पौधे जेनेलिया ट्यूबरोसिया (जीनोम में लगभग 6.1 करोड़ क्षार जोड़ियां) ने इसका स्थान ले लिया है। सन 2000 में यह वह पहला पौधा बन गया जिसके पूरे जीनोम (27,407 जीनों) का अनुक्रमण किया गया था। अंतरिक्ष यात्रा करने वाला भी यह पहला पौधा था, 1982 में सोवियत सेल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों ने इसे उगाया था और बीज प्राप्त किए थे। इस तरह से यह शून्य गुरुत्व की परिस्थिति में फलने-फूलने वाला पौधा बन गया था और तो और पादप विज्ञान का यह मॉडल पौधा 2019 में चांग ई-4 लैंडर के साथ चांद की सैर भी कर चुका है। एरेबिडॉप्सिस को सबसे पहले 1943 में एक जर्मन वैज्ञानिक फ्रेडरिक लायबैक (Friedrich Laibach) ने आनुवंशिकी अध्ययन के लिए एक मॉडल जीव के रूप में प्रस्तावित किया था। अलबत्ता, मॉडल जीव के



रूप में इसके उपयोग को पूर्णतः स्थापित करने का काम मिसौरी विश्वविद्यालय के जॉर्ज रिडे (George Redei) के शोध की बदौलत हुआ। 1965 में एरेबिडॉप्सिस को लेकर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जर्मनी के गॉटिंजेन मे आयोजित हुआ था लेकिन इसे एक मॉडल जीव के रूप में मान्यता 1980 के दशक में मिली। यह पौधा विकास और शारीरिकी की जटिलताओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

**छोटा जीवनचक्र**

एरेबिडॉप्सिस का जीवनचक्र बहुत ही छोटा है – बीज अंकुरण से लेकर फिर से बीज बनने तक लगभग 6 सप्ताह में इसका जीवनचक्र पूरा हो जाता है। प्रयोगशाला की नियंत्रित परिस्थितियों में इसे उगाना आसान है, इसके लिए बहुत ज्यादा जगह या संसाधनों की जरूरत नहीं पड़ती। प्रत्एक पौधे में हजारों बीज बनते हैं। इसके कई उत्परिवर्ती संस्करण ज्ञात हैं और क्रिस्पर कास-9 जैसी उन्नत विधियों की उपलब्धता के चलते जीन्स के कार्य और परस्पर क्रिया का अध्ययन करने के लिए यह एक आदर्श पौधा है, चूंकि यह एक स्व-परागित पौधा है, अतः आनुवंशिक स्थिरता को बनाए रखने और प्रकट लक्षणों को देखने में भी यह मददगार होता है।

**परिवर्धन**

वैसे तो पादप परिवर्धन का अध्ययन सदियों से होता आया है लेकिन आज हम कोशिकाओं के विभेदन, पैटर्न निर्माण, कोशिका विभाजन के नियंत्रण तथा पर्यावरण व पौधों के परिवर्धन के सम्बंध में जो कुछ जानते हैं, वह एरेबिडॉप्सिस पर किए गए प्रयोगों की बदौलत है। इसकी मदद से पादप विकास के नए-नए मार्ग और कारक पहचाने गए हैं। उदाहरण के लिए, लघु-आरएनए और उनके लक्षित जीन्स के बीच सम्बंधों के आधार पर यह पहचाना गया कि सूक्ष्म-आरएनए (m-RNA) परिवर्धन के कई स्थान सम्बंधी तथा समयगत पहलुओं का नियमन करते हैं।

**फूलों का विकास**

एरेबिडॉप्सिस अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण योगदान फूलों के विकास के एबीसी मॉडल को समझने में रहा है। एबीसी मॉडल को 1990 के दशक में जॉन बोमैन, डेविड स्माइथ और एलियट मेयरोविट्ज (John Bowman] David Smyth] Elliot Meyerowitz) ने प्रस्तावित किया था। इसके अनुसार तीन वर्गों के जीन्स (ए, बी और सी) फूलों के विभिन्न अंगों (अंखुड़ियां, पंखुड़ियां, पुंकेसर और बीजांड कोश) के निर्माण का नियंत्रण करते हैं। इनमें से 'ए' वर्ग के जीन्स का कार्य केवल अंखुड़ियों का निर्माण करना है, जबकि 'ए' और 'बी' वर्ग के जीन्स मिलकर पंखुड़ियां बनाते हैं। 'बी' और 'सी' वर्ग के जीन मिलकर पुंकेसर को पहचान देते हैं तथा 'सी' वर्ग का कार्य स्त्रीकेसर (जिसमें अंडाशय, वर्तिका और वर्तिकाग्र होते हैं) का निर्माण करना है।

शोधकर्ताओं ने एरेबिडॉप्सिस में अलग-अलग जीन वर्गों को निष्क्रिय करके असर देखे। फूलों के विकास का 'एबीसी' मॉडल एरेबिडॉप्सिस तथा एंटीराइनम मैजस (Antirrhinum majus) में एबीसी जीन के क्लोनिंग का परिणाम है। इसकी मदद से यह स्पष्ट हुआ कि अंगों में विभेदन का नियंत्रण ट्रांसक्रिप्शन (डीएनए से प्रोटीन संश्लेषण का एक चरण जिसमें डीएनए से आरएनए बनता है) के जरिए होता है और ऐसे ही कई कारकों के मिले-जुले प्रभाव से कोशिकीय विभेदन होता है। 2013 में एरेबिडॉप्सिस पर किए गए प्रयोगों से यह पता चला था कि पंखुड़ियों की शुरुआत ऑक्सिन की वजह से होती है।

**प्रकाश-ग्राहियों की खोज**

एरेबिडॉप्सिस पर किए गए अनुसंधान से क्रिप्टोक्रोम्स की खोज हुई। क्रिप्टोक्रोम्स, दरअसल, नीले प्रकाश के ग्राही होते हैं और पौधों की वृद्धि तथा विकास को नियंत्रित करते हैं।

**–स्रोत फीचर्स**

